सूर्योदय 5:20 सूर्यास्त 7:17

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14 न्यू | 26 अधि |
| धर्मशाला | 24 न्यू | 31 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,721 |
| निफ्टी | 24,853 |
| सोना | 95,471 |
| चांदी | 96,909 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




कांग्रेस ने नेताओं के भ्रष्टाचार को दबाने के लिए ली विमल नेगी की कुर्बानी

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 26 मई 2025 | 13 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 147, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## आज का मैच




पंजाब vs मुंबई

समय: रात 7:30 बजे (जयपुर)

## न्यूज शॉर्ट्स

### कोरोना को लेकर हिमाचल में अलर्ट

**शिमला।** देशभर में कोरोना के मामले आने के बाद प्रदेश सरकार ने हिमाचल में भी अलर्ट जारी किया है। मेडिकल कॉलेजों सहित जिला अस्पतालों को निकट भविष्य में कोविड-19 और इन्फ्लूएंजा के मामले को रोकने के लिए कड़ी निगरानी और उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। अस्पतालों में बिस्तर, ऑक्सीजन आपूर्ति, वेंटिलेटर, बीआईपीएपी मशीन, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, पीएसए संयंत्र, एंटीबायोटिक्स, आवश्यक दवाएं सहित अस्पताल के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इस बाबत हिमाचल नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) की ओर से गाइडलाइन जारी की गई है। (अनंत ज्ञान)

### एसएसपी गांधी को किया जाए निलंबित

**शिमला।** प्रदेश के डीजीपी अतुल वर्मा ने जिला शिमला के एसएसपी संजीव गांधी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की मांग की है। उन्होंने गांधी द्वारा लगाए गए आरोपों के जवाब में कदाचार और अवज्ञा का हवाला दिया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) को लिखे पत्र में डीजीपी वर्मा ने एसएसपी गांधी पर खुद, एक पूर्व डीजीपी और राज्य के मुख्य सचिव सहित वरिष्ठ सरकारी और संवैधानिक अधिकारियों के खिलाफ निराधार और अनुचित आरोप लगाने का आरोप लगाया है। शनिवार को एसएसपी की विवादास्पद मीडिया बातचीत का वीडियो फुटेज भी दिया है। डीजीपी ने यह मांग एसएसपी गांधी द्वारा एक दिन पहले सार्वजनिक रूप से लगाए गए आरोपों के बाद की गई है, जिसमें उन्होंने डीजीपी कार्यालय द्वारा विमल नेगी की रहस्यमय मौत की जांच में बाधा डालने का आरोप लगाया था। (अनंत ज्ञान)

### विराट-अनुष्का ने किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या।** विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने रविवार सुबह अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। दोनों गर्भगृह में करीब 10 मिनट रहे। मंदिर के सीओ आशुतोष तिवारी ने बताया- विराट और अनुष्का को प्रोटोकॉल के तहत अंदर ले जाया गया। वरिष्ठ पुजारी संतोष तिवारी ने रामनामी पहनाकर उनका अभिनंदन किया। रामलला के दर्शन करके दोनों करीब 8 बजे हनुमानगढ़ी पहुंचे। विराट ने सवा किलो लड्डू और फूलों की माला चढ़ाई। पुजारी ने उन्हें सफेद और लाल रंग के फूलों की दो मालाएं पहनाईं व सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- बीज बैंक में मौजूद हैं कई फसलों के प्राचीन देसी बीज -पेज 2
- मोटर मार्केट शिफ्ट करने में लाई जाएगी तेजी: विक्रमादित्य -पेज 6
- सुक्खू सरकार कामगारों के बच्चों में जगा रही शिक्षा का उजाला -पेज 9
- मोहब्बत के रिश्तों की आड़ में जिस्म से खेल -पेज 10
- सोलन अस्पताल में बायोमेट्रिक से नहीं लग रही हाजिरी -पेज 12

# जापान को पछाड़कर भारत बना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

## अब अमेरिका, चीन और जर्मनी ही आगे, 2028 तक जर्मनी को पछाड़ तीसरे स्थान पर पहुंचेगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**


भारत आधिकारिक तौर पर जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के आंकड़ों का हवाला देते हुए सुब्रह्मण्यम ने कहा, 'हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं। आज भारत जापान से बड़ा है। अब केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी ही भारत से बड़े हैं।' नीति आयोग के सीईओ ने यह भी कहा कि अगर हम अपनी योजना और सोच-विचार पर टिके रहे, तो करीब 3 साल में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### भारत में तेजी से विकास करने की क्षमता

**सुब्रह्मण्यम** ने कहा, 'भारत एक ऐसे चरण में है, जहां यह बहुत तेजी से विकास कर सकता है, जैसा कि अतीत में कई देशों ने किया है। भारत को अगले 20 से 25 वर्षों के लिए जनसांख्यिकीय लाभांश का वरदान मिला है, जिससे हम तेजी से विकास कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से अपने स्तर पर विजन दस्तावेज तैयार करने का आह्वान किया है। इसमें भारत के विकास का खाका पहले से ही दिख रहा है। नीति आयोग के प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम ने राज्यों से विकसित भारत का आह्वान इसलिए किया है, क्योंकि यह एक लंबी यात्रा है। भारत में अपनी युवा आबादी के जरिए आने वाले कुछ सालों में तेजी से विकास करने की क्षमता है।

### दिखेंगे ये असर

- विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा होंगे
- इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार होगा
- उपभोक्ता वस्तुओं और सेवाओं की मांग बढ़ेगी




# हिमाचल सचिवालय को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

## सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई, बम डिस्पोजल-डॉग स्क्वायड ने चलाया सर्च ऑपरेशन

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सचिवालय को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी ने पूरे राज्य में हड़कंप मचा दिया है। संवेदनशील सरकारी प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की यह लगातार दूसरी धमकी सुरक्षा व्यवस्था पर कई गंभीर सवाल खड़ी करती है और आला अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने को मजबूर करती है।

जानकारी मिली है कि रविवार दोपहर बाद दो बजे के आसपास राज्य सचिवालय को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली। मुख्य सचिव कार्यालय को ई-मेल के माध्यम से यह धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ। सूचना मिलते ही पूरा प्रशासनिक अमला तुरंत हरकत में आया और धमकी मिलने के बाद बम डिस्पोजल स्क्वायड और डॉग स्क्वायड को मौके पर बुलाया गया। दोनों टीमों ने मिलकर सचिवालय परिसर में गहन तलाशी अभियान छेड़ा, मगर समाचार लिखे जाने तक किसी भी तरह की अप्रिय वस्तु बरामद नहीं हुई थी। रविवार की छुट्टी के कारण सचिवालय में कर्मचारियों की उपस्थिति नहीं थी, फिर भी सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल को परिसर में तैनात किया गया है। पूरे क्षेत्र में कड़ी निगरानी जारी है। प्रशासन ने धमकी भरे ई-मेल को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। जांच एजेंसियां धमकी भरे ई-मेल के स्रोत का पता लगाने में जुटी हैं, जिसका अभी तक कोई भी पता नहीं चल पाया है।

वहीं, प्रदेश सचिवालय में रविवार की छुट्टी होने से किसी भी बड़े अधिकारी से संपर्क नहीं हो पाया, मगर मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की तरफ से एक बयान आया कि वह शिमला से बाहर है, जिसके कारण उन्हें पूरी जानकारी नहीं है, लेकिन उन्हें प्रदेश सीआईडी से जानकारी मिली है कि उनके दफ्तर को पहले की तरह ही धमकी भरा मेल प्राप्त हुआ है, जिसमें पहले की भांति लैंग्वेज का इस्तेमाल कर धमकी दी गई है और प्रदेश सचिवालय को बम से उड़ाने की बात कही गई है। ई-मेल मिलने के बाद सुरक्षा के तहत आवश्यक कदम उठाए गए हैं।



तलाशी लेता बम डिस्पोजल स्क्वायड।

- रविवार को मुख्य सचिव कार्यालय को मिली है धमकी भरी ई-मेल
- बार-बार धमकी मिलने से सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

### इसी साल अप्रैल में भी मिली थी धमकी

**गौरतलब** है कि इससे पहले भी राज्य सचिवालय को इस तरह की धमकी मिल चुकी है। विगत अप्रैल माह में सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, उस समय भी बम स्क्वायड और डॉग स्क्वायड ने पूरा परिसर खंगाला था, लेकिन कोई भी अप्रिय वस्तु नहीं मिली थी। अब एक माह बाद फिर से ऐसी धमकी मिलना सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक नई चुनौती पेश कर रही है।

### डीसी ऑफिसों को उड़ाने की धमकी भी मिल चुकी

**हमीरपुर,** मंडी, चंबा और कुल्लू के उपायुक्त कार्यालयों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। इन सभी मामलों में ई-मेल या पत्र के जरिए धमकी दी गई, मगर गहन तलाशी अभियान के बाद पुलिस बल व सुरक्षा एजेंसियों को कुछ नहीं मिला।

### मन की बात के 122वें एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी बोले–

# ऑपरेशन सिंदूर एक सैन्य मिशन नहीं, बदलते भारत की तस्वीर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो शो 'मन की बात' के 122वें एपिसोड के तहत देश को संबोधित किया। एपिसोड की शुरुआत में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। इस तस्वीर ने पूरे देश को देश-भक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है।

पीएम ने भारतीय सेना के पराक्रम की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत की सेना ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा प्रहार किया। इसके साथ ही उन्होंने उन आतंकी ठिकानों की तस्वीरें भी दिखाई, जिन्हें भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नष्ट किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के कई शहरों गावों, छोटे-छोटे कस्बों में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना, उसके प्रति वंदन-अभिनंदन करने निकल पड़े। कितने ही शहरों में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर बनने के लिए बड़ी संख्या में युवा एकजुट हो गए। (अनंत ज्ञान)

### सेना ने हर भारतीय का सिर ऊंचा किया



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है।

### लोगों में देशभक्ति की भावना जगाई

**पीएम** ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। बिहार के कटिहार में, यूपी के कुशीनगर और अन्य कई शहरों में उस दौरान जन्म लेने वाले बच्चों का नाम सिंदूर रखा गया है।

## बिलासपुर में तलाशी को लेकर कैदियों का हंगामा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला मुक्त कारागार जबली में रविवार को कैदियों और जेल प्रशासन के बीच तलाशी प्रक्रिया को लेकर तनाव का माहौल बन गया। तलाशी के विरोध में कैदियों ने हंगामा कर दिया और खाना न खाने की चेतावनी दी। हालांकि, काफी बातचीत के बाद मामला दोपहर तक शांत कर लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिलासपुर जेल में इस समय करीब 160 कैदी बंद हैं। जेल प्रशासन की ओर से समय-समय पर जेल परिसर में तलाशी अभियान चलाया जाता है, ताकि किसी भी तरह की अवांछित वस्तु अंदर न पहुंचे। रविवार को जब यह तलाशी अभियान शुरू हुआ तो कुछ कैदियों ने इसका विरोध किया।

## आतंक के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति : अनुराग

**एजेंसी, नई दिल्ली**



हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने आतंकवाद के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के उद्देश्य से कतर की राजधानी दोहा में विभिन्न आधिकारिक बैठकों में भारत का पक्ष रखा। वह रविवार को सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के ग्रुप-7 सांसदों के साथ दोहा पहुंचे हैं। कतर में विभिन्न बैठकों में भारत का पक्ष रखते हुए अनुराग ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने एक योजना के तहत भारतीय नागरिकों का धर्म पूछकर उनकी हत्या करने का जघन्य अपराध किया। हमने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान में आतंकियों के कैंपों को नष्ट किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ कर दिया है कि टेररिज्म, टॉक और ट्रेड एक साथ नहीं चल सकते। भारत पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। भारत अब किसी भी परमाणु धमकी से डरने वाला नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव 19 जून को

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव का ऐलान कर दिया है। उपचुनाव के लिए मतदान की तारीख 19 जून तय की गई है। नतीजे 23 जून को आएंगे। भारतीय निर्वाचन आयोग ने गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल के 5 विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपचुनाव की तिथि घोषित कर दी है। सभी पांच सीटें इस्तीफे या निधन की वजह से खाली हो गईं थी।

जिन सीटों पर चुनाव होने हैं, उनमें गुजरात की कादी और विसावदर विधानसभा सीट शामिल हैं। ऐसे ही केरल की नीलांबुर, पंजाब की लुधियाना और पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट शामिल है। (अनंत ज्ञान)



- 23 जून को नतीजे

### 25 जून से पहले पूरी की जानी है चुनावी प्रक्रिया

**चुनाव** आयोग के मुताबिक, जिन पांच सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उनके लिए अधिसूचना आज यानी 26 मई को जारी की जाएगी। नामांकन की आखिरी तारीख 2 जून है। नामांकन की जांच 3 जून को की जाएगी। उम्मीदवारों के पास अपने नाम वापस लेने का मौका 5 जून तक मिलेगा। इन सीटों पर सभी चुनावी प्रक्रिया 25 जून से पहले पूरी की जानी है।

# लालू यादव ने अपने बेटे तेज प्रताप को पार्टी से निकाला

**एजेंसी, पटना।** पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के विधायक तेज प्रताप यादव को राष्ट्रीय जनता दल से निकाल दिया गया। राजद सुप्रीमो और तेज प्रताप के पिता लालू यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह एलान किया। उन्होंने तेज प्रताप को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने लिखा, 'निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से हमारी पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है। मैं लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं।' (अनंत ज्ञान)



# हिमाचल में बारिश से सुहावना हुआ मौसम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में रविवार को मिला-जुला मौसम देखने को मिला, जहां कुछ स्थानों पर बादलों का डेरा रहा, तो वहीं कुछ जगहों पर हल्की धूप भी निकली। राजधानी शिमला में अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नमी के कारण महसूस होने वाला तापमान थोड़ा कम रहा, जिससे मौसम सुहावना बना रहा। दिनभर शिमला में ज्यादातर समय बादल छाए रहे, जिससे धूप की तीव्रता कम रही। शिमला में उत्तर-पूर्व दिशा से 6 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चली। इसके अलावा प्रदेश के अन्य भागों में भी रविवार को मौसम में कुछ बदलाव देखे गए। निचले इलाकों में हल्की गर्मी महसूस की गई, जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तापमान सामान्य से थोड़ा कम रहा। हालांकि, सोमवार को पूरे राज्य के लिए बारिश की कोई बड़ी चेतावनी जारी नहीं की गई थी, लेकिन कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी या गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

- आज कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के आसार

# रूस ने अमेरिकी हाइपरसोनिक मिसाइल की तकनीक चुराई : ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस पर अमेरिका की हाइपरसोनिक मिसाइल टेक्नोलॉजी को चुराने का आरोप लगाया। ट्रंप ने कहा कि हाइपरसोनिक तकनीक को हमने डिजाइन किया है। उन्होंने दावा किया कि ओबामा के राष्ट्रपति रहते रूस ने इस चोरी को अंजाम दिया। ट्रंप शनिवार को मिलिट्री अकादमी, वेस्ट पॉइंट के दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने अकादमी से पासआउट हुए 1000 कैडेट को संबोधित भी किया। लाल टोपी पहने हुए ट्रंप ने कहा, मेरे सामने मैदान में मौजूद हर कैडेट को आज की सुबह का आनंद लेना चाहिए, क्योंकि यह एक ऐसा दिन है जिसे आप कभी नहीं भूलेंगे। थोड़ी देर बाद आप मानव इतिहास की सबसे प्रतिष्ठित सैन्य अकादमी से पासआउट होंगे और दुनिया की अब तक की सबसे महान और सबसे शक्तिशाली सेना में अधिकारी बनेंगे। इस दौरान ट्रंप ने यह भी बताया कि 8 कैडेट्स ने हाइपरसोनिक मिसाइल को बनाने का चैलेंज लिया है, जिनका इस्तेमाल अमेरिका कर सकता है। ट्रंप ने सेना में ट्रांसजेंडर की भर्ती पर लगाए गए बैन को सही ठहराते हुए बचाव भी किया। (अनंत ज्ञान)




- सेना में ट्रांसजेंडर्स की भर्ती बैन करने को सही ठहराया

**सौगात** गिरिराज ने व्याड़ा में किया बायोफर्टिलाइजर उत्पादन इकाई का उद्घाटन

# अब पंचरुखी में बनेगी जैविक खाद

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर में अपने दो दिवसीय दौरे के तहत पंचरुखी ब्लॉक के व्याड़ा गांव में बायोफर्टिलाइजर उत्पादन इकाई, 'बीओबी ऑर्गेनिक्स' का उद्घाटन किया। मंत्री ने किसानों से बातचीत की और उन्हें सीएसआईआर-आईएचबीटी में उपलब्ध विशेषज्ञता का पूर्ण उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।


उन्होंने कहा कि फ्लोरिकल्चर एक अच्छा विकल्प है, जो न केवल जैव-आर्थिकी को बढ़ावा देने की क्षमता रखता है, अपितु पर्यटन को भी प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने जैविक खेती को अपनाने पर भी विशेष रूप से बल दिया।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एक किसान एवं उद्योग स्टार्टअप बैठक में भाग लिया। उन्होंने संस्थान द्वारा नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री ने संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का दौरा भी किया और वहां हो रहे कार्यों में विशेष रुचि दिखाई और संस्थान को अपनी शुभकामनाएं दीं। केंद्रीय मंत्री ने शनिवार को सीएसआई-आरआईएचबीटी पालमपुर का दौरा किया था।

निदेशक ने मंत्री को संस्थान में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया, जो कि विकसित भारत के लक्ष्य को केंद्र में रखते हुए ग्रामीण लोगों की आजीविका में सुधार ला रहे हैं। निदेशक डॉ. यादव ने विशेष रूप से सीएसआईआर अरोमा, फ्लोरीकल्चर और फाइटोफार्मास्युटिकल मिशन के ग्रामीणों की आजीविका पर उत्तम प्रभाव का उल्लेख किया। कार्यक्रम में निफ्ट कांगड़ा के निदेशक भी उपस्थित थे। उन्होंने बदलते समय में रचनात्मकता और डिजाइन थिंकिंग के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए।



बायोफर्टिलाइजर उत्पादन इकाई का निरीक्षण करते केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह।



## न्यूज ब्रीफ

### अनुराग ठाकुर के निजी सचिव के पिता का निधन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर के निजी सचिव अनुपम लखनपाल के पिता पुरुषोत्तम लखनपाल का रविवार प्रातः उनके निवास स्थान पर निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल, सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं व समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिवार को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

### इन्नरव्हील क्लब ने छात्रों को दिए स्कूल बैग

**अनंत ज्ञान, रंगस।** इन्नरव्हील क्लब ऑफ हमीरपुर के सदस्यों ने उपरला छल्ल स्थित राजकीय प्राइमरी स्कूल का दौरा किया। क्लब की अध्यक्ष डॉ. प्रतिमा ठाकुर ने बताया कि क्लब की ओर से सभी स्टूडेंटस को स्कूल बैग और चॉकलेट वितरित की गई। इस अवसर पर सचिव शिवानी शर्मा, लीला धीमान, शिवानी राणा, संगीता व वीना कहोल सहित स्कूल टीचर्स भी मौजूद थे।

### मीडिया कर्मियों ने दिया फिट रहने का संदेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** साई सेंटर हमीरपुर द्वारा फिट इंडिया के तहत मीडिया कर्मियों के लिए एक साइकिल रैली रविवार को अणू के सिंथेटिक ट्रैक में आयोजित करवाई गई। इसमें सभी मीडिया कर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लोगों को भी साइकिल चलाकर फिट रहने का संदेश दिया। बता दें कि फिट इंडिया अभियान के तहत साइकिल रैली भारत में शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा देने और स्वास्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के लिए समय-समय पर आयोजित की जाती है। यह रैली विशेष रूप से फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के रूप में जानी जाती है और इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित भी करना है, जो एक सस्ता, पर्यावरण के अनुकूल और सभी के लिए आसान व्यायाम भी है। मीडिया कर्मियों ने भी रैली के जरिए शपथ ली कि वे भी हफ्ते में एक दिन जरूर साइकिल चलाकर खुद को फिट रखेंगे और दूसरों को भी साइकिल चलाने के लिए प्रेरित करेंगे। साइकिल रैली में भाग लेने वाले मीडिया कर्मियों को आखिर में टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान साई सेंटर हमीरपुर का समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा।

### हॉकी प्रतियोगिता के लिए 55 खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** साई खेल परिसर हमीरपुर के मैदान में हॉकी हमीरपुर द्वारा जूनियर व सब-जूनियर हॉकी का ट्रायल लिया गया, जिसमें 55 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें 22 खिलाड़ी जूनियर वर्ग और 22 खिलाड़ी सब-जूनियर वर्ग के लिए चयनित हुए, जिनका कैंप लगाया जाएगा। कैंप से संभावित 18,18 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा जो कि 7 जून को नालागढ़ में होने वाली जूनियर व सब-जूनियर हॉकी की प्रदेश हॉकी प्रतियोगिता में हमीरपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयन समिति में चीफ सलेक्टर अनिल चंदेल, सलेक्टर सम्मी शर्मा, साई हॉकी कोच पिंकी चौहान, डीआईएसओ से कोच तवी, स्पोर्ट्स हॉस्टल नादौन से कुनाल शर्मा व हमीरपुर से पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रेम चंद विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### डीएसपी ने छात्रों को नशे से बचने के बताए उपाय



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगू में बच्चों को नशीले पदार्थों व दवाओं के दुरुपयोग के बारे में जागरूक करने के लिए पुलिस द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डीएसपी हरीश गुलेरिया जिला हमीरपुर ने नशीले पदार्थों व दवाओं के दुरुपयोग कार्यक्रम ड्रग फ्री एनवायरमेंट में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया तथा बच्चों से इस विषय पर महत्वपूर्ण जानकारियां व सुझाव प्रदान करके जागरूक किया गया। इस दौरान सभी बच्चों को अपने-अपने मोबाइल फोन में 112 ऐप तथा ड्रग फ्री हिमाचल ऐप को डाउनलोड करने तथा इसको कैसे उपयोग करना है, की जानकारी दी गई।

## पुराने बस स्टैंड में शॉपिंग कांप्लेक्स और अन्य गतिविधियों का केंद्र बनाने की चल रही कवायद

# नए बस स्टैंड के कार्य ने पकड़ी गति

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**



हमीरपुर का निर्माणाधीन नया बस स्टैंड, (दाएं) हमीरपुर का मौजूदा बस स्टैंड जिसका भी कायाकल्प होने वाला है।

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल हमीरपुर के नए बस अड्डे का काम गति पकड़ चुका है। इसकी तीन मंजिलें तेजी के साथ तैयार हो गई हैं, लेकिन खास बात यह है कि पुराने बस अड्डे का भी कायाकल्प होने वाला है। नए बस अड्डे के चालू होने के बाद पुराने बस अड्डे पर कुछ नया बनाने की प्रपोजल तैयार हो रही है। यहां एक शॉपिंग कांप्लेक्स भी बनेगा और इसके अलावा अन्य आधुनिक सुविधाओं का भी इसमें समावेश होगा। इस पर अंदरूनी तौर पर काम हो रहा है।

अब इंतजार केवल इस बात का हो रहा है कि नए बस अड्डे का निर्माण कब तक मकम्मल होता है और इसकी शिफ्टिंग कितनी जल्द होगी। गौरतलब यह है कि बस अड्डे के निर्माण में पैसे की कमी नहीं है और इस पर तकरीबन 70 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। 7 मंजिलों का इसमें प्रावधान किया गया है, जिसमें कई तरह की सुविधाएं होंगी। इसका निर्माण मकम्मल तौर पर शहर के अलग हिस्से में हो रहा है, जहां फॉरेस्ट का कवर्ड एरिया भी शामिल है। इस कारण निजी निर्माण की यहां कोई भी गुंजाइश नहीं है।

> नए बस स्टैंड का काम तो तेजी के साथ जारी है। पुराने की जगह क्या बनेगा? अभी कुछ कह नहीं सकते, लेकिन सरकार ने अंदरूनी तौर पर यदि कुछ सोचा है तो उसका अभी उन्हें पता नहीं है।
>
> -राजकुमार पाठक, डिविजनल मैनेजर हमीरपुर

लिहाजा बस अड्डे का अपना रूप-स्वरूप बनेगा, जिस आधुनिक तरीके से इसे बनाया जा रहा है। अब केवल इंतजार इस बात का हो रही है कि इसका काम यदि एक साल के भीतर मकम्मल हो गया तो लोगों को नए बस स्टैंड की सुविधा मिल जाएगी। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के ऊपरी इलाके में इसके निर्माण का ढांचा जमीनी स्तर से काफी ऊपर उठ चुका है।

### खोखाधारकों के लिए बनेंगी दुकानें

मौजूदा बस अड्डे के बाहर एक किनारे पर उन लोगों के लिए भी नई दुकानों का निर्माण होने वाला है, जो खोखाधारक थे और किन्हीं कारणों से छूट गए थे, लेकिन हम बात यह है कि मौजूदा बस अड्डे की जगह को शॉपिंग कांप्लेक्स में बदलने पर तैयारी चल रही है। इसमें क्या-क्या सुविधा होगी, इसका पता तो प्रपोजल तैयार होने के बाद ही चल पाएगा, लेकिन काम अंदरूनी तौर पर शुरू हो चुका है। कारण यह भी है कि बस स्टैंड तो एक ही स्थान पर रहेगा, इसलिए नया बस स्टैंड ही प्रमुख रहेगा। शहर के भीतर का मौजूदा बस अड्डा इतिहास बन जाएगा।

## झूठी अफवाहों को लेकर सरकार और बोर्ड के समक्ष उठाया मुद्दा

**जमा-2 के परीक्षा परिणाम को लेकर फहलाई जा रहीं अफवाएं : एसोसिएशन**

**संजीव, अनंत ज्ञान**

**भोटा।** शरारती तत्व जमा दो कक्षा के परीक्षा परिणाम को लेकर सोशल मीडिया में झूठी अफवाहें फैलाने में लगे हुए हैं। यह बात हिमाचल प्रदेश एफिलिएटिड पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं शिक्षा बोर्ड के मनोनीत सदस्य जगजीत सिंह ठाकुर ने भोटा में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही।

ठाकुर ने बताया कि चुवाड़ी में जमा-2 कक्षा का अंग्रेजी का पेपर लीक होने की वजह से यह पेपर रद्द कर दिया गया था। उसके बाद बोर्ड ने यह पेपर नए सिरे से लिया था। उन्होंने बताया कि शिक्षा बोर्ड में इस विषय की ओएमआर शीट की वजह से बच्चों को इंग्लिश के पेपर में कम अंक आए थे। उन्होंने आगे बताया कि इस समस्या को लेकर हिमाचल प्रदेश एफिलिएटिड पब्लिक स्कूल एसोसिएशन ने यह मुद्दा सरकार और शिक्षा बोर्ड के समक्ष उठाया था। उन्होंने बताया कि शिक्षा बोर्ड के अधिकारियों ने इस गलती को माना और इंग्लिश पेपर का रिव्यू करके पुनः इसका रिजल्ट घोषित किया। इस प्रक्रिया के बाद सभी बच्चों के मार्क्स बढ़े हैं और नए रिजल्ट में कई बच्चे जो फेल थे, पास हुए हैं। जगजीत ठाकुर ने बताया कि जो बच्चे इंग्लिश के पेपर में रिव्यू के बाद पास हुए हैं, वे बच्चे एक प्रतिशत ग्रेस मार्क्स के द्वारा दो अन्य विषयों में भी पास हो गए हैं।

ऐसे बच्चों की इंटरनल असेस्मेंट और प्रैक्टिकल के नंबर जुड़ने की वजह से उनके अंक अब ज्यादा हो गए हैं। जगजीत ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड ने नियमों के तहत रिजल्ट बनाया है। उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का धन्यवाद किया है। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रदेश कोषाध्यक्ष अनिल ठाकुर, स्टेट सचिव राजन कटोच व हमीरपुर जिले के अध्यक्ष देवराज वर्मा भी उपस्थित रहे।

## कला एवं खेल मंच ने सम्मानित किए मेधावी

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



कला एवं खेल मंच भोरंज के सदस्यों के साथ मेधावी छात्र।

भोरंज उपमंडल में कला एवं खेल मंच भोरंज द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम में दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में हिमाचल प्रदेश राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे सन स्काई होटल, बस्सी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंद्र राम (सेवानिवृत्त अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश) रहे, जिन्हें मंच के सदस्यों द्वारा सम्मानित भी किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा दी और कहा कि आज के मेधावी विद्यार्थी ही कल के सशक्त भारत की नींव हैं।

मंच के महासचिव अधिवक्ता दिनेश संधू ने बताया कि यह कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि मंच का उद्देश्य न केवल प्रतिभाओं को पहचान देना है, बल्कि उन्हें समाज के सामने एक प्रेरणा स्वरूप प्रस्तुत करना भी है। उन्होंने बताया कि मंच द्वारा पूर्व में सायर उत्सव, रक्तदान शिविर और बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन भी किया जा चुका है। इस कार्यक्रम में भोरंज क्षेत्र के कई विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, तथा छात्रों के माता-पिता भी उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों का भी मंच द्वारा विशेष सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच के सदस्यों ने छात्राओं एवं छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मंच ने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन जारी रहेंगे ताकि विद्यार्थियों में निरंतर प्रतिस्पर्धा एवं उत्कृष्टता की भावना बनी रहे।

इस मौके पर मंच के अध्यक्ष कुलदीप डोगरा, कैप्टन राकेश कुमार, संदीप कतना, पवन डोगरा, कुलदीप पटियाल, देवेंद्र सिंह ठाकुर, वीना देवी, देवराज, आकाश मुनिहाल, सुदेश ठाकुर, किशोर आजाद इत्यादि लोग मौजूद थे।

## भरोबड़ में चुन्नी लाल करवा रहे बिल्ल कलेश्वर महादेव प्रवेश द्वार का निर्माण

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

**बड़ा।** उपमंडल नादौन की फस्टे पंचायत के भरोबड़ में इसी पंचायत के स्थानीय निवासी एवं उक्त पंचायत के उपप्रधान चुन्नी लाल स्याल द्वारा अपनी जेब से पैसे खर्च करके एक भव्य गेट का निर्माण किया जा रहा है। इस भव्य गेट का निर्माण भरोबड़ से जो सड़क हमीरपुर जिले के. प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल बिल्ल कलेश्वर महादेव मंदिर को जाती है, उस पर किया जा रहा है।

चुन्नी लाल द्वारा किए जा रहे इस कार्य की सभी के द्वारा सराहना की जा रही है। चुन्नी लाल से विशेष बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि नादौन सुजानपुर सड़क पर भरोबड़ से जो सड़क पांडवों के इतिहास से जुड़े क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बिल्ल कलेश्वर महादेव मंदिर बटाहली को जाती है, उस धार्मिक स्थल के दर्शन करने जो लोग बाहर से आते हैं, वे प्राय: इस ऐतिहासिक मंदिर को जाने के लिए रास्ता भूल जाते हैं। उसी बात को ध्यान में रखते हुए उन्होंने इस स्थान बिल्ल क्लेश्वर महादेव मंदिर बटाहली नाम से प्रवेश द्वार बनाने का फैसला लिया है, ताकि बाहर से इस ऐतिहासिक मंदिर. में आने वाले श्रद्धालु बिना रास्ता भटके आसानी से पहुंच सकें।

चुन्नी लाल ने बताया कि इस प्रवेश द्वार के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग ने भी उन्हें स्वीकृति प्रदान कर दी है और वर्तमान समय में इस प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया हैं। अतिशीघ्र इस प्रवेश द्वार को भव्य रूप दिया जाएगा।

### समाजसेवा में रहते हैं आगे

गौरतलब है कि चुन्नी लाल स्याल ने दिल्ली दूरदर्शन में 40 वर्ष तक अपनी सेवाएं भारत सरकार को दी हैं एवं दूरदर्शन विभाग से वरिष्ठ टेक्निशियन पद से सेवानिवृत हुए हैं एवं अपने सेवा काल से लेकर वर्तमान समय में भी सामाजिक सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं।

## आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए सहयोग आवश्यक : भगत

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज थाना के जाहू व भोरंज में सामुदायिक पुलिय योजना के तहत बैठक का आयोजन किया गया। इसमें जिला पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। उन्होंने इस दौरान कहा कि पुलिस विभाग की मजबूती और आपराधिक घटनाओं को अंकुश लगाने के लिए समुदाय का सहयोग बहुत जरूरी है। इसके लिए पुलिस विभाग समुदाय के प्रमुख लोगों से बैठकें करके उनकी राय जानने का कार्य कर रही है। उन्होंने सदस्यों को नशीली दवाओं के आदी लोगों, तस्करों, डीलरों और अपने.-अपने क्षेत्रों में देखी गई किसी भी संदिग्ध या अवैध गतिविधि के बारे में विश्वसनीय जानकारी को पुलिस के साथ साझा करने का आहंवान किया। इस अवसर पर भोरंज थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर, जाहू पुलिस चौकी प्रभारी फिरोज अख्तर व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति को लेकर ग्रामीणों ने ली शपथ



भगेटू में नशा मुक्ति अभियान के तहत लोगों ने भांग उखाड़ो अभियान में हिस्सा लिया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के भगेटू गांव में रविवार को एक सराहनीय और प्रेरणादायक पहल के तहत 'भांग उखाड़ो अभियान' का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य गांव को नशे से मुक्त करना और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करना रहा। यह अभियान राजन चौक से सुबह प्रारंभ हुआ, जिसमें गांव के महिला मंडल, कृष्ण युवा मंडल भगेटू तथा समस्त ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

अभियान के तहत सड़क किनारे उगी हुई भांग को जड़ से साफ किया गया, जो नशे के रूप में उपयोग की जा सकती है। इस अभियान में कृतिका ठाकुर ने उपस्थित जनसमूह को नशा मुक्ति की सामूहिक शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति को, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बादी की ओर धकेलता है। यह एक धीमा जहर है, जिससे बचना ही एक सशक्त समाज की नींव है।

अभियान का शुभारंभ जनसेवक सुशील कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को नशा मुक्त गांव ही विकासशील गांव होता है। ऐसी सामूहिक पहलों से ही सामाजिक परिवर्तन संभव है। जन सेवक सुशील कुमार ने ग्रामीणों को नशा विरोधी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान को मात्र एक दिन का आयोजन न मानते हुए, इसे एक निरंतर चलने वाली सामाजिक क्रांति बनाने का संकल्प लिया। यह पहल न सिर्फ पर्यावरण को स्वच्छ बनाएगी, बल्कि नशा मुक्ति की यह लहर गांव-गांव तक पहुंचेगी और समाज को जागरूक करती रहेगी व आने वाली पीढ़ियों को भी नशे से दूर रहने की प्रेरणा देगी।

इस अवसर पर महिला मंडल भगेटू की प्रधान संता देवी, हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के संयोजक राजन कुमार, झिंझकरी गांव से वार्ड पंच जगदीश, युवा समाजसेवी राकेश कुमार, कृष्ण युवा मंडल भगेटू के सदस्य एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामवासी, महिलाएं, युवा वर्ग और बच्चे उपस्थित रहे।

## कांग्रेस का दोहरा चरित्र देश विरोधी मानसिकता को करता है उजागर : राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भावनात्मक बयान को हास्य का विषय बनाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि 'खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे' कहावत कांग्रेस पर पूरी तरह से चरितार्थ होती है। जिस प्रकार प्रधानमंत्री ने 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा' की नीति अपनाकर देश में भ्रष्टाचार पर नकेल कसी है, उससे आज भारत आत्मनिर्भर बनकर रक्षा क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है।



ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की सेना को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित किया गया है, जिससे हमारी सेना दुश्मन के घर में घुसकर कार्रवाई कर रही है। उत्तर प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर और बड़ोदरा में हल्के लड़ाकू विमान निर्माण इसकी जीवंत मिसाल हैं। कांग्रेस के नेताओं पर निशाना साधते हुए ठाकुर ने कहा कि जब भी देशहित में कोई कार्य होता है तो कांग्रेस श्रेय लेने का प्रयास करती है, लेकिन जैसे ही कोई निर्णय राष्ट्र हित में लिया जाता है, तो वही कांग्रेस प्रधानमंत्री को दोषी ठहराने लगती है। यह उनका दोगला चरित्र उजागर करता है।

उन्होंने कहा कि 'सिंदूर ऑपरेशन' देश की संप्रभुता और सुरक्षा का प्रतीक है, जिसे सेना ने सफलता से अंजाम दिया है, लेकिन कांग्रेस फिर भी प्रश्न उठाकर सैनिकों और सरकार के हौसले को तोड़ने का प्रयास कर रही है। विमल नेगी हत्याकांड पर बोलते हुए ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के प्रवक्ता को जनता के सामने प्रदेश सरकार की विफलताओं पर भी जवाब देना चाहिए। हाईकोर्ट की फटकार के बाद जब मामला सीबीआई को सौंपा गया, तो कांग्रेस और पुलिस प्रशासन के कुछ अधिकारी डर से बौखलाए हुए हैं। अंत में ठाकुर ने कहा कि आज देश की जनता कांग्रेस के झूठ और कथनी-करनी के अंतर को भलीभांति पहचान चुकी है।

## अब शहीद के सम्मान में बनेंगे गेट : रणजीत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**


विधायक रणजीत ने मेधावी पायल को सम्मानित किया और 11000 रुपए देने की घोषणा की।

विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले किसी भी लड़ाई में शहीद हुए सैनिक की याद में शहीद सैनिक को सम्मान देने के लिए संबंधित पंचायत या गांव में उसकी यादगार में पंचायत की एंट्रेंस पर एक शहीद सम्मान गेट लगाया जाएगा। इसमें शहीद का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित किया जाएगा । विधायक ने कहा कि वह एक पूर्व सैनिक हैं। सैनिक का सम्मान करना उनका प्रथम कर्तव्य है। सैनिक के बलिदान को आगामी पीढ़ियां याद रखें, इसलिए ऐसे गेट सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों से शहीद हुए सैनिक के सम्मान में संबंधित पंचायत में लगाए जाएंगे।

सराहकड़ पंचायत में रविवार को विधायक ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर विधायक का स्थानीय जनता व पंचायत प्रधान द्वारा जोर-शोर से स्वागत किया गया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि हर समस्या का पारदर्शिता के साथ समाधान किया जाएगा। किसी भी कार्य में धांधली नहीं होगी। जो भी जनता के कार्य होंगे, वे बिलकुल पारदर्शिता के साथ होंगे।

उन्होंने जनता की दो मांगों को पूरा करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि श्मशानघाट के लिए सड़क व कटियार सड़क का कार्य 15 दिन के अंदर ही शुरू करवा दिए जाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कोट गांव में 1.26 करोड़ से पंचायत घर का निर्माण किया जा रहा है। भरनांग पंचायत में 10 लाख रुपए से विभिन्न विकास कार्य हो रहे हैं। इस मौके पर स्थानीय पंचायत के प्रधान पूनम कांग्रेस नेता इंस्पेक्टर प्यार चंद, प्रवीण, गोल्डी सोनू और विपिन, राकेश, सुरेंद्र उपस्थित रहे।

### विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने सुना सत्संग

**सुजानपुर** के विधायक कै. रणजीत सिंह ने रविवार सुबह राधास्वामी सत्संग घर कसीरी में संगत के साथ सत्संग सुना और उसके बाद विधायक ने जनता की समस्या सुनने के उपरांत कहा कि जो सड़क समस्या बताई है, उसके लिए पहले ही 30 लाख रुपए की राशि स्वकृित कर दी है । इस दौरान उसी समय विभाग को कार्य शुरू करने के निर्देश विधायक द्वारा दिए गए। विधायक ने कहा कि जल्द कार्य शुरू किया जाएगा।

## सीपीयू ने मिलेटस की खेती को पुनर्जीवित कर किया सराहनीय कार्य : पद्मश्री नेक राम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पद्मश्री नेक राम शर्मा जिनको हिमाचल मिलेटस मैन के नाम से जाना जाता है, ने जलवायु अनूकुलित मोटे अनाज (मिलेटस) की खेती व लोगों के स्वास्थय को लेकर सीपीयू के कार्यों को सराहा। उन्होंने बताया कि आज से 50- 60 वर्ष पूर्व जो रागी, ज्वार, बाजरा की खेती होती थी, उस खेती को लोगों ने करना बंद कर दिया है।

श्री अन्न खेती का पुनर्उत्थान करने की आज आवश्यकता है। इसमें बिटामीन, खनिज पदार्थो की प्रचुर मात्रा पाई जाती है, जो हमें स्वस्थ रखती हैं और हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। इसको हम अपनी जीवन शैली में उतारने से कैंसर, मधुमेह, हृदय संबधित रोगों भंयकर बीमारियों से बच सकते हैं। यह सब जानकारी पद्म्श्री नेक राम शर्मा ने करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय मिलेट्स (श्री अन्न) की खेती को प्रोत्साहित करने तथा सतत पशुपालन को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी। यह कार्यक्रम आईसीएआर भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान, भारतीय हिमालय चरागाह केंद्र पालमपुर के सहयोग से अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को जलवायु-अनूकुलित मिलेट्स (श्री अन्न) की खेती की आधुनिक तकनीकों के प्रति जागरूक करना और इस खेती से होने वाले लाभों की जानकारी देना था।

आईजीएफआरआई के सौजन्य से इस कार्यक्रम को विश्वविद्यालय में चिन्हित 100 अनुसूचित किसानों को बाजरे व रागी(मंडल) का 120 किलोग्राम बीज किट, छोटे-छोटे खेती के औजार एवं प्रशिक्षण मुहैया करवाया गया ताकि किसान मिलेटस की खेती को आगे बढ़ा सकें। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डा. संजीव शर्मा, डीन अकादमिक डॉ. कुलदीप कुमार, रजिस्ट्रार गुलशन संधू उपस्थित रहे।

**उड़ान** | प्राकृतिक खेती और प्राचीन देसी बीजों के संरक्षण में हरनेड़ गांव के ललित कालिया की बेहतर पहल

# बीज बैंक में मौजूद हैं कई फसलों के प्राचीन देसी बीज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रयासों को अमलीजामा पहनाने के लिए हरनेड़ गांव के ललित कालिया ने अच्छी पहल की है। इस खेती में राज्य को आदर्श बनाने के जो प्रयास चल रहे हैं, उसे सपने को साकार करने के लिए कृषि विभाग और आतमा प्रोजेक्ट का अच्छा सहारा मिलने लगा है। किसानों को बड़े पैमाने पर प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन्हीं किसानों में से एक हैं, हमीरपुर जिले के बमसन ब्लॉक के गांव हरनेड़ के ललित कालिया।



प्राकृतिक खेती के लिए यही है उपलब्ध बीज।

पूरी तरह से प्राकृतिक विधि से खेती कर रहे प्रगतिशील किसान ललित कालिया अब भारत के प्राचीन देसी बीजों के संरक्षण एवं वितरण में भी बहुत बड़ा योगदान दे रहे हैं। ये देसी बीज प्राकृतिक खेती में एक बड़ी क्रांति ला सकते हैं क्योंकि, इन बीजों से प्रतिकूल मौसम में भी अच्छी पैदावार ली जा सकती है और ये पौष्टिक गुणों से भी भरपूर होते हैं।

रासायनिक खाद और जहरीले कीटनाशकों के दुष्प्रभावों को देखते हुए ललित ने कुछ वर्ष पूर्व प्राकृतिक खेती को अपनाने का निर्णय लिया तथा अपनी पुश्तैनी जमीन पर प्राकृतिक विधि से फसलें लगानी शुरू कीं। कालिया की इस पहल को कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के अधिकारियों के मार्गदर्शन ने नए पंख प्रदान किए।

### कम बारिश में भी होती है अच्छी पैदावार

उन्होंने अपने घर में ही गेहूं और मक्की के साथ-साथ कई पारंपरिक मोटे अनाज, दलहनी और तिलहनी फसलों तथा सब्जियों के प्राचीन देसी बीजों का एक अच्छा-खासा बैंक तैयार कर लिया है। उनके पास गेहूं की आठ किस्मों के देसी बीज उपलब्ध हैं। मक्की तथा जौ की भी देसी किस्में उन्होंने संरक्षित की हैं, जो कि पौष्टिक गुणों से भरपूर हैं और कम बारिश में भी अच्छी पैदावार देती हैं। कई पारंपरिक एवं लुप्त होती मोटे अनाज की फसलें जैसे-मंढल, कोदरा, कौंगणी और बाजरा के बीज भी ललित कालिया के बीज बैंक में मिल जाते हैं। सरसों और तिल की कई पुरानी किस्मों, दलहनी फसलों में कुल्थ, रौंग, माह तथा चने के देसी भी इस बीज बैंक में हैं। यहीं पर लहसुन, प्याज, भिंडी, घीया, कद्दू, रामतोरी, धनिया, मैथी और अन्य फसलों के पुराने एवं दुर्लभ बीज कृषि विशेषज्ञों के लिए कौतुहल एवं उत्सुकता का विषय बन चुके हैं। कालिया का कहना है कि इस विधि से तैयार फसलों के लिए अलग से उच्च खरीद मूल्य का प्रावधान करके मुख्यमंत्री ने प्रदेश के किसानों को बहुत बड़ी सौगात दी है।

### प्राकृतिक खेती करने वालों की बढ़ रही संख्या

पिछले सीजन में प्राकृतिक विधि से तैयार एक क्विंटल से अधिक मक्की बेची। इस सीजन में भी अपने परिवार की जरूरत के अलावा एक क्विंटल से अधिक गेहूं बेची और अच्छी आय अर्जित की। वे सरकार के प्रयासों से बेहद खुश हैं और कहते हैं कि हिमाचल में प्राकृतिक खेती करने वालों की संख्या अब लगातार बढ़ने लगी है।

## नशे से दूर रहना चाहिए : राजेश

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, सोलन।** नशा युवाओं की खुशहाल जिंदगी को बर्बाद कर रहा है। इससे दूर रहना चाहिए। नशे को जड़ से उखाड़ना होगा, जिसके लिए आम जनता का सहयोग भी जरूरी है। यह बात एडिशनल एसपी हमीरपुर राजेश शर्मा ने कही। वह रविवार को पुलिस थाना नादौन में आयोजित पुलिस सामुदायिक योजना की बैठक में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग पैसे के लालच में नशे का कारोबार करके युवा पीढ़ी को मौत के मुंह में धकेल रहे हैं। उन्होंने सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया, यातायात नियमों की अनुपालना सहित अन्य पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर एसएचओ निर्मल सिंह, एसआई नरेश कुमार के अलावा नवीन पुरी, पंकज विजय, प्रदीप कुमार, रेखा रानी, राजेश कुमार, सोनिया राणा, सीताराम, कमलेश कुमारी, लता कुमारी, सिमरो देवी उपस्थित रहे।

## नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पत्रकार वार्ता में लगाए कई गंभीर आरोप

# कांग्रेस ने नेताओं के भ्रष्टाचार को दबाने के लिए ली विमल नेगी की कुर्बानी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हिमाचल में चल रहे पुलिस अधीक्षक, डीजीपी एवं विमल नेगी मृत्यु प्रकरण पर सरकार एवं प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कि हिमाचल में आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी एवं उस भ्रष्टाचार को दबाने के कारण प्रदेश के एक सरकारी अधिकारी विमल नेगी की मौत हुई। उन्होंने कहा कि हम यह भी कह सकते हैं कि सरकार ने अपने कांग्रेसी नेताओं के भ्रष्टाचार को दबाने के लिए उनकी बली ली और आने वाले समय में और कितनी कुर्बानियां लेंगे, इसका अभी पता नही है।

उन्होंने शिमला में पत्रकार वार्ता में कहा कि विधानसभा का पूरा विपक्ष आज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह का इस्तीफा मांगता है, क्योंकि जिस प्रकार से विमल नेगी मामले में भ्रष्टाचार को दबाने की बात सामने आई है और विमल नेगी के परिजनों को न्याय से दूर रखने का कार्य किया है, इस कृतज्ञता के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री को अपनी कुर्सी पर बने रहने का किसी भी प्रकार का नैतिक अधिकार नहीं है और वर्तमान कांग्रेस सरकार को सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है। उन्होंने कहा कि आज भी जनता एवं विमल नेगी के परिवारजन पूछ रहे हैं कि यह मृत्यु कैसी हुई और पहले दिन से हो रही जांच से संतुष्ट नहीं थे, इसलिए सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे, अपितु मुख्यमंत्री को लगातार झूठ बोलने की आदत हो गई है और वह हर बार कह रहे थे कि नेगी के परिवार ने कभी सीबीआई जांच मांगी ही नहीं, आज उच्च न्यायालय का फैसला आया है और उन्होंने सीबीआई को जांच सौंपी है।

जयराम ने भ्रष्टाचार का खुलासा करते हुए बताया कि सूत्रों से हमें पता लगा है कि पेखुबेला सोलर पावर प्लांट में नियम के अनुसार 10 फीसदी लिक्विडेशन चार्ज काटे जाने थे, जिसका कुल योग 22 करोड़ है, परंतु इस सोलर प्रोजेक्ट के लिए सरकार ने सरकारी अधिकारियों द्वारा दबाव डलवा कर 13 करोड़ की पेमेंट जारी करवाई। यह पावर प्रोजेक्ट एक बहुत बड़ा कारण है, जिसके कारण विमल नेगी ने अपनी जान गंवाई। ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस के नेताओं और सरकार के अधिकारियों ने मिलकर भ्रष्टाचार को संरक्षण दिया है। एचपीसीएल में संचय में आने वाले अधिकारियों को और मजबूत किया गया है एवं ज्यादा संरक्षण दिया गया है।

उन्होंने कहा कि देखने में आया है, जैसे पुलिस अधीक्षक को सरकार द्वारा ज्यादा शक्तिशाली बना दिया गया है और जिस प्रकार से उन्होंने अपने उच्च अधिकारी डीजीपी के खिलाफ प्रेस वार्ता की। उसे स्पष्ट होता है कि वर्तमान पुलिस अधीक्षक सरकार के संरक्षण में इस प्रकार के कार्य कर रहा है, डीजीपी ने जो शपथ पत्र उच्च न्यायालय में दिया है उसमें पुलिस अधीक्षक के बारे में गंभीर आरोप लगाए हैं, वैसे तो पुलिस को अनुशासन के लिए जाना जाता था, पर पुलिस के इस झगड़े के बाद अनुशासनहीनता के लिए जाना जाएगा। हिमाचल में पुलिस अधीक्षक एवं एडवोकेट जनरल जिस प्रकार से प्रेस वार्ता कर उच्च न्यायालय के दिए गए फैसले को चुनौती दे रहे है, वह भी न्यायालय का कंटेंप्ट है इन पर कार्रवाई होनी चाहिए।


शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते जयराम ठाकुर।

### जयराम ने सरकार से मांगे कुछ सवालों के जवाब

**पूर्व** मुख्यमंत्री ने सरकार के सामने कुछ मांगे रखी। जैसे जिन अधिकारियों ने रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़ की है, उन पर सख्त कार्रवाई हो। जिन कांग्रेस नेताओं को संरक्षण मिला है, उन पर सख्त एक्शन हो। फॉरेंसिक जांच में सामने आया है कि नेगी की पेन ड्राइव को फॉर्मेट किया गया है, इस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। पेन ड्राइव को ले जाने वाले असी पंकज का क्या रोल है, इसकी जांच होनी चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा है कि जांच में कोई भी हिमाचल का पुलिस अफसर शामिल नहीं होना चाहिए। सीबीआई देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसी है, उसमें सरकार को विश्वास रखना चाहिए। सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया है कि विमल नेगी की मौत हत्या है या आत्महत्या?

# राजस्व मंत्री ने जगातखाना में बाढ़ से हुए नुकसान का लिया जायजा

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** रामपुर बुशहर के साथ लगते जगातखाना (कुल्लू) में रविवार को राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास व जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने शनिवार को जगातखाना के दो नालों में आए बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लिया।

राजस्व मंत्री ने बताया कि इस बाढ़ से लगभग 60 लाख रुपए का नुक्सान हुआ है। जिसमें 9 गाड़िया पूर्ण रूप से, 13 गाडियों को आंशिक नुक्सान, 9 मकान व 5 दुकानों में सामान कों भी नुक्सान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि सड़क को यातायात के लिए बहाल कर दिया गया है और मलवा में फसे गाड़ियों को मशीनरी बुला कर शीघ्र निकालने के निर्देश दिए गए है और उपमंडलाधिकारी को संबंधित बीमा एंजेसी को मौके पर बुला कर गाडियों के नुक्सान का जायजा लेने के लिए कहा।

इस मौके पर लोगों ने राजस्व मंत्री से मिलकर उनके गाडियों व मकानों, दुकानों में सामान को हुए नुक्सान की जानकारी दी और सरकार से सहायता उपलब्ध करवाने की मांग की। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार की ओर से मकानों को हुए नुक्सान का भरपाई किया जाएगा और गाड़ियों को हुए नुक्सान के लिए संबंधित बीमा कंपनियों को यहां बुलाकर नुक्सान का जायजा लेने निर्देश दिए गए। उन्होंने लोगो से अपील किया कि नदी-नालों में कुड़ा न फैंके जिससे पानी का ठहराव होता है और भारी वर्षा के समय बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है।

इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी ना. निरमंड मनमोहन सिंह, उपमंडल पुलिस अधिकारी आनी चंद्र शेखर, नायब तहसीलदार रामपुर सुरेश नेगी, पार्टी पदाधिकारी प्रताप नेगी भी उपस्थित रहे।


जगातखाना में हुए नुकसान का जायजा लेते राजस्व मंत्री नेगी।

**बोले-सरकार पीड़ितों की करेगी हरसंभव मदद**

## सरकारी आवासों की प्राथमिकता के आधार पर होगी मरम्मत : थिरुमल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** वन विभाग के सरकारी आवासों में कई सालों से चली आ रही खराब हालत को देखते हुए चरणबद्ध तरीके से काम किया जाएगा और नए आवासों के लिए सरकार के पास एक प्रस्ताव भेजा जाएगा। यह आश्वासन सीसीएफ के. थिरुमल ने वन विभाग के कर्मचारियों के साथ एक बैठक में दिया। उन्होंने बताया कि वन विभाग के छोटे कर्मियों के आवास में आमूलचूल परिवर्तन करने की जरूरत है। छोटे कर्मचारियों को सरकारी मकानों में रहना काफी असुविधाजनक है, जिसके चलते कई कर्मचारियों को निजी मकानों में रहना पड़ रहा है।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि चरणबद्ध तरीके से टाइप-एक, टाइप-दो और टाइप-तीन के आवास बनाने के लिए एक प्रस्ताव लाया जाएगा, ताकि सभी कर्मचारियों को सरकारी आवास सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने कहा है कि अब यह सुनिश्चित किया गया है कि सरकारी मकानों के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों के मकानों के लिए एक अनुपातिक अनुपात के तहत धनराशि वितरित की जाएगी। वन विभाग की कालोनियों में पानी के वितरण के लिए एसजेपीएनएल से हर कर्मचारियों को संपर्क नंबर दिया जाए, ताकि पानी का वितरण सही तरीके से हो सके। इसके लिए विभाग द्वारा 40 लाख की राशि में पानी के मीटर लगाने के लिए एसजेपीएनएल को दे दी गई है, अब जल्द ही मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उनके मुताबिक वन विभाग की सरकारी कलोनियों में नई दुकानें स्थापित करने के लिए चरणबद्ध तरीके से कदम बढ़ाएगा और दुकानों का आवंटन सुनिश्चित करेगा।

कहानी-47

**अनंत ज्ञान**

# हर गांव कुछ कहता है

अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

# मार्कंडेय में स्नान करने से पूरी होती है चारधाम यात्रा

## बैसाखी पर उमड़ता है सैलाब

### श्रद्धालु ब्रह्म मुहूर्त में करते हैं स्नान






शुभम राही
बिलासपुर

'हर गांव कुछ कहता है सीरीज में आज बात हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में स्थित महर्षि मार्कंडेय की तपोस्थली मार्कंडेय तीर्थ की। यह पवित्र स्थल हर वर्ष विशेष अवसरों पर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन जाता है, लेकिन यहां बैसाखी पर्व पर स्नान करने का खास महत्व है। इस दौरान उमड़ने वाले श्रद्धालुओं की भारी तादाद को देखकर यहां का दृश्य अलौकिक होता है। मान्यता है कि जब तक श्रद्धालु इस पवित्र तीर्थ स्थल पर स्नान नहीं करते, तब तक उनकी चार धाम यात्रा अधूरी मानी जाती है। यही कारण है कि हर वर्ष बैसाखी के दिन हजारों श्रद्धालु ब्रह्म मुहूर्त से ही इस पवित्र जलधारा में स्नान करने पहुंचते हैं और दिनभर श्रद्धा की डुबकी लगाते हैं।

### शिव की कृपा से फूटा झरना कहलाया मार्कंडेय तीर्थ

**मार्कंडेय** तीर्थ का इतिहास केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि गहन आध्यात्मिक महत्व भी समेटे हुए है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, ऋषि मृकंडु और उनकी पत्नी संतान प्राप्ति के लिए भगवान शिव की घोर तपस्या कर रहे थे। प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें एक पुत्र का वरदान दिया, लेकिन साथ में यह भी कहा कि वह पुत्र अल्पायु होगा, मात्र 12 वर्ष की आयु का। इस वरदान से जन्मे बालक मार्कंडेय अद्भुत बुद्धिमान और पितृभक्त थे। जब उन्होंने अपनी अल्पायु होने की सच्चाई जानी, तो उन्होंने भगवान शिव की आराधना करने का संकल्प लिया। उन्होंने रेत से शिवलिंग बनाया और उसी की पूजा में लीन हो गए। जब उनकी 12वीं वर्षगांठ के केवल तीन दिन शेष थे, यमदूत उन्हें लेने पहुंचे, परंतु शिवलिंग से निकली आग की लपटों ने यमदूतों को पीछे हटने पर विवश कर दिया। अंततः यमराज स्वयं आए, लेकिन जैसे ही उन्होंने बालक के प्राण हरने का प्रयास किया, भगवान शिव प्रकट हुए और यमराज को वहां से लौटने का आदेश दिया। उस समय शिव की कृपा से एक झरना फूट पड़ा, जिसे आज मार्कंडेय तीर्थ के नाम से जाना जाता है। यह पूरी घटना बैसाखी की पूर्व संध्या पर घटी।

### मंदिर बिलासपुर से 20 किलोमीटर दूर

**मार्कंडेय** मंदिर बिलासपुर से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। मंदिर के पास बहता झरना अत्यंत पवित्र माना जाता है। मान्यताओं के अनुसार, इस झरने में स्नान करने से शारीरिक और मानसिक रोगों से मुक्ति मिलती है। विशेषकर निःसंतान दंपतियों के लिए यह स्थान अत्यंत आस्था का केंद्र बन चुका है, जो संतान प्राप्ति की कामना लिए यहां आते हैं। भक्तों का यह भी मानना है कि इस स्थान पर ध्यान, मौन और प्रार्थना करने से मन की बेचैनी शांत होती है और जीवन को एक नई दिशा मिलती है। यहां का शांत और दिव्य वातावरण श्रद्धालुओं को आत्मचिंतन और आध्यात्मिक शांति का अनुभव कराता है।

### क्या कहते हैं स्थानीय लोग


अजय शर्मा

**जुखाला** क्षेत्र के रहने वाले अजय शर्मा का कहना है कि मार्कंडेय मंदिर का इतिहास बहुत पुराना है। उनके पूर्वज कहते हैं कि यह महाभारत काल के समय बनाया गया मंदिर हैं, जिसकी आज भी पूजा की जाती है।


मनोज कुमार

**मनोज कुमार** का कहना है कि मार्कंडेय मंदिर को मिनी हरिद्वार के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि चार धाम के बाद श्रद्धालु या तो हरिद्वार स्नान करके आते हैं या फिर बिलासपुर के मार्कंडेय मंदिर में। यह इतिहास कई दशकों से चला आया है।


सुरजीत कुमार

**सुरजीत कुमार** श्रद्धालु का कहना है कि वह प्रत्येक साल बैसाखी पर्व के दिन इस मंदिर में स्नान करने के लिए अपने परिवार के साथ आते हैं। मान्यता है कि इस दिन यहां स्नान करने से कई दुःख दर्द दूर होते हैं। वह हर साल यहां आते हैं।


विनोद मेहता

**विनोद मेहता** श्रद्धालु का कहना है कि इस मंदिर में वह बचपन से अपने परिवार के साथ आते हैं। यह महर्षि मार्कंडेय का यह मंदिर पूरे देशभर में पहला है। यहां पर स्नान करना यहां की आस्था का प्रतीक है। यहां पर बिना स्नान किए कोई भी वापस नहीं जाता है।

### किया जा रहा मंदिर का सौंदर्यीकरण : एसडीएम



**इस** संदर्भ में जब मंदिर अधिकारी व सदर एसडीएम राजदीप सिंह खेड़ा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मंदिर के सौंदर्यीकरण को लेकर कार्य चला हुआ है। मंदिर में समय समय पर विभिन्न प्रकार की धार्मिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इस मंदिर में देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं और उनको बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन कार्यरत है।

## नशामुक्त हिमाचल का संदेश लेकर दौड़ लगाएंगे अभय

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नशामुक्त हिमाचल के लिए हिमाचल के गुजरात में रहने वाले मैराथन रनर अभय रैना 29 मई को दौड़ लगाएंगे। यह दौड़ वीरवार सुबह 4 बजे सोलन की अधिठात्री देवी माता शूलिनी के मंदिर से शुरू होगी।

सोलन, शामती, औच्छघाट, नौणी, यशवंतनगर, सनौरा, राजगढ़ से फागू होते हुए दौड़ का समापन शिरगुल महाराज की जन्मस्थली शाया मंदिर में होगा। इससे वह सोलन व सिरमौर के दो जिलों को कवर करेंगे और इस दौड़ में वह 56 किलोमीटर की दूरी अपने कदमों से नापेंगे।



उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की है कि चाहे आप पैदल चलें, जॉगिंग करें या दौड़ें, आपकी उपस्थिति एक संदेश देती है, हम नशे की के खिलाफ एक साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान किसी भी दूरी के लिए मेरे साथ जुड़ें। यह सिर्फ एक दौड़ नहीं, यह दौड़ है आशा और जीवन के लिए।

अभय रैना का बचपन राजगढ़ क्षेत्र में बीता है और उन्होंने सोलन कॉलेज से अपनी ग्रेजुएशन की। गुजरात के अहमदाबाद में वह इंश्योरेंस कंपनी चलाते हैं। दिल्ली व मुंबई मैराथन के अलावा वह अल्ट्रा मैराथन भी दौड़ रहे हैं। देवभूमि में बढ़ते नशे के प्रचलन से वह काफी आहत हैं और उन्होंने युवाओं के जागरूक करने और नशे से दूर रहने के लिए यह दौड़ लगाने का फैसला लिया।

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान, मंडी।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2025 का आयोजन हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा मंडी के तीन केंद्रों सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (लड़के), वल्लभ कॉलेज मंडी और सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (लड़कियां) पर आयोजित की गई। यह परीक्षा दो सत्रों में हुई। परीक्षा में कुल 576 पंजीकृत उम्मीदवारों में से पहले सत्र में 404 और दूसरे सत्र में 405 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। अनुपस्थित रहने वालों की संख्या क्रमशः 172 और 171 रही। अतिरिक्त उपायुक्त मंडी रोहित राठौर ने कहा कि सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। प्रशासन द्वारा सुरक्षा, अनुशासन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए थे।

## जयराम व सिद्धार्थन ने सुना पीएम मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने मन की बात का कार्यक्रम कैथू वार्ड में बूथ अध्यक्ष रमेश के घर पर सुना। इसी प्रकार नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बूथ नंबर 44 मिडल बाजार में पीएम मोदी की मन की बात का सीधा प्रसारण सुना। इस दौरान कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, कोषाध्यक कमल सूद, पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, प्रत्याशी संजय सूद आदि उपस्थित रहे।

नेता प्रतिपक्ष ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम लोकप्रिय एवं जनता से पूर्ण संवाद बनाने वाला कार्यक्रम हैं, इस कार्यक्रम के माध्यम से हर बार कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश के जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया, यह उनका अदम्य साहस था और उसमें शामिल थी।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' देश और दुनिया भर में लोगों के साथ संवाद का एक अनूठा मंच बन चुका है। 3 अक्तूबर 2014 को शुरू हुआ यह कार्यक्रम, जो अब अपने 122वें संस्करण तक पहुंच चुका है, भारत के नागरिकों के साथ सीधे संवाद स्थापित करने और सामाजिक, सांस्कृतिक, और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा करने का एक प्रभावी माध्यम है।


मन की बात का कार्यक्रम सुनते भाजपा नेता।

## एसपी के आरोपों के बाद सुक्खू सरकार का व्यवस्था परिवर्तन कटघरे में : त्रिलोक कपूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि एसपी शिमला के आरोपों के बाद सरकार के व्यवस्था परिवर्तन ओर विमल नेगी की मौत की जांच की कलई खुलकर सामने आ गई है।

उन्होंने कहा कि विमल नेगी मौत की जांच को लेकर एसपी द्वारा प्रदेश के पुलिस महानिदेशक द्वारा जो गंभीर आरोप लगाए गए हैं उससे सरकार खुद कटघरे मे खड़ी हो गई है। भाजपा लगातार विमल नेगी की मौत की जांच को सीबीआई को सौंपने की मांग करती आ रही थी, जबकि इस मामले में सुक्खु सरकार की नियत में खोट नजर आ रहा था।

उन्होंने कहा हाईकोर्ट द्वारा इस मामले की जांच सीबीआई को देने के बाद हिमाचल पुलिस महकमें में जो उथल-पुथल का दौर शुरू हुआ है, इससे साफ है कि विमल नेगी की मौत की जांच में भारी अनिमयताएं बरती गई है। सच्चई को ज्यादा दिनों तक छुपाया नहीं जा सकता वह सामने आ ही जाती है। कपूर ने कहा कि सुक्खू सरकार की पहले ही देश भर में जगहंसाई हाती रही तथा अब सरकार का पुलिस विभाग भी इसी दौर से गुजर रहा है। एसपी का यह आरोप कि उन्होंने एक संवेदनशील मामले की निष्पक्ष जांच की, लेकिन डीजीपी द्वारा इस संबंध में जो हलफनामा दायर किया गया, वह गैर-जिम्मेदाराना था तथा अदालत को गुमराह करना था, से कई सवाल खड़े हो गए हैं। क्या विमल नेगी मामले में सरकार गंभीर नही थी? क्या जांच में लापरवाही रही? क्या सरकार नहीं चाहती थी सच्चाई जनता के सामने आए?

सरकार ने सीबीआई को जांच क्यों नही सौंपी? एक अन्य आरोप कि डीजीपी ने जांच को अपने पसंदीदा अधिकारियों को सौंपकर उसकी दिशा मोड़ने की कोशिश की और अदालत में भ्रामक हलफनामे जमा किए। वर्तमान डीजीपी ने अपने मातहत अधिकारियों पर झूठी रिपोर्ट तैयार करने का दबाव डाला, यह सब किसके इशारे पर हुआ सुक्खू सरकार को इसका जबाव देना होगा। उन्होंने कहा कि एसपी के आरोपों के बाद सरकार मुहं क्यों छुपा रही है? ऐसे कई सवाल है जिनका सच जनता के सामने आने वाला है।



**कहा- सीबीआई की जांच से पहले विमल नेगी की मौत की जांच की खुली कलई**

**परिचय**

## कला एवं शिल्प सोसायटी के माध्यम से चंबा रूमाल का संरक्षण

# चंबा रूमाल: ऐतिहासिक धरोहर को सहेजने में जुटी इंदु शर्मा

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** चंबा की ऐतिहासिक कला 'चंबा रूमाल' को संरक्षित करने और आगे बढ़ाने का कार्य कला एवं शिल्प सोसायटी के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसकी इंचार्ज इंदु शर्मा हैं। इंदु पिछले 24 वर्षों से इस क्षेत्र में कार्यरत हैं और उन्होंने वर्ष 2001 में चंबा रूमाल सीखना शुरू किया था।

इंदु शर्मा बताती हैं कि चंबा रूमाल की शुरुआत 16वीं से 18वीं शताब्दी के बीच हुई थी। उस समय चंबा के राजा इसे उपहार स्वरूप दिया करते थे, चंबा रूमाल या चंबा रूमाल एक कुाई वाला हस्तशिल्प है जिसे कभी चंबा साम्राज्य के पूर्व शासकों के संरक्षण में बढ़ावा दिया जाता था। यह चमकीले और मनभावन रंगों में विस्तृत पैटर्न के साथ विवाह के दौरान उपहार के रूप में दिया जाने वाला एक आम सामान है। (अनंत ज्ञान)



### चंबा रूमाल की विशेषता

**यह** रूमाल दोनों ओर से एक जैसा दिखाई देता है, जो इसे अद्वितीय बनाता है। इसकी कुाई और डिजाइन आज भी पारंपरिक तरीकों से हाथ से की जाती है। रूमालों के चित्रों में महाभारत, रामायण, भगवान विष्णु, श्रीकृष्ण, गोपियां और रासमंडल को प्रमुखता दी जाती है। चंबा रूमाल की कीमत 200 रुपए से शुरू होकर 40 लाख रुपए से भी अधिक हो सकती है, यह आकार और कुाई की बारीकी पर निर्भर करता है।

### संरक्षण की दिशा में प्रयास

इंदु शर्मा ने बताया कि 2001 से पहले इस कला को सीखने वाले कलाकार कम होते जा रहे थे। इसी समय दिल्ली क्राफ्ट कार्उसिल ने इस कला को संरक्षित करने का बीड़ा उठाया। 10 लड़कियों के पहले बैच से शुरुआत हुई, फिर इस कला को धीरे-धीरे बढ़ावा मिला। इसके बाद कई लड़कियों को प्रशिक्षित किया गया, और उनके द्वारा बनाए गए रूमाल अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचे। इंदु शर्मा ने बताया कि आज स्थिति बेहतर है। वह निशुल्क प्रशिक्षण देती हैं, ताकि इस ऐतिहासिक धरोहर को जीवित रखा जा सके। उनके अनुमान के अनुसार, वर्तमान में लगभग 150 से 200 कलाकार चंबा क्षेत्र में सक्रिय हैं।

### जीआई टैग और सरकारी सहयोग

**वर्ष** 2007 में चंबा रूमाल को भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) प्राप्त हुआ। जीआई से जुड़े संगठन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शनियां आयोजित कर रहे हैं, जिससे इसकी पहचान और मजबूत हुई है। सरकार भी इस कला को प्रशिक्षण केंद्र, उत्पादन केंद्र और प्रदर्शनियों के माध्यम से संपूर्ण सहयोग और प्रोत्साहन दे रही है।

### सीखने वाली महिलाओं की राय

**काजल :** मैं चंबा की रहने वाली हूं और पिछले 5-6 महीनों से चंबा रूमाल सीख रही हूं। मैंने यह कला इसलिए चुनी ताकि अपनी संस्कृति को प्रमोट कर सकूं।

**मनीषा :** 3-4 महीने हो गए चंबा रूमाल सीखते हुए। यह एक अलग ही अनुभव है। इंदु मैम बहुत ही 'सपोर्टिव' हैं और हर एक चीज बहुत बारीकी से सिखाती हैं।

**शालिनी :** मुझे सीखते हुए 2 महीने हो गए हैं। रोजाना 3-4 घंटे देती हूं सीखने में और इंदु मैम का बहुत बड़ा योगदान है।

**पलक :** मैंने दो महीने पहले सीखा था, लेकिन अब फिर से सीखने आई हूं, ताकि कुाई की इस कला को और गहराई से सीख सकूं।



# हिमालयन अंजीर (फेगडा)

## स्वाद, स्वास्थ्य और आय का त्रिवेणी फल

**आज कल हम अपने खेतों और गांव की बंजर जमीन या रास्तों के किनारे ध्यान से देखें, तो वहां हमें एक खास जंगली फल हिमालयन अंजीर लहलहाता दिख सकता है, जिसे हम 'साधारण' मानकर अनदेखा कर देते हैं, जबकि यह अद्भुत फल औषधीय और पोषण मूल्य से भरपूर है। हिमालयन अंजीर कम चर्चित, लेकिन अत्यंत उपयोगी पौधा है, जिसे स्थानीय बोलियों में फेगडी, फेगडा, खसरा या दाखला कहा जाता है। इसका वानापतिक नाम 'फाइकस पामेटा' है और यह मोरेसी (Moraceae) कुल का सदस्य है। गर्मियों की दस्तक के साथ यह फल पूरी तरह पक चुका होता है और इसकी मिठास, रस और औषधीय गुण अब हमारे सेवन के लिए तैयार हैं।**



**डॉ. तारा सेन ठाकुर**
**विभागध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी।**

### क्या है फेगडी और फेगडा?

***फेगडी और फेगडा वास्तव में एक ही प्रजाति के दो रूप हैं। अंतर केवल फल की परिपक्वता का है।***

**फेगडी:** इस पौधे में कच्चे, अधपके फल होते हैं, जो आकार में छोटे होते हैं और कभी पूरी तरह पकते नहीं हैं।

**फेगडा :** इस पौधे के फल गर्मियों में पकते हैं, ये मीठे और बेहद स्वादिष्ट फल होते हैं, जो अंजीर की सर्वोत्तम किस्मों के समकक्ष स्वाद प्रदान करते हैं।

### औषधीय गुणों का खजाना

**परिपक्वता के अनुसार प्रभाव**

फेगडा का स्वाद बेहतरीन किस्म की अंजीर से मेल खाता है, परंतु इसका रंग, बनावट और दूधीय लेटेक्स इसे अलग बनाते हैं। सफेद दूध (लेटेक्स) के कारण इसमें हल्का कसैलापन होता है, जिसे कुछ देर पानी में भिगोकर आसानी से हटाया जा सकता है। फेगड़ा के फल आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से अत्यंत लाभकारी माने गए हैं। इसके पके फल शीतल प्रकृति के होते हैं, जो शरीर को ठंडक प्रदान करते हैं, पित्त दोष को शांत करते हैं और गर्मियों में जलन या थकावट जैसे लक्षणों से राहत दिलाते हैं। इनका सेवन पाचन को भी सहज बनाता है और यह हल्के व मधुर स्वाद के कारण आसानी से पच जाते हैं। वहीं, दूसरी ओर, अधपके या कच्चे फलों की प्रकृति उष्णमानी जाती है। ये शरीर में ऊष्मा उत्पन्न करते हैं और अकसर इन्हें अचार या सब्जी के रूप में पकाकर प्रयोग में लाया जाता है। इनका उपयोग सीमित मात्रा में और संतुलित रूप से किया जाता है, विशेषकर शीत ऋतु के अंत में, जब शरीर को अतिरिक्त ऊर्जा या पाचन बल की आवश्यकता होती है।



***इस प्रकार, फेगड़ा एक ऐसा फल है जो परिपक्वता के अनुसार, भिन्न-भिन्न प्रभाव देता है और पारंपरिक ज्ञान में इसकी उपयोगिता को बड़े सम्मान के साथ स्वीकार किया गया है। पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक अनुसंधानों के अनुसार, इसके फल निम्न रोगों में लाभकारी पाए गए हैं।***

1. **कब्ज** निवारक और पाचन सुधारक : इसके फल प्राकृतिक रेचक होते हैं।
2. **फेफड़ों** और मूत्राशय विकार : पारंपरिक चिकित्सा में इसे इन रोगों के उपचार में उपयोगी पाया गया है।
3. **डायबिटीज** और हाइपोग्लाइसीमिया : यह रक्त में शर्करा स्तर को संतुलित करने में मदद करता है।
4. **ट्यूमर** और अल्सर : फलों में पाए जाने वाले फ्लेवोनोइड्स और टेरपेनोइड्स ट्यूमर रोधी गुण रखते हैं।
5. **फंगल** संक्रमण और हाइपरलिपिडेमिया : इसके सक्रिय यौगिक शरीर को संक्रमण और उच्च कोलेस्ट्रॉल से लड़ने में मदद करते हैं।
6. **सांप** के कांटे या फांस निकालने में उपयोग : इसके स्टेम लेटेक्स का पारंपरिक उपयोग मांस में गहरे फंसे कांटे को निकालने में किया जाता है।

***फेगडा फलके औषधीय गुण इसमें पाए जाने वालेटैनिन्स, फ्लेवोनोइड्स, टेरपेनोइड्स, अल्कलॉइड्स और कार्डियक ग्लाइकोसाइड्स के कारण होते हैं।***

### खाद्य रूप में उपयोग

**फेगडी** की सब्जी फरवरी-मार्च में हिमाचल की मंडियों में खूब देखी जाती है। इन्हें उबालकर, कसैलापन निकालकर दही या अनारदाने के साथ पकाया जाता है। स्थानीय व्यंजनों में इसे परांठों और कचौरी की भराई के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। इसकी गर्म तासीर के कारण इसे ठंडक प्रदान करने वाले तत्वों के साथ पकाना उपयुक्त रहता है। फेगडा यानी इसके पके फल, स्वाद में मीठे, रसीले और बेहद पौष्टिक होते हैं। हालांकि इनका बाजार में प्रचार-प्रसार नहीं हुआ है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में यह अत्यंत लोकप्रिय हैं। इनसे स्क्वैश, जैम और जेली जैसे मूल्य संवर्धित उत्पाद बनाए जा सकते हैं, जो स्वाद के साथ-साथ औषधीय भी होते हैं। यदि मूल्य संवर्धन और ब्रांडिंग हो, तो यह व्यावसायिक दृष्टिकोण से भी फायदेमंद बन सकता है।

### पोषण से भरपूर

- 100 ग्राम फेगडा फल में लगभग
- नमी : 80.5
- प्रोटीनः 1.72 ग्राम
- विटामिन सीः 3.35 मिग्रा
- घुलनशील शर्कराः 12.5 ग्राम
- पोटेशियम, मैग्नीशियम, कैल्शियम और आयरन की भी अच्छी मात्रा होती है।

### आय के स्रोत के रूप में फेगडा

**जहां** फेगडी (कच्चा फल) फरवरी-मार्च में सब्जी के रूप में बिकती है। वहीं, फेगडा मई-जून में पके फल के रूप में स्थानीय बाजारों में लाया जा सकता है। फेगडी का एक छोटा थैला (200-250 ग्राम) 40-50 रुपये में बिकता है, जबकि इसका अचार 300-400 रुपए किलो तक आसानी से बिक जाता है। यह स्वयं सहायता समूहों के लिए अचार, स्क्वैश व जैम बनाने और बेचने का भी बेहतरीन विकल्प है। फलों का संग्रह, सफाई, पैकेजिंग और प्रसंस्करण सेस्थानीय युवाओं और महिलाओं को आजीविका के नए अवसर दिए जा सकते हैं।

### फेगडा–स्वास्थ्य, स्वाद और सतत विकास की कड़ी

**आज** जब प्राकृतिक, जैविक और स्थानीय भोजन की ओर लोगों की रुचि बढ़ रही है, तो हिमालयन अंजीर जैसे फल सेहतमंद जीवनशैली और ग्रामीण अर्थव्यवस्था दोनों को एक साथ संवार सकते हैं। वन विभाग और बागवानी विभाग की सक्रिय भागीदारी से इस पौधे का संवर्धन, वितरण और व्यावसायीकरण संभव है। फेगडी और फेगडा जैसे पौधों को केवल भोजन नहीं, भविष्य की खाद्य सुरक्षा, पारंपरिक ज्ञान और आय सृजनका माध्यम बनाया जा सकता है। इनका सतत उपयोग और संवर्धन हमें प्राकृतिक, जैविक और औषधीय भोजन की ओर लौटने की प्रेरणा देता है। अब समय है कि हम अपने जंगलों, खेतों और रसोइयों से निकले पारंपरिक पौधों को फिर से अपनाएं, क्योंकि यही हैं हमारे स्वास्थ्य और आजीविका के असली संरक्षक।

# दांतों में कैविटी और दर्द से समय रहते पाएं छुटकारा

**फल, सब्जियां, दूध और दालें जैसे हेल्दी खाने से दांत और मसूड़े रहते हैं मजबूत**

**दांत** हमारे शरीर का बेहद अहम हिस्सा हैं, जो न सिर्फ हमारे चेहरे की सुंदरता बढ़ाते हैं, बल्कि भोजन को चबाने और पचाने में भी खास भूमिका निभाते हैं, लेकिन आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में गलत खान-पान और मुंह की सही सफाई न करने की वजह से दांतों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इन समस्याओं में सबसे आम और गंभीर समस्या है, दांतों में सड़न यानी कैविटी। दंत विशेषज्ञ डॉ. रोहित सबलोक के मुताबिक, दांतों में सड़न की समस्या तब होती है, जब हम नियमित रूप से अपने दांतों की सफाई नहीं करते, ज्यादा मीठा खाते हैं या चिपचिपी चीजों का सेवन करते हैं। ये चीजें दांतों पर जमा होकर बैक्टीरिया को बढ़ावा देती हैं, जो एसिड बनाते हैं और धीरे-धीरे दांत की ऊपरी परत को नुकसान पहुंचाते हैं। समय के साथ यह परत टूटने लगती है और दांत में सड़न शुरू हो जाती है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर उम्र के लोग इस समस्या से प्रभावित होते हैं।



### शुरुआत में रोकें दांतों की सड़न

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल एंड क्रेनियोफेशियल रिसर्च (एनआईडीसीआर) के मुताबिक, दांतों में सड़न की समस्या अगर शुरुआती अवस्था में है, तो इसे रोका और ठीक किया जा सकता है। ऐसे मामलों में डेंटिस्ट फ्लोराइड लगाते हैं। यह दांतों की बाहरी परत को मजबूत करता है और शुरुआती सड़न को ठीक करने में मदद करता है। अगर सड़न बढ़ गई है और दांत में छेद बन जाता है, तो फिर सिर्फ फ्लोराइड से इलाज संभव नहीं होता। ऐसे में डेंटिस्ट दांत के सड़े हुए हिस्से को निकाल देते हैं, ताकि वह सड़न आगे न फैले। इसके बाद दांत के खाली हिस्से को फिलिंग मटेरियल से भर दिया जाता है। इसे फिलिंग करना कहा जाता है।

### शुरू में नहीं चलता कैविटी का पता

डॉ. रोहित बताते हैं कि शुरुआत में दांतों की सड़न का पता लगाना मुश्किल होता है, क्योंकि दर्द नहीं होता, लेकिन जैसे-जैसे यह समस्या बढ़ती है ठंडा या गर्म लगना, चबाने में दर्द और मुंह से बदबू जैसी समस्याएं सामने आने लगती। बच्चों में यह समस्या सबसे ज्यादा देखी जाती है, क्योंकि वे चॉकलेट, टॉफी और मीठी चीजें ज्यादा खाते हैं और ब्रश ठीक से नहीं करते, अगर समय रहते इसका इलाज न किया जाए, तो यह दांत के अंदर मौजूद नसों तक पहुंच सकती है, जिससे तेज दर्द, सूजन और यहां तक कि दांत निकालने की नौबत आ सकती है, इसलिए जरूरी है कि हम अपने दांतों की देखभाल करें और वक्त रहते इसका इलाज करें।

### मीठे और स्टार्च वाले फूड्स से बचें


**मीठे** और स्टार्च वाले फूड्स से बचें। बैलेंस और न्यूट्रिशनल डाइट लें, फल, सब्जियां, दूध और दालें जैसे हेल्दी खाने से दांत और मसूड़े मजबूत रहते हैं। बार-बार कुछ न खाने की आदत डालें, क्योंकि बार-बार खाने से दांतों पर बैक्टीरिया का हमला ज्यादा होता है। हर छह महीने में एक बार डेंटिस्ट के पास चेकअप के लिए जरूर जाएं।



**-डॉ. रोहित सबलोक**
**दंत विशेषज्ञ, सोलन**

### फ्लोराइड माउथ रिंस का करें उपयोग

**डॉ.** रोहित बताते हैं दांतों में सड़न की समस्या को रोकने के लिए फ्लोराइड टूथपेस्ट से ब्रश करें। दिन में दो बार फ्लोराइड टूथपेस्ट से ब्रश करना दांतों को मजबूत करता है। फ्लोराइड माउथ रिंस का उपयोग करें, जो दांतों पर एक परत बनाकर उन्हें सड़न से बचाता है। अच्छी ओरल हाइजीन अपनाएं। दिन में दो बार सुबह और रात में ब्रश करें। दांतों के बीच की अच्छी तरह सफाई करें, ताकि फंसे खाने के कण निकल जाएं, वहां सबसे ज्यादा बैक्टीरिया पनपते हैं।



# कार में चक्कर आना मोशन सिकनेस

**अभी वेकेशन का समय चल रहा है और ऐसे में अकसर कहीं घूमने जाने के समय अगर कार में चक्कर आने की समस्या हो तो सफर में काफी परेशानी होती है। कार में चक्कर आना, जिसे मोशन सिकनेस भी कहा जाता है, एक आम समस्या है। यात्रा के दौरान होने वाली गति से मोशन सिकनेस हो सकती है। चाहे यात्रा कार, हवाई जहाज या नाव से की जाए, सभी से यह समस्या हो सकती है। कई लोगों को राइड्स में बैठने या पार्क में किसी गोल घूमती राइड्स में बैठने से भी हो सकता है। जब गति रुक जाती है, तो यह आमतौर पर अपने आप ठीक हो जाती है।**

### *क्यों होती है मोशन सिकनेस ?*

***जब** शरीर के अलग-अलग हिस्से जैसे आंखें, आंतरिक कान, मांसपेशियां और जोड़ों से मस्तिष्क को गति के बारे में अलग-अलग संदेश मिलते हैं, तो मोशन सिकनेस होती है। जब आप किसी वाहन में यात्रा कर रहे होते हैं, तो आपकी आंखें चलती हुई चीजें जैसे पेड़, संकेत आदि देखकर मस्तिष्क को संकेत देती हैं कि आप गति में हैं, लेकिन आपके कान और मांसपेशियों के नसें यह महसूस कराते हैं कि आप बैठे हुए हैं और स्थिर हैं। इन परस्पर विरोधी संदेशों को मस्तिष्क एक साथ नहीं समझ पाता, जिससे मोशन सिकनेस के लक्षण महसूस होते हैं।*

**_मोशन सिकनेस के लक्षण_**

*● चक्कर आना ● थकान महसूस होना ● सिरदर्द ● चिड़चिड़ापन ● मतली और उल्टी ● तेज सांसें लेना या बार-बार गहरी सांस लेने की आवश्यकता महसूस होना ● सामान्य से अधिक लार बनना ● पसीना आना, खासकर ठंडा पसीना*


### कार में चक्कर आने से बचने या कम करने के उपाय

● ऐसी सीट पर बैठें जहां हलचल कम महसूस हो। ● **क्षितिज को देखेंः** स्थिर चीज को देखने से आंखों और शरीर के संकेत संतुलित होते हैं। या फिर आंखे बंद करके बैठें। ● **पढ़ाई या मोबाइल स्क्रीन से बचेंः** इससे लक्षण और बढ़ सकते हैं। ● **ताजी हवा :** खिड़की खोलें या एयर कंडीशनर का उपयोग करें। ● **हल्का भोजन करें :** यात्रा से पहले भारी, तला-भुना भोजन न करें। 6. हाइड्रेटेड रहें। ● **अदरक या पुदीनाः** इनकी चाय, कैंडी या सप्लिमेंट मतली को कम कर सकते हैं।

***होमियोपेथिक उपचार से रोगी को लंबे समय तक राहत मिलती है और जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है।***

### मोशन सिकनेस के लिए होम्योपैथिक दवाएं

1. **कोक्कुलस) :** ये दवा मोशन सिकनेस के लिए बहुत उपयोगी है यदि किसी को यात्रा के दौरान मतली, लार आना, चक्कर आना और उल्टी से बचने के लिए लेटने की इच्छा हो या भोजन की गंध और दृश्य से बेचैनी हो, तो यह दवा दी जा सकती है।
2. **एकोनाइट :** जब यात्रा के दौरान अत्यधिक बेचैनी, डर और गर्मी महसूस हो तथा ठंडी चीजों की इच्छा हो, तो यह दवा फायदेमंद होती है।
3. **पेट्रोलियम :** अगर किसी को यात्रा में मतली, सिरदर्द, चक्कर, ठंडा पसीना, उल्टी, तेज भूख या भोजन विकार के साथ भ्रम और गुस्से की भावना हो, तो यह दवा लाभदायक है।
4. **बोरैक्स :** जब अचानक नीचे गिरने जैसा अनुभव (जैसे हवाई जहाज के टर्बुलेंस या लैंडिंग के समय) से घबराहट, बेचैनी और भ्रम हो, तब यह दवा उपयोगी होती है।
5. **नक्स वोमिका :** जब हल्की गति से ही चक्कर, मतली, बेहोशी जैसा एहसास और चिड़चिड़ापन हो, तब यह दवा दी जाती है। साथ ही, कब्ज, अपच और तेज सिरदर्द के मामलों में भी यह प्रभावी होती है।



**-डॉ. निधि जोशी, गांधीधाम, कच्छ (गुजरात)**

***नोटः किसी भी होम्योपैथिक दवा का सेवन प्रशिक्षित चिकित्सक की सलाह से ही करें, ताकि यह आपकी शारीरिक और मानसिक स्थिति के अनुसार दी जा सके।***

# काफलः पहाड़ों का लाल रत्न और प्रकृति की अनमोल देन

**हिमालय की पहाड़ियों के शांत परिदृश्य में एक छोटा, साधारण पेड़ उगता है, जिसके रूबी-लाल फल न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि पहाड़ के लोगों के जीवन और परंपराओं से पूर्णरूप से जुड़े हुए हैं। काफल हिमाचल के जंगलों का एक फल है जो 1,000 से 2,200 मीटर की ऊंचाई पर पाया जाता है। काफल उत्तरी भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में पाया जाता है। हिमाचल में यह मध्यम ऊंचाई वाले जिलों जैसे मंडी, कुल्लू, सोलन और सिरमौर में पाया जाता है। काफल का पेड़ लगभग 6 से 12 फीट लंबा सदाबहार पेड़ होता है और गर्मियों के महीनों में छोटे, बेरी जैसे फल देता है। काफल का फल मंडी और आसपास के जिलों में स्थानीय लोगों के दिल के बहुत करीब है। लोग हर साल गर्मियों के मौसम में फलों के आने का इंतजार करते हैं। गर्मियों के मौसम की शुरुआत के साथ ही काफल के पेड़ पर कलियां और कच्चे फल आने लगते हैं, जो धीरे-धीरे पकते हैं और लाल और काले रंग के मीठे फलों में बदल जाते हैं। स्थानीय लोग मई-जून के महीने में पूरी तरह से पकने के बाद इसकी ताजगी और मिठास का आनंद लेते हैं।**

**-देव प्रकाश दहिया और भवनेश्वरी देवी**

**अभिलाषी यूनिवर्सिटी के छात्र कर रहे शोध**



### कई बीमारियों के इलाज के लिए होता छाल, पत्तियों और फलों का उपयोग

**हिमाचल** के जिन क्षेत्रों में यह फल होता है, वहां के निवासी सदियों से काफल का उपयोग न केवल इसके ऊत्तम स्वाद के लिए करते आए हैं, बल्कि इसके औषधीय गुणों के कारण उपचार के लिए भी करते आए हैं। काफल की छाल, पत्तियों और फलों का उपयोग कई तरह की बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता रहा है। खांसी, जुकाम और गले के संक्रमण से राहत पाने के लिए छाल को उबालकर काढ़ा बनाया जाता है। पत्तियों को पीसकर पेस्ट बनाकर घाव या त्वचा की जलन पर लगाया जाता है। प्रदेश के कई गांवों में काफल घरेलू उपचार का हिस्सा है। पाचन में मदद करता है। सूजन को कम व रक्त को शुद्ध करता है। स्थानीय चिकित्सक इसे श्वसन और पेट की समस्याओं के लिए एक सौम्य, लेकिन प्रभावी पौधे के रूप में महत्व देते हैं।


### संरक्षण की जरूरत

कई लाभों के बावजूद माइरिका एस्कुलेंटा वनों की अत्यधिक कटाई से खतरे में पड़ रहा है। जैसे-जैसे जंगल सिकुड़ रहे हैं और जलवायु बदल रहा है, जंगली काफल की उपलब्धता कम होती जा रही है। इसके प्राकृतिक उत्पति स्थलों की रक्षा करने और टिकाऊ कटाई को प्रोत्साहित करने के लिए संरक्षण प्रयासों की आवश्यकता है। अभिलाषी विश्वविद्यालय का स्कूल ऑफ फार्मेसी काफल के पेड़ को सुरक्षित एवं संरक्षित करने की दिशा में पहल कर रहा है। यहां छात्रों को काफल के पौधे गमले में लगवाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। एक-दो साल तक संरक्षित करने के बाद इन पौधों को चिन्हित स्थान पर लगवाया जाएगा या स्थानीय लोगों को उनकी भूमि पर लगाने के लिए उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके साथ ही स्कूल ऑफ फार्मेसी स्नात्कोत्तर छात्रों के साथ मिलकर एक परियोजना तैयार कर रहा है, जिसके अंतर्गत काफल में पाए जाने वाले औषधीय घटकों का पृथक्कीकरण तथा खासी के उपचार के लिए एक सूत्रीकरण (फॉरमूलेशण) तैयार किया जाएगा।


### वैज्ञानिक शोध भी कर रहे हैं पुष्टि

आधुनिक वैज्ञानिक शोध ने उस बात को प्रमाणित करना शुरू कर दिया है, जो ग्रामीण सदियों से जानते हैं। अध्ययनों से पता चला है कि काफल (मिरिका एस्कुलेंटा) एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जो शरीर को ऑक्सीडेटिव तनाव, जो उम्र बढ़ने और दीर्घकालिक बीमारियों का मुख्य कारण है, से लड़ने में मदद करता है। प्रयोगशाला सेटिंग्स में इसके अर्क ने सूजनरोधी, रोगाणुरोधी और यहां तक कि मधुमेह विरोधी गुणों का प्रदर्शन किया है। काफल की छाल में मायरिकेटिन और फ्लेवोनोइड जैसे बायोएक्टिव यौगिक होते हैं, जो शरीर में प्रतिरक्षा कार्य को प्रोत्साहित करने और संक्रमण को कम करने के लिए जाने जाते हैं। हर्बल दवाओं और न्यूट्रास्युटिकल्स में बढ़ती रुचि के साथ, यह स्वादिष्ट फल जल्द ही एक प्राकृतिक स्वास्थ्यवर्धक के रूप में विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त कर सकता है यद्यपि इसका समग्र रूप से वैज्ञानिक विश्लेषण करना अभी बाकी है।

# गर्भाशय ग्रीवा कैंसर एक मौन हत्यारा जिसे समय पर रोकना संभव




***गर्भाशय** ग्रीवा यानी सर्विक्स का कैंसर महिलाओं के लिए एक गंभीर, लेकिन रोके जाने योग्य बीमारी है। यह विश्व स्तर पर महिलाओं में चौथा सबसे आम कैंसर है। GLOBOCAN 2020 के अनुसार, दुनियाभर में हर साल लगभग 6.04 लाख नए मामले सामने आते हैं और करीब 3.42 लाख महिलाओं की मृत्यु हो जाती है। भारत जैसे विकासशील देशों में यह स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां यह महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है।*



**डॉ. ललित एम. नेगी**
**चंबा मेडिकल कॉलेज।**

**_हिमाचल की स्थिति : जागरूकता के बावजूद चुनौती बरकरार_**

**हिमाचल** प्रदेश में पिछले तीन दशकों में इस कैंसर की दर में लगभग 48 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है, लेकिन यह अब भी राज्य में 14.77 फीसदी कैंसर के मामलों के लिए जिम्मेदार है। विशेषज्ञों के अनुसार, यहां करीब 10 फीसदी महिलाएं इससे प्रभावित हैं।

### मुख्य कारण

***ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV)***

गर्भाशय ग्रीवा कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) है, जो एक यौन संक्रामक वायरस है। इसके हाई-रिस्क प्रकारः HPV 16 और 18 - 99.7 फीसदी मामलों में कैंसर से जुड़े होते हैं। साथ ही, कम उम्र में यौन संबंध, बार-बार गर्भधारण, धूम्रपान, STDs, और कम इम्युनिटी इस बीमारी के जोखिम को बढ़ाते हैं।

**लक्षण :** प्रारंभिक अवस्था में कैंसर अकसर बिना लक्षण के रहता है, जिससे इसकी पहचान देर से होती है।

### आम लक्षणों में शामिल

- **अनियमित** या संभोग के बाद रक्तस्राव
- दुर्गंधयुक्त योनि स्राव श्रोणि या पीठ में दर्द
- वजन घटाना, भूख कम लगना
- बार-बार पेशाब आना या पेशाब में जलन

### जांच और निदान

पैप स्मीयर, VIA टेस्ट, HPV DNA टेस्ट जैसे तरीके समय रहते इस बीमारी का पता लगाने में मददगार हैं। डॉक्टरों की ओर से किया गया शारीरिक परीक्षण, बायोप्सी और एमआरआई जैसी तकनीकें रोग की स्थिति को समझने में सहायक हैं।

### टीकाकरण जरूरी

HPV वैक्सीन से इस बीमारी को प्रभावी रूप से रोका जा सकता है।

9-14 वर्ष की लड़कियों को दो डोज और 15 साल से ऊपर की युवतियों को तीन डोज दी जाती हैं। भारत में Cervari&, Gardasil, और Gardasil 9 जैसे टीकों की उपलब्धता है।

### इलाज के तरीके

- शल्य चिकित्सा (सर्जरी)
- रेडियोथेरेपी
- कीमोथेरेपी या इनका संयोजन

निष्कर्ष

***गर्भाशय ग्रीवा कैंसर पर जीत संभव है। बस जरूरत है समय पर टीकाकरण, नियमित जांच और सामाजिक जागरूकता की। महिलाओं को चाहिए कि वे इस विषय पर खुलकर बात करें और जांच करवाने में संकोच न करें।***

***प्रस्तुति : आरके सहगल, चंबा।***

## न्यूज ब्रीफ

### भगवान शिव की माया को जानना अत्यंत कठिन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** नाग मंदिर रक्कड़ में शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन परम श्रद्धेय स्वामी अतुल कृष्ण महाराज ने कहा कि वही मनुष्य धन्य और कृतार्थ हैं, उनका शरीर धारण करना भी सफल है और उन्होंने ही अपने कुल का उद्धार कर लिया है, जो शिव की उपासना करते हैं। शिव का नाम, विभूति तथा रुद्राक्ष यह तीनों त्रिवेणी के समान परम पुण्य वाले माने गए हैं। भगवान शिव का नाम गंगा है। विभूति यमुना मानी गई है तथा रुद्राक्ष को सरस्वती कहा है कि इन तीनों की संयुक्त त्रिवेणी समस्त पापों का नाश करने वाली है। जो शिव भक्तिपरायण हैं, जो शिव में अनुरक्त चित वाले हैं और जो शिव का स्मरण करते हैं, वे दुख के पात्र नहीं होते। वास्तव में संसार में सभी प्राणियों के लिए भगवान शिव की माया को जानना अत्यंत कठिन है। जिसने अपने आप को शिव को समर्पित कर दिया है, उस भक्त को छोड़कर शेष संपूर्ण जगत उनकी माया से मोहित हो जाता हैद्ध इस लोक में भगवान शिव की जैसी इच्छा होती है, वैसा ही होता है। समस्त विश्व उन्हीं की इच्छा के अधीन है और उन्हीं की वाणी रूपी तंत्री से बंधा हुआ है। माता-पिता का पूजन कर जो उनकी परिक्रमा कर लेता है, उसे पृथ्वी की परिक्रमा करने से होने वाला फल निश्चित रूप से प्राप्त हो जाता है।

### पत्रकारिता की आजादी पर हमला बर्दाश्त नहीं

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** ऊना जिले के तहत गगरेट के पत्रकार के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर को लेकर जसवां-परागपुर क्षेत्र के पत्रकारों में रोष जताया है। जसबा-परागपुर प्रेस क्लब ने एकजुट होकर इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की और इसे पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर सीधा हमला करार दिया। प्रेस क्लब के चेयरमैन सहित अन्य पत्रकारों ने जिला प्रशासन और पुलिस विभाग से मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर तुरंत एफआईआर को रद्द किया जाए। पत्रकारों ने दो टूक कहा कि अगर जल्द न्याय नहीं मिला, तो यह विरोध केवल परागपुर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रदेशव्यापी आंदोलन का रूप लेगा।

### हल्दरा में भंडारे में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की सांबा पंचायत के वार्ड नंबर-3 हल्दरा गांव में भंडारा लगाया गया। इसमें सांबा, सन्हूं पंचायत व आसपास से आए लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मान्यता है कि गांव में किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए पानी की जरूरत पड़ती है, तो इंद्र देव को प्रसन्न किया जाता है। उनकी पूजा करने के उपरांत उन्हें भोग लगाया जाता है और वह प्रसन्न हो जाते हैं और फसल भी अच्छी होती है। इस दौरान सांबा पंचायत की प्रधान जिंदो देवी, उपप्रधान संजय गुलेरिया, त्रिलोक चंद चौधरी, रविंद्र कुमार, माधो राम, संजय कुमार, सरवन कुमार, अजय कुमार, गुरदेव चंद, ओम प्रकाश, सुशील कुमार, सुभाष चंद व उत्तम सिंह ने सहयोग दिया।

### पिंडेश्वरी मंदिर में 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण



**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के थुरल मंडल में नौरा के प्रसिद्ध पिंडेश्वरी देवी मंदिर में सैकड़ों लोगों ने प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम को लाइव देखा। इसमें सुलह के भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार भी विशेष रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम के पश्चात विपिन सिंह परमार ने को संबोधित करते हुए कहा कि नौरा में आयोजित यह कार्यक्रम इसलिए भी खास हो गया, क्योंकि इसका लाइव प्रसारण दूरदर्शन के दल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की ओर से हाल ही में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को मात्र तीन दिनों में ही घुटनों पर आ गया, जोकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच और भारतीय सेना का शौर्य, पराक्रम का प्रतीक है।

### सागव हेड ब्वॉय और सौभया बनी हेड गर्ल



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल सूरजपुर में चेयरमैन रणवीर सिंह, सेक्रेटरी कंवलजीत सिंह और प्रधानाचार्या अनुप्रीत कौर की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसआई डमटाल अशोक कुमार, एएसआई सतिंदर सिंह जैसवाल मौजूद रहे। सागव को हेड ब्वॉय, सौभया को हेड गर्ल चुना गया। वहीं, डिप्टी हेड ब्वॉय शौनिक, डिप्टी हेड गर्ल दिक्षा को बनाया गया। वाइस हेड ब्वॉय सूर्याश, वाइस हेड गर्ल चाहत को चुनाय गया। प्रिंसिपल अनुप्रीत कौर ने छात्रों को अनुशासन में रहने की सलाह दी।

### रिड़कमार कॉलेज में पहली से शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय रिड़कमार में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रथम प्रवेश प्रक्रिया 1 जून से शुरू होगी। प्राचार्य डॉ. युवराज सिंह ने बताया कि बीए प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी 1 जून से 19 जून तक ऑफलाइन प्रवेश फॉर्म भर सकते हैं। बीए प्रथम वर्ष में दाखिले के लिए प्रथम मेरिट सूची 20 जून तथा द्वितीय मेरिट सूची 24 जून को महाविद्यालय के सूचना पट्ट और आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाएगी। इच्छुक छात्र-छात्राएं महाविद्यालय में आकर पंजीकरण कर सकते हैं और प्रोस्पेक्टस प्राप्त कर सकते हैं। 28 से 30 जून तक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ताकि नवप्रवेशित विद्यार्थी महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक व प्रशासनिक गतिविधियों से परिचित हो सकें। पहली जुलाई से नियमित कक्षाएं आरंभ हो जाएंगी।

# गोरखा भवन और सभागार का 10 लाख से होगा सौंदर्यीकरण

## गोरखा एसोसिएशन के समारोह में डॉ. राजीव भारद्वाज ने सांसद निधि से प्रदान की राशि

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**



सांसद भारद्वाज को सम्मानित करते गोरखा एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र राणा

**धर्मशाला।** हिमाचल एवं पंजाब गोरखा एसोसिएशन का वार्षिक समारोह रविवार को धर्मशाला के श्यामनगर गोरखा भवन के मास्टर मित्रसेन थापा सभागार में आयोजित किया गया। इसमें कांगड़ा-चंबा के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

गोरखा एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र राणा ने सांसद को गोरखाली टोपी-मफ्लर संग खुंखरी स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। डॉ. राजीव ने मास्टर मित्रसेन थापा सभागार एवं गोरखा भवन के सौंदर्यीकरण को 10 लाख रुपए की राशि सांसद निधि से प्रदान की। उन्होंने कहा कि हिमाचल देवभूमि है और जिला कांगड़ा-चंबा में सभी धर्मों का मेलझोल से रहना पूरे विश्व को शांति का संदेश देता है। उन्होंने गोरखा स्वतंत्रता सैनानियों, वीरों, पूर्व सैनिकों, पूर्व सैन्य अधिकारियों व जवानों के शौर्य व पराक्रम को लेकर गोरखा सभा में स्थापित सग्रंहालय में पहुंचकर भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल सहित कांगड़ा-चंबा जिले के विभिन्न विकासात्मक मुद्दे वह दिल्ली में उठा रहे हैं। मोदी सरकार व उनकी कैबिनेट ने कई महत्वपूर्ण तोहफे हिमाचल को दिए हैं। इस अवसर पर जिला कांगड़ा भाजपा अध्यक्ष सचिन शर्मा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु, धर्मशाला भाजपा मंडल ग्रामीण अध्यक्ष भुवनेश आदि मौजूद रहे।

### प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** प्रदेश न्यू पेंशन स्कीम रिटायर्ड कर्मचारी एवं अधिकारी महासंघ का प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष डॉ. संजीव गुलेरिया और वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. विपन महाजन के नेतृत्व में लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज से मिला और ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आग्रह किया कि सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल की जाए। दस वर्ष से कम सेवाकाल वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों को महंगाई से जूझना पड़ रहा है। डॉ. राजीव भारद्वाज ने प्रतिनिधिमंडल को उनकी मांग का जल्द हल करवाने का आश्वासन दिया।

# विधायक कमलेश ने दिखाई हरिपुर से डेरा ब्यास के लिए बस को हरी झंडी



डेरा ब्यास के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं विधायक कमलेश ठाकुर।

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**नगरोटा सूरियां।** पुरानी मांग को अमलीजामा पहनाकर विधायक कमलेश ठाकुर ने लोगों को बड़ी राहत दिलाई है। देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर ने रविवार को हरिपुर से डेरा ब्यास के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है।

हरिपुर से पिछले कई सालों से ब्यास के लिए एक बस सेवा शुरू किए जाने की मांग उठती रही है, जिसको आखिरकार पूरा कर दिया है। एचआरटीसी के वाइस चेयरमैन अजय वर्मा ने कहा कि विधायक कमलेश ने लोगों की मांग को पूरा कर बड़ी सौगात दी है। अब लोग एक दिन में ही ब्यास जाकर वापस आ सकेंगे। कमलेश ठाकुर ने कहा कि यहां से काफी लोग डेरा ब्यास सत्संग के लिए जाते हैं, जिनके लिए यह बस बहुत मददगार रहेगी। यह बस सुबह 7:00 बजे हरिपुर से चलकर 12:30 बजे डेरा ब्यास पहुंचेगी और उसी दिन दोपहर 2:00 डेरा ब्यास से चलकर वापस शाम 7:30 बजे हरिपुर पहुंच जाएगी। इस मौके पर डिविजनल मैनेजर हमीरपुर राजकुमार डिप्टी डिविजनल मैनेजर देहरा राजेंद्र सिंह पठानिया व अन्य मौजूद रहे।

## डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ

# नशे से बच्चों को बचाना होगा: अजय

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**



प्राचार्य डॉ. बलजीत ने मुख्यातिथि अजय का शॉल और टोपी पहनाकर किया स्वागत।

**कांगड़ा।** एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में रविवार को तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ हुआ। एचआरटीसी उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने मुख्यातिथि को शॉल और टोपी पहनाकर स्वागत किया।

अजय वर्मा ने बताया कि डीएवी कॉलेज लगातार बुलंदियों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में एक गंभीर समस्या नशे की है, जिससे बच्चों को बचाना होगा तथा माता-पिता और शिक्षकों का मुख्य दायित्व भी है। इस मौके पर प्रदेश विश्वविद्यालय के प्रोफेसर महावीर सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आने वाला समय क्वांटम वर्ल्ड का है और अगर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में रोजगार की बात की जाए, तो ग्रीन एनर्जी, डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी इत्यादि रोजगार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कॉन्फ्रेंस के पहले दिन प्रथम आमंत्रित वक्ता के रूप में किंग अब्दुल्लाह इंस्टीट्यूट फॉर नैनोटेक्नोलॉजी किंग सऊदी यूनिवर्सिटी सऊदी अरबिया से खालिद मुजस्सम बट्ट वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि बिस्मथ फेराइट-आधारित ऑक्साइड नैनोस्ट्रक्चर को बढ़ते ऊर्जा संकट और पर्यावरण प्रदूषण के लिए एक प्रभावी समाधान प्रदान करने के लिए रासायनिक रूप से संसाधित किया था। दूसरे आमंत्रित वक्ता के रूप में नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी हमीरपुर से डॉ. पामिता अवस्थी वर्चुअल माध्यम से उपस्थिति रहीं। तीसरे आमंत्रित वक्ता के रूप में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय से प्रो. खेमराज शर्मा ने बताया कि अभूतपूर्व वैज्ञानिक प्रगति और जटिल वैश्विक परिदृश्य वाले युग में परस्पर निर्भरता के संदर्भ में एक सार्वभौमिक नैतिक ढांचे की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक जरूरी है। 43 छात्र छात्राओं ने पोस्टर प्रेजेंटेशन में भाग लिया ।

### काऊ सेंचुरी पर राजनीति करने वाले होंगे बेनकाब: प्रवीण

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** इंसाफ संस्था के अध्यक्ष एवं पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीण कुमार ने अगर इंसाफ संस्था के प्रस्तावित ड्रीम प्रोजेक्ट काऊ सेंचुरी के ऊपर राजनीतिक खेल न खेला होता, तो आज यह स्थल गोधाम के रूप में विकसित नजर आता।

पूर्व विधायक ने कहा कि इंसाफ संस्था के प्रयासों से किस ढंग से तीन सौ कनाल भूमि का चयन किया गया। पंचायत एवं ग्रामसभा को विश्वास में लेकर तमाम विभागों की अनापतियों एवं शर्तों के साथ एक के बाद एक प्रस्तावित स्थल का संयुक्त निरीक्षण करवाया गया। उन्होंने कहा कि यहां तक कि तत्कालीन पशुपालन मंत्री वीरेंद्र कंवर व गो सेवा आयोग के चेयरमैन अशोक शर्मा ने भी संयुक्त निरीक्षण करके इस जगह को हरी झंडी दी थी।

### बेसहारा बच्चों के बनेंगे बायोमेट्रिक नामांकन और आधार कार्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्मशाला बेसहारा बच्चों का मानचित्रण करना तथा आधार पंजीकरण सुविधा यूआईडीएआई, बाल कल्याण समितियों और जिला प्रशासन के साथ समन्वय कर ऐसे बच्चों के बायोमेट्रिक नामांकन और आधार कार्ड बनाना सुनिश्चित करेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिखा लखनपाल ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने इस अभियान की शुरुआत बेसहारा बच्चों को सामाजिक कल्याण तक पहुंच की सुविधा प्रदान करने के लिए और कानूनी पहचान प्रदान करने के लिए की है। इस अभियान का उद्देश्य देखभाल गृहों, आश्रय गृहों, अनाथालयों, बाल देखभाल संस्थानों, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सहायता से 26 मई से 26 जून तक उपरोक्त बच्चों की पहचान करना है, जिनके पास आधार कार्ड नहीं हैं। 27 जून से 5 अगस्त तक उन बच्चों के आधार कार्ड बनाने में मदद होगी। हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण शिमला के तत्वावधान में कांगड़ा जिले में साथी समिति का गठन किया गया है। इस समिति मे जिला बाल संरक्षण अधिकारी, कांगड़ा स्थित धर्मशाला, जिला कांगड़ा के सभी तहसीलदार, उपनिदेशक, प्रारंभिक शिक्षा धर्मशाला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कांगड़ा,जिला कार्यक्रम अधिकारी आदि शामिल हैं।

# चंद्र कुमार ने मदोली मेला मैदान निर्माण को दिए ₹7.51 लाख



जय पीर बाबा मदोली मेले के समापन पर कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार, विधायक मलेंद्र व अन्य।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने रविवार को जय पीर बाबा मदोली में आयोजित तीन दिवसीय छिंज मेले के समापन पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर विधायक मलेंद्र राजन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

चंद्र कुमार ने छिंज मेला कमेटी को मैदान के निर्माण कार्य के लिए 5 लाख की राशि देने की घोषणा की, जिससे आयोजन की व्यवस्था और सुविधाएं और सुदृढ़ हो सकें। इसके अलावा व्यक्तिगत रूप से 2.51 लाख रुपए की नकद राशि भी मेला समिति को भेंट की। उन्होंने घोषणा की कि मेला स्थल में हैंडपंप स्थापित करने की संभावना का पहले भूजल परीक्षण किया जाएगा और यदि जमीन में पर्याप्त जलस्तर पाया गया, तो हैंडपंप अवश्य लगाया जाएगा। विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि जय पीर बाबा मदोली छिंज मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने मेला कमेटी को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने मेला स्थल के विकास के लिए 3 लाख रुपए की राशि देने की भी घोषणा की। वहीं, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कर्ण सिंह पठानिया (मालटू) ने भी मेला समिति को 1.5 लाख रुपए की राशि भेंट की ।

### भाली में हैंडपंप न लगाने पर ग्रामीणों का रोष

**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर भाली बाजार में फोरलेन कार्य के चलते हैंडपंप को निर्माणाधीन कंपनी ने करीब 5 महीने पहले उखाड़ दिया था, जिसे अभी तक दूसरी जगह पर नहीं लगाया गया है। इसके चलते ग्रामीणों ने फोरलेन कंपनी व जलशक्ति विभाग के खिलाफ रोष है। ग्रामीणों ने कहा कि गर्मी के मौसम के चलते पेयजल की समस्या रहती है। एक मात्र सहारा हैंडपंप था, उसे भी बंद कर दिया है। फोरलेन कार्य के दौरान भाली में 5 हैंडपंप उखाड़े थे, जिनमें 3 अभी तक नहीं लगाए गए हैं। कई बार फोरलेन निर्माण कंपनी से बात कर चुके हैं, लेकिन हैंडपंप को दूसरी जगह इंस्टॉल नहीं किया गया है। लोगों ने जलशक्ति विभाग व प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द हैंडपंप लगाया जाए।

### चाहंग महासभा की गतिविधियों पर मंथन

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** अखिल भारतीय क्षत्रिय घृत बाहती चाहंग महासभा की बैजनाथ यूनिट के पदाधिकारियों की बैठक रविवार को अध्यक्ष त्रिलोक नाथ चौधरी के अध्यक्षता में विश्राम गृह बैजनाथ में हुई। इसमें महासभा के प्रदेश अध्यक्ष श्रीकंठ चौधरी भी उपस्थित थे। महासभा की गतिविधियों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई व तय किया गया कि आगामी बैठक 8 जून रविवार को विश्राम गृह बैजनाथ में होगी। इसमें यूनिट बैजनाथ का चुनाव भी करवाया जाएगा।

### चिकित्सा सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम टेलीमेडिसिन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजीव गांधी राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय पपरोला में टेलीमेडिसिन सोसायटी ऑफ इंडिया के मानद सचिव डॉ. उमाशंकर सुब्रमण्यम के निर्देशन में एक दिवसीय टेलीमेडिसिन प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इसमें हिमाचल के विभिन्न जिलों से 36 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भाग लिया। संस्थान के प्राचार्य एवं डीन प्रो. डॉक्टर विजय चौधरी ने उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि टेलीमेडिसिन भविष्य की चिकित्सा सेवा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे न केवल दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को विशेषज्ञ परामर्श सुलभ हो सकता है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, गति एवं सुलभता भी सुनिश्चित होती है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मानिक सोनी अतिथियों का स्वागत किया। विशेषज्ञ वक्ता डॉ. उमाशंकर सुब्रमण्यम ने टेलीमेडिसिन की मूल अवधारणाओं, नैतिक मानकों, गोपनीयता, तकनीकी प्रक्रियाओं एवं मरीज-चिकित्सक संबंधों पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया।

### क्रिटिकल इलनेस राइडर बड़ा विकल्प : सुनील

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** आज के समय में गंभीर बीमारियों का इलाज जितना जटिल होता जा रहा है, उतना ही महंगा भी। ऐसे में सिर्फ सामान्य स्वास्थ्य बीमा या जीवन बीमा काफी नहीं है। इसी कड़ी में क्रिटिकल इलनेस राइडर एक ऐसा जरूरी कवच बनकर उभर रहा है, जो जीवनभर की पूंजी को बचा सकता है। वित्तीय सलाहकार सुनील डोगरा ने बताया कि लोग अकसर जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा तो ले लेते हैं, लेकिन गंभीर बीमारियों के इलाज में होने वाले खर्चों को नजरअंदाज कर देते हैं। कैंसर, हार्ट अटैक, स्ट्रोक जैसी बीमारियां न सिर्फ शारीरिक और मानसिक परेशानी देती हैं, बल्कि आर्थिक रूप से भी परिवार को झकझोर देती हैं। क्रिटिकल इलनेस राइडर एक राहत देने वाला विकल्प है। इसे बीमा पॉलिसी के साथ थोड़े से अतिरिक्त प्रीमियम में जोड़ा जा सकता है। बीमा धारक को यदि बीमा अवधि के दौरान कोई गंभीर बीमारी हो जाती है, तो बीमा कंपनी एकमुश्त राशि प्रदान करती है, जिससे इलाज आप बेशक भारत में करवाएं या भारत के बाहर ये आपके ऊपर निर्भर करता है, क्योंकि बीमा कंपनी ने आपके क्रिटिकल इलनेस कवर का पूरा पैसा आपको पहले ही दे देना होता है। आप इलाज अपनी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के कैशलैस करवा रहे हैं तब भी आपको ये क्रिटिकल इलनेस की बीमा राशि अलग से मिलती है।

### कांग्रेस का चरित्र आया सामने : संजय

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां ।** जवाली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता संजय गुलेरिया में प्रेसवार्ता में कहा कि जवाली में जलशक्ति विभाग के विश्रामगृह में जिस तरह से कांग्रेस पार्टी के युवा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने शराब पीकर हुड़दंग मचाया और वहां पर आपत्तिजनक सामग्री भी मिली, उसे साफ हो गया कांग्रेस का चाल और चरित्र सामने आ गया। उन्होंने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि इसकी पूरे तरीके से जांच हो और जनताको सच्चाई सामने आनी चाहिए। जो कांग्रेस के पदाधिकारी तथा युवा हैं उन पर करवाई होनी चाहिए।

### ऑपरेशन सिंदूर के बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के डिपो बाजार स्थित जोधामल सराय में ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के शौर्य को नमन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कर्नल राज कुमार शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि डॉ. मोनिका चौधरी मुख्य वक्ता रही। इस दौरान बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी गई। डॉ. मोनिका ने ऑपरेशन सिंदूर की रणनीतिक और नैतिक विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हम यहां केवल अपने सैनिकों के साहस को स्मरण करने के लिए नहीं, बल्कि भारत की बदलती रक्षा नीति को स्वीकार करने के लिए एकत्र हुए हैं। एक ऐसा युग जहां निर्णय दृढ़ और कार्य मर्यादित होता है।

### अकसाई चिन क्षेत्र को खाली करवाए भारत: जगदीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पहलगाम की आंतकवाद की घटना के बाद भारत की सेनाओं की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर के चलते न केवल कश्मीर की जनता, परंतु अंतरराष्ट्रीय समुदाय भारत के साथ है। यही उपयुक्त समय है कि भारत को चीन से अक्साई चिन विवादित क्षेत्र को खाली करवाना चाहिएं। संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा सेवानिवृत्त ने धर्मशाला में कहा कि भारतवर्ष में 22 अप्रैल कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुई आंतकवादियों की घटना के बाद ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। चीन ने 1962 के युद्ध में इस क्षेत्र को कब्जे में लिया था।

### कन्या स्कूल पपरोला न हो मर्ज, सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला पपरोला को दूसरे स्कूल में मर्ज करने को लेकर एसएमसी प्रधान अनिता कुमारी के नेतृत्व में क्षेत्र के लोगों ने रविवार को विधायक किशोरी लाल को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कुसुम लता, रिंपी रानी, मीरा देवी, रक्षा देवी, कुशवाहा देवी, निशा देवी, प्रिया, कृष्णा देवी, सावित्री देवी, बिनता देवी, चंचला देवी, किसनो देवी, अनीता, मनीषा, सवर्ण, शिवानी, अनुराधा देवी, मति देवी, सर्वजीत, शांति सिंह, विचित्र, मोना शर्मा, सोहन सिंह आदि का कहना है कि क्षेत्र का सबसे पुराना स्कूल है। यहां 156 छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। बुहली कोठी में मर्ज किया जाता है, तो इस क्षेत्र की छात्राओ को घर से ढाई से 3 किलोमीटर दूर जाना पड़ेगा। अभिभावकों को उनकी सुरक्षा के प्रति चिंता होगी। उन्होंने प्रदेश सरकार शिक्षा मंत्री तथा स्थानीय विधायक किशोरी लाल से आग्रह किया है कि इस पाठशाला में साइंस व कॉमर्स विषय शुरू किए जाए, ताकि दसवीं के बाद साइंस व कॉमर्स पढ़ने के लिए छात्राओं को दूसरे स्कूल में न जाना पड़े।


**परेशानी** बारिश ने खोली लोक निर्माण विभाग की पोल, शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

# डाडासीबा में नालियां बंद, सड़क बनी तालाब

**पिंकी, अनंत ज्ञान**



नालियां बंद होने से सड़क पर बहता बारिश का पानी।



**डाडासीबा।** डाडासीबा से तलवाड़ा रोड पर कलेहड़ गांव के पास बारिश ने लोक निर्माण विभाग की पोल खोल दी है। यहां बनाई गई नालियों के बंद होने से बारिश का पूरा पानी सड़क पर बहा और सड़क तालाब बन गई। सड़क किनारे बने घरों के सामने जलभराव हुआ और राहगीरों को कीचड़ व गंदे पानी के बीच से गुजरना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी अचल पठानिया ने बताया कि नालियां तो बना दी गई हैं, लेकिन पानी की निकासी की कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई। बारिश के समय पानी सड़कों पर जमा हो जाता है, जिससे राहगीरों व घरों में रहने वाले लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि विभाग को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि नाली निर्माण के समय ही उचित प्लानिंग नहीं की गई। यदि पानी निकासी के लिए चैनल बनाया गया होता, तो आज ये हालात पैदा नहीं होते। बरसात शुरू होने वाली है और अभी से हालत यह है कि सड़कों पर पानी भरने लगा है, जिससे हादसे का डर भी बना हुआ है। लोगों का कहना है कि विभाग के पास कर्मचारियों की कोई कमी नहीं है, बावजूद इसके समय रहते नालियों की सफाई नहीं करवाई जाती। समस्या का समाधान जल्द न किया गया, तो बरसात में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

> जल्द ही नालियों की सफाई करवाई जाएगी। स्थानीय लोग अपने घरों का गंदा पानी इन नालियों में छोड़ते हैं और जब आगे पानी निकासी के लिए नाली बनानी होती है, तो जगह देने से इनकार कर देते हैं।
>
> **नीतेश कौडल, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी, डाडासीबा।**

### कांग्रेस सरकार और संगठन के बीच तनातनी से विकास ठप: काजल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और विधायक पवन काजल ने कहा कि डीजीपी और एसपी शिमला की लड़ाई से प्रदेश की छवि को नुकसान हुआ है। अधिकारी ही आपस में उलझ रहे हैं, तो कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि डीजीपी कार्यालय में नशा तस्करों की मौजूदगी के आरोपों की गहराई से जांच होनी चाहिए। विधायक जनता के द्वारा कार्यक्रम के तहत दौलतपुर पंचायत के दुगयाल गांव में काजल ने कहा कि कांग्रेस सरकार और संगठन के बीच तनातनी के कारण प्रदेश विकास में लगातार पिछड़ रहा है।



कांग्रेस ने चुनाव के दौरान महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए देने और बेरोजगारों को हर साल एक लाख रोजगार देने का वादा किया था। ये गारंटियां अब अधूरी हैं। कांग्रेस सरकार कांगड़ा जिले में विकास के नाम पर एक भी नया प्रोजेक्ट शुरू नहीं कर पाई है। टांडा स्थित डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज में एक्स-रे और एमआरआई मशीनें खराब पड़ी हैं। इससे सरकार के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के दावे झूठे साबित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र की कॉलेज रोड से तहसील चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस मौके पर गणेश युवा क्लब के अशोक, सुनील, श्रवण, राजीव, ज्ञानचंद, अंजू बाला, सुमन देवी और शेर सिंह मौजूद रहे।

# मोटर मार्केट शिफ्ट करने के कार्य में लाई जाएगी तेजी : विक्रमादित्य

## लोक निर्माण मंत्री ने कच्ची घाटी में व्यापार मंडल कार्यालय का किया लोकार्पण

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** शहरों के विकास में व्यापार मंडल की भूमिका अहम रहती है। स्वरोजगार के साथ लोगों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाने में व्यापार मंडल वर्षों से कार्य कर रहा है। व्यापार मंडल के बेहतर संचालन के लिए अब कार्यालय एमसी भवन से चलेगा। यह बात लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने रविवार को नगर निगम शिमला द्वारा घोड़ा चौकी कच्ची घाटी में व्यापार मंडल के कार्यालय के लोकार्पण के अवसर पर कही।

उन्होंने कहा कि यहां के व्यापारियों की लंबे समय से मांग है कि मोटर मार्केट के लिए अलग से स्थान चिन्हित किया जाए। मल्याणा में मोटर मार्केट के किए भूमि का चयन कर लिया गया है, इसके साथ ही भूमि परिवहन विभाग के नाम पर ट्रांसफर कर दी गई है, इस जगह का निरीक्षण जल्द कर सीएम के समक्ष मामले को उठाया जाएगा, ताकि कार्य में तेजी आए। उन्होंने कहा कि मोटर मार्केट शिफ्ट होने से शहर में जाम से काफी निजात होगा। उन्होंने कहा कि कच्ची घाटी में पार्किंग के लिए भूमि ढूंढें। जैसे ही भूमि का चयन हो जाएगा पार्किंग निर्माण के लिए बजट मुहैया करवाया जाएगा।




### ये रहे मौजूद

इस मौके पर नगर निगम आयुक्त भूपिंद्र कुमार, संयुक्त आयुक्त डॉ भुवन शर्मा, पार्षद किरण शर्मा, पार्षद दिलीप थापा, मनोनीत पार्षद दिलीप सूद, गीतांजलि, हरजीत सिंह बंगा, गोपाल शर्मा, मलकीयत सिंह, यशपाल जोशी, मदन, राम दास, अशोक गर्ग, कमल चडोग, राजकुमार, सहित कई मौजूद रहे।

### अंतिम चरण में चल रहा हाई प्रेशर पेयजल आपूर्ति योजना का कार्य

**मंत्री** विक्रमादित्य ने कहा कि शिमला शहर के लिए 24 घंटे हाई प्रेशर पेयजल की आपूर्ति की योजना अंतिम चरण में है, इस योजना से शहर वासियों के साथ-साथ कच्ची घाटी क्षेत्र में रहने वाले हजारों लोगों को भी लाभ मिलेगा।

### लोक निर्माण मंत्री को नवाजा

**व्यापार** मंडल प्रधान मलकीयत सिंह ने लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह को शॉल, टॉपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कच्ची घाटी में 'मंत्री आपके द्वार' कार्यक्रम में विक्रमादित्य ने की शिरकत

# सामुदायिक भवन के लिए दिए 40 लाख

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**मंत्री** आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन रविवार को कच्ची घाटी वार्ड में किया गया। इस कार्यक्रम में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि लोगों की शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दीपक प्रोजेक्ट से तुलसी राम हाउस तक सड़क निर्माण के लिए 20 लाख रुपए का प्रावधान किया जाएगा। इसके साथ ही वार्ड में एक सामुदायिक भवन का निर्माण भी करवाया जाएगा जिसके लिए उन्होंने 40 लाख रुपए के बजट का प्रावधान करने की घोषणा की। वहीं वार्ड में विभिन्न एंबुलेंस मार्गों के निर्माण के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 1500 किलोमीटर सड़कों का निर्माण कार्य इसी वित्तीय वर्ष में शुरू कर दिया जाएगा। जैसे ही इन सड़कों का हस्तांतरण लोक निर्माण विभाग कर लेगा, उसी के बाद कार्य आरंभ हो जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि जल्दी ही शिमला ग्रामीण के तहत आने वाले नगर निगम के वार्डों में लोगों से व्यक्तिगत रूप में मिलकर उनकी जन शिकायतें भी सुनी जाएंगी। हमारी प्राथमिकता है जनता के साथ सीधा संवाद हो और जनता के कल्याण में किसी भी प्रकार की देरी न हो।



### मंत्री ने मौके पर निपटाईं कई समस्याएं

**मंत्री** आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान लोगों ने कई शिकायतें रखी। इस दौरान मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कई शिकायतों को मौके पर निपटा दिया बल्कि शेष समस्याओं को आगे भेरकर इसके जल्द समाधान के निर्देश जारी किए गए।

# टुटीकंडी में 24.87 ग्राम चिट्टे सहित युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला में नशे के खिलाफ पुलिस को अभियान जारी है। शहर के टुटीकंडी पुराने बैरियर पर गश्त के दौरान पुलिस ने एक युवक से 24.87 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। आरोपी की पहचान परमिंदर सिंह निवासी पंजाब के रूप में हुई है। उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने शनिवार की रात बालूगंज थाना क्षेत्र में ये कार्रवाई की है। बालूगंज थाने में हेड कांस्टेबल मनोज कुमार द्वारा गश्त के दौरान संदेह के आधार पर एक युवक की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के पास से 24.87 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। इसके बाद तुरंत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी चिट्टा कहां से लेकर आया था और इसका सप्लाई नेटवर्क क्या है।

# सड़क की जद में आए मकानों को बचाने के लिए लोगों ने खटखटाया कोर्ट का दरवाजा

दशमी रावत, अनंत ज्ञान

**रोहड़ू।** एनएच 707 पर सनैल से हाटकोटी 12.7 किलोमीटर तक सड़क वर्ष 2022 से निर्माणाधीन है। सड़क का निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा करीब 78 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। लेकिन एनएच मार्ग के निर्माण की रफ्तार में प्रभावशाली लोगों के भवन व सड़क की जद में आए, रिजर्व फारेस्ट के 200 पेड़ रोड़ा बन गए हैं।

कुड्डू से आगे पांगला के पास दो किलोमीटर सड़क में करीब 200 के करीब पेड़ है। जिनको हटाने की वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की ओर से स्वीकृति अभी तक नहीं मिली है। पेड़ न हटने के कारण निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार का काम भी इस पेच पर लंबे समय से रुक गया है। वहीं सड़क की जद्द में आए मकानों को बचाने के लिए कई प्रभावशाली लोग न्यायालय तक पहुंच गए हैं। जिस कारण केंद्र सरकार की करोड़ों रुपये की परियोजना अवधि पूरी होने पर ही अधर में लटकी हुई है। हाटकोटी से स्नैल के बीच पांच पुलों का निर्माण होना है। जिसमें से दो पुलों पर फेबरिकेशन का कार्य शेष रह गया है। जबकि तीन पुलों का कार्य अभी भी प्रगति पर है। एनएच 707 मार्ग पर सरस्वतीनगर बाजार को फोरलेन बनाने का भी प्रस्ताव है। जिसका केस विभाग ने स्वीकृति के लिए दिल्ली भेजा हुआ है। अभी तक विभाग को बाजार का एरिया फोरलेन बनाने की स्वीकृति नहीं मिल सकी है। जिस कारण बाजार में सड़क को चौड़ीकरण का कार्य नहीं हो पा रहा है।

### क्या कहते हैं एनएचएआई के अधिशाषी अभियंता

**एनएचएआई** के अधिशाषी अभियंता रवि भट्टी ने बताया कि पेड़ों के कटान की सैद्धांतिक मंजूरी तो मिल गई है। लेकिन अभी वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की ओर से स्वीकृति मिलनी शेष है। स्वीकृति मिलने के बाद फारेस्ट कारपोरेशन द्वारा पेड़ों को हटाया जाएगा। तभी मार्ग को चौड़ा करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो मकान सड़क निर्माण के दौरान हटाए जाने थे। उनमें से कई लोग न्यायालय पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि सस्वतीनगर बाजार की सड़क को फोरलेन बनाया जाना है। जिसका केस दिल्ली भेजा गया है। अभी इस मामले में स्वीकृति आनी शेष है।


सरस्वती नगर बाजार की फाइल फोटो।

पांगला में एनएच 707 सड़क के किनारे से पेडों को हटाने की स्वीकृति अभी तक नहीं मिली है। जैसे ही स्वीकृति मिलेगी। उसके बाद फारेस्ट कारपोरेशन पेड़ों को हटाएगा।

**रवि शंकर शर्मा**
**वन मंडल अधिकारी, रोहड़ू।**

# भाजपा मंडल ठियोग ने सभी बूथों पर सुनी 'मन की बात'



अनंत ज्ञान, ठियोग

**भाजपा** मंडल ठियोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को अपने सभी 48 बूथों पर सुना। यह जानकारी राम कृष्ण मदराडी महामंत्री भाजपा मंडल ठियोग ने दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा की और कहा कि यह सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, बल्कि यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन ने देश के लोगों को देशभक्ति के भाव से भर दिया है और तिरंगे के रंग में रंग दिया है। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न शहरों और गांवों में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं और हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना के प्रति वंदन-अभिनंदन करने निकले।

उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन के बाद देश में वोकल फॉर लोकल को लेकर एक नई ऊर्जा दिख रही है और लोग देश में बने उत्पादों को अपनाने का संकल्प ले रहे हैं। महिलाओं की भूमिका पर पीएम मोदी ने कहा कि आज कई महिलाएं खेतों में काम करने के साथ-साथ आसमान की ऊंचाइयों को भी छू रही हैं और ड्रोन उड़ाकर कृषि में नई क्रांति ला रही हैं।

# कुफरी में लोग 'काफल' के लगा रहे चटकारे

**बाबू राम चौहान, अनंत ज्ञान, जुन्गा।** पर्यटक स्थल कुफरी, सिलोनबाग, कोटी, मुडाघाट व जुन्गा के अनेक क्षेत्रों में इन दिनों काफल पक कर तैयार हो गया है। जिसका पर्यटक खूब आनंद ले रहे हैं। ग्रामीण परिवेश के लोग जंगलों में काफल को चुनने में पूरा दिन लगे रहते हैं। काफल के पेड़ काफी ऊंचे होते है। गांव के लोग अपनी जान को जोखिम में डालकर काफल का एक-एक दाना बड़े चाव से चुनकर बेग में भर कर घर लाते हैं। काफल फल ग्रामीण लोगों के लिए आय का साधन भी बन चुका है। इस क्षेत्र के लिए काफल को पर्यटक स्थल कुफरी, चायल, सिलोनबाग में सड़क के किनारे बैठकर बेचते है जिसका पर्यटक खूब लुत्फ उठाते हैं। बता दें कि काफल एक जंगली फल है, जोकि सभी औषधीय गुणों से भरपूर है। यह फल हिमाचल प्रदेश सहित हिमालय के अन्य क्षेत्रों में जंगली तौर पर पाए जाने वाला एक सदाबहार पेड़ है जोकि कई औषधीय गुणों से भरपूर होने से शरीर की प्रतिशोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होता है ।

# ग्रामीणों ने चेवड़ी में ठेका खोलने का किया विरोध

महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान

**सुन्नी।** उपमंडल की ग्राम पंचायत चेवड़ी में ग्रामीणों ने शराब का ठेका खोलने पर दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा । चेवड़ी में शराब का ठेका खुलने के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों सहित महिला मंडल की सदस्याएं भी शामिल रही।

बता दें कि शनिवार को आरंभ हुए इस प्रदर्शन में स्थानीय महिलाओं ने जमकर विरोध किया व पांच महिला मंडलों के सदस्यों ने भी इस प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जानकारी के अनुसार आबकारी एवं काराधान विभाग की ओर से पंचायत चेवड़ी में सुत्री लुहरी मार्ग पर सुन्नी डेम स्थल खेरा में शराब ठेका खोलने की अनुमति प्रदान की तथा विभाग ने स्थानीय निवासी के साथ किराए के तौर पर अनुबंध करके ठेका आरंभ करने की सभी औपचारिकताएं पूरी कर भी कर ली गई। लेकिन विभाग के इस फैसले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और महिलाओं द्वारा नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन भी किया गया । शनिवार को जलोग पुलिस चौकी के पुलिस बल एवं नायब तहसीलदार सुन्नी भी प्रदर्शन स्थल पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या सुनी तथा पहुंचे तथा ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार के माध्यम से एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा। प्रधान ग्राम पंचायत चेवड़ी छविंद्र पाल ने बताया कि शराब ठेका खुलने की वजह से यहां का माहौल खराब होगा जबकि क्षेत्र में तीन किलोमीटर दूरी पर पहले से ही ठेका खुला है तो चेवड़ी पंचायत में ठेका खोलने का कोई औचित्य नहीं है। इससे क्षेत्र में नशे को संलिप्तता अधिक बढ़ेगी तथा लोग विशेषकर युवा वर्ग नशे की तरफ आकर्षित होंगे।

### सरकार और प्रशासन से ठेका बंद करने की गुहार

**स्थानीय** लोग इस ठेके को बंद करने हेतु विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यह लोग सरकार तथा प्रशासन से यह ठेका बंद करवाने की गुहार लगा रहे हैं।

# हिमाचल-पंजाब सीमा पर भीषण सड़क हादसा; 1 की मौत, 2 जख्मी

## कुल्लू-मनाली जा रहे थे पर्यटक, अज्ञात वाहन से टकराई


किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर सड़क हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी

**हिमाचल** प्रदेश और पंजाब की सीमा पर स्थित टोल प्लाजा के समीप रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर हुआ, जब कार पीछे से किसी अज्ञात वाहन से जा टकराई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भयानक थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी में कुल पांच लोग सवार थे, जिनमें एक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। शेष चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस से सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। सभी घायलों को गंभीर स्थिति को देखते हुए चंडीगढ़ रेफर कर दिया है। पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है, जो टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। हादसे का शिकार हुए सभी लोग हरियाणा के निवासी थे और छुट्टियां बिताने के लिए कुल्लू-मनाली की ओर जा रहे थे।

# कोटधार के मनु बने बड़ी माली के विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिनौला गांव में दंगल में आयोजन किया गया। छोटी माली के मुकाबले में ऊना अखाड़े के लक्ष्य बैरी ने चांदपुर अखाड़े के अर्पित को हराया। बैरी को विजेता के रूप में 6000 रुपए और गुर्ज देकर सम्मानित किया गया। उपविजेता अर्पित को 5000 रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। इन दोनों पहलवानों को राजकुमार वास्त्यान ने सम्मानित किया। बड़ी माली में कोटधार के मनु ने नवीन मंडी के पहलवान को हराकर विजेता का खिताब जीता। मनु को सदर विधायक त्रिलोक जमवाल ने 11,000 रुपए व गुर्ज देकर सम्मानित किया। उपविजेता को 10,000 रुपए की पुरस्कार राशि भेंट की गई। विधायक त्रिलोक जम्वाल ने क्षेत्र 2 लाख रुपए खेल मैदान में स्टेडियम निर्माण के लिए और 2 लाख बागी गांव की सड़क मरम्मत के लिए देने की घोषणा की। बसंत राम संधू ने विधायक के समक्ष क्षेत्र की विभिन्न मांगों को रखा। सवाल सहभोज की व्यवस्था को लेकर सुभाष ने 30,000 रुपए का योगदान दिया।

# सीर खड्ड में अवैध खनन जोरों पर, लोगों में आक्रोश

अनंत ज्ञान, झंडूता



**झंडूता** उपमंडल की सीर खड्ड में अवैध खनन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इससे स्थानीय लोगों में प्रशासन और सरकार के प्रति भारी रोष है। खनन माफिया सुबह-शाम ट्रैक्टरों से खड्ड से पत्थर और बजरी निकाल रहा है, जबकि प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

पिछले बरसात के मौसम में बढ़े जल प्रवाह के कारण हुए भूमि कटाव से खड्ड में भारी मात्रा में पत्थर और बजरी जमा हो गए हैं, जिसे माफिया आसानी से लूट रहे हैं। भीषण गर्मी के चलते तुगडी से आगे सीर खड्ड पूरी तरह सूख चुकी है, केवल आलो में थोड़ा पानी बचा है। इस स्थिति का फायदा उठाकर खनन माफिया खड्ड के बीच से ट्रैक्टरों में रेत-बजरी और पत्थरों को भर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि झंडूता से बरठीं और शाहतलाई तक सरकारी अधिकारियों की गाड़ियां दिनभर दौड़ती रहती हैं, फिर भी अवैध खनन पर कोई रोक नहीं लग रही।

### अवैध खनन के चलते गिर रहा जलस्तर

**अवैध** खनन के कारण सीर खड्ड का जल स्तर तेजी से गिर रहा है, जिससे खड्ड किनारे बने कुओं के सूखने का खतरा मंडरा रहा है। वहीं, पर्यावरण को हो रहे नुकसान ने भी स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की निष्क्रियता और लापरवाही के कारण खनन माफिया बेलगाम हो चुके हैं। इस खनन अधिकारी बिलासपुर कुमारी बिंदिया ने बताया कि हमारा स्टाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। ऐसा नहीं है कि हमारी तरफ से कार्रवाइ नहीं हो रही है, जल्द जायजा लिया जाएगा।

# अंशकालीन जलवाहक कर्मचारी जल्द किए जाएं नियमित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के विभिन्न स्कूलों में कार्यरत अंशकालीन जलवाहक कर्मचारी एवं दैनिक वेतन भोगी संघ की जिला स्तरीय बैठक रविवार को सर्किट हाउस में हुई। इसमें जलवाहक कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष दुर्वासा पवन शर्मा ने उपनिदेशक से मांग की है कि जिले के जिन जलवाहक कर्मचारियों ने अपने 11 वर्ष के कार्यकाल को पूर्ण कर लिया है, उन्हें 2 दिन के अंदर जल्द नियमित होने के आदेश जारी करें। संघ मंत्री राजेश धर्माणी से भी मांग करता है वह इस गरीब वर्ग के कर्मचारियों को नियमित करने के लिए उपनिदेशक जिला बिलासपुर को आदेश जारी करें कि इन कर्मचारियों को जल्द से जल्द नियमित किया जाए। उन्होंने कहा कि जलवाहक कर्मचारियों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# व्यक्ति से बरामद की 95.32 ग्राम चरस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बरमाणा थाना पुलिस की टीम ने शनिवार रात को अलसू पुल पर एक व्यक्ति से 95.32 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस टीम ने अलसू पुल पर नाका लगाया हुआ था। इस दौरान अलसू चौक की ओर से एक व्यक्ति बैग लेकर पैदल आ रहा था। पुलिस का देखकर घबरा गया और पीछे की ओर भागने लगा। पुलिस ने उसे थोड़ी दूरी पर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर बैग से कैरी बैग बरामद हुआ, जिसमें 95.32 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान 61 वर्षीय सूरत राम निवासी भम्वचवाणा, डाकघर थल्टु खोड़, उप तहसील टिक्कन, जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना बरमाणा में मामला दर्ज कर लिया है और कार्रवाई जारी है। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है।

# शाहतलाई में श्रद्धालुओं के लिए लंगर सेवा



**अनंत ज्ञान, दधोल।** बाबा बालक नाथ बद्धाघाट जाहड़ी लंगर कमेटी की ओर से शाहतलाई में लंगर सेवा का आयोजन किया गया। कसारू, बद्धाघाट, बबेली, सेऊ, जाहड़ी, चेहड़ी और भदरोग के लोगों ने अपनी सेवाएं दीं। बाबा बालक नाथ मंदिर में आने वाले यात्रियों के लिए भोजन, चाय, पानी, ठंडा पेय व फल आदि वितरित किए गए। श्रद्धालु यात्रियों ने इस सेवा का आनंद लिया और समिति की सराहना की। कमेटी के प्रधान प्यार सिंह सेन ने बताया कि सभी सेवकों ने तन, मन और धन से अपना योगदान दिया।

# प्रदेश सरकार आवाज दबाने के लिए अपना रही घटिया हथकंडे : त्रिलोक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



**सदर** के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कांग्रेस सरकार पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से लोगों के लोकतांत्रिक अधिकार छीनने का लगातार प्रयास हो रहा है। प्रदेश के विकास और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में कर्मचारियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है, लेकिन जब वे अपनी समस्याओं और जायज मांगों को लेकर आवाज उठाते हैं तो उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई शुरू कर दी जाती है। उन्होंने कहा कि तानाशाह शासक की तरह काम करने वाली इस सरकार की मनमानी उजागर करने वाले मीडिया कर्मियों की आवाज दबाने के लिए घटिया हथकंडे अपनाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पूरी तरह से बेलगाम हो चुकी है। इस लोकतांत्रिक देश में संविधान के तहत लोगों को कई तरह के अधिकार दिए गए हैं। कदम-कदम पर संविधान का अपमान करने वाली कांग्रेस लोगों के लोकतांत्रिक अधिकार छीनने पर आमादा हो गई है। सरकार की कथनी व करनी में दिन-रात का अंतर है। यह सरकार खुद को कर्मचारी हितैषी कहती है, लेकिन उन पर भी मनमाने ढंग से दंडात्मक कार्रवाई का चाबुक चलाया जा रहा है। कर्मचारियों की कई जायज मांगे हैं और उन्हें कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। जब वे अपनी मांगें और समस्याएं सरकार के समक्ष रखने का प्रयास करते हैं, तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करके उन्हें डराना-धमकाना शुरू कर दिया जाता है। त्रिलोक जम्वाल ने हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला में सामने आए मामले को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह मामला बेहद संवेदनशील है। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। पुलिस एफआईआर दर्ज करके कार्रवाई कर रही है। दोषियों को दंड देने के लिए इसकी निष्पक्ष जांच होनी बेहद जरूरी है, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।

**ठेस** शराब की बोतलों को फेंकने और कुंड में नहाने से पेयजल हो रहा दूषित

# ऐतिहासिक रुक्मणी कुंड बना अय्याशी का अड्डा

**प्रशासन व जलशक्ति विभाग ने ठोस कदम नहीं उठाया तो होगा प्रदर्शनः देशराज**

गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान

**झंडूता।** उपमंडल झंडूता के तहत आने वाला ऐतिहासिक रुक्मणी कुंड लोगों की आस्था का केंद्र है। इसके पानी से दो उठाऊ पेयजल योजनाएं भी बनाई गई हैं। बावजूद इसके इस पवित्र स्थल को कुछ लोगों ने अय्याशी का अड्डा बनाकर धार्मिक आस्थाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं।

लोग यहां पार्टी कर शराब व बीयर की बोतलों को फेंक रहे हैं। वहीं, पैकेट बंद खाद्य पदार्थों से पेयजल को भी दूषित किया जा रहा है। भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं के अध्यक्ष एवं पूर्व पंचायत प्रधान देशराज शर्मा ने जिला प्रशासन और जल शक्ति विभाग से इसकी सुध लेनी की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस पवित्र स्थल में हर साल बैसाखी को मेला लगता है तथा हजारों की संख्या में जिला व प्रदेश के लोग स्नान करने आते हैं। प्रशासन की ओर से लोगों की सुविधा के लिए स्नानागार बनाए गए हैं, लेकिन कुछेक लोग इन स्नानागारों का प्रयोग करने की अपेक्षा कुंड में नहा रहे हैं, जिससे न केवल इसका पानी गंदा हो रहा है, बल्कि कुछ लोग शराब व बीयर की बोतलें फेंक रहे हैं। जगह-जगह बिखरी पड़ी शराब व बीयर की बोतलों से बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि यहां उठाऊ पेयजल योजना मझौन-मझासू और दूसरी उठारू पेयजल योजना राहियां-पलथीं-सेपड़ा है। इन दोनों पेयजल योजनाओं से घुमाणी, अवारी, बागठेडू, बकरोआ, पेहड़वीं, सनौर, पनोह, खुराड़ी, दड़याणा, सेपड़ा, पलथीं, औहर, भंजवाणी और प्लेह गांवों को पानी की आपूर्ति की जाती है। उन्होंने जिला प्रशासन व जलशक्ति विभाग को चेताते हुए कहा कि यदि लोगों की आस्था और स्वास्थ्य से हो रहे खिलवाड़ को रोकने के लिए सख्त कदम न उठाए, तो प्रदर्शन करने से गुरेज नहीं किया जाएगा।


स्नानागारों का प्रयोग करने की अपेक्षा रुक्मणी कुंड में नहाते लोग।

# मुहाणा गांव में बिजली की समस्या से लोग परेशान

बलवंत कमल, अनंत ज्ञान

**दधोल।** बिलासपुर जिले की गाहर पंचायत के तहत मुहाणा गांव के लोग बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यहां तीन फेज की बिजली लाइन होने के बावजूद आपूर्ति लगातार बाधित रहती है। कभी एक फेज उड़ जाता है, तो कभी दूसरा। शनिवार को आधे गांव में 8 घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रही, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

लोगों ने कहा कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि आए दिन किसी न किसी फेज में बिजली गुल रहती है। बिजली विभाग के कर्मचारी शिकायतें मिलने पर मौके पर जरूर पहुंचते हैं और अस्थायी मरम्मत कर वापस लौट जाते हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं निकाला गया है। इससे उपभोक्ताओं में रोष बढ़ता जा रहा है। लोगों ने बिजली विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि उन्हें बार-बार अंधेरे में न रहना पड़े।

**ग्रामीण बोले-जल्द हो स्थायी समाधान**



विभाग को समस्या की जानकारी मिली है। सोमवार को विभाग की पूरी टीम को गांव में भेजा जाएगा। बिजली आपूर्ति में आ रही समस्या के स्थायी हल की दिशा में काम करेगी।

**-सुमित कुमार, कनिष्ठ अभियंता।**

# जोलना–कोटला संपर्क मार्ग लोकार्पित

## विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने 2.92 करोड़ से बने संपर्क मार्ग का किया लोकार्पण

आरके सहगल, अनंत ज्ञान



**चुवाड़ी।** भटियात विधानसभा क्षेत्र के सीमांत क्षेत्र की विकास यात्रा को आज एक नई दिशा मिली जब विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने ग्राम पंचायत जोलना के तहत 2 करोड़ 92 लाख रुपए की लागत से निर्मित जोलना–भटेड़–कोटला संपर्क मार्ग का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए कृतसंकल्प है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क नेटवर्क और पेयजल आपूर्ति को मजबूत करना सरकार की प्राथमिक प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने जानकारी दी कि मोरठु तथा जोलना पंचायतों के तीन महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों पर 17 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं। इनमें चलादन संपर्क मार्ग के लिए 10 करोड़ रुपये, मोरठु–जोलना संपर्क मार्ग के लिए 6 करोड़ रुपये, तथा मोरठु–भुवल सड़क के लिए 1 करोड़ रुपये का प्रावधान शामिल है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि जोलना–भटेड़–कोटला सड़क मार्ग के चालू होने से क्षेत्रीय लोगों को आवागमन की सुविधा के साथ–साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि के क्षेत्र में भी सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा।

उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि जुलाई 2027 तक भटियात के सभी गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में क्षेत्र में 38 से अधिक संपर्क सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिनमें से अधिकांश कार्य 90 से 95 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुके हैं।

इस कार्यक्रम में राज्य वन निगम के निदेशक मंडल सदस्य चेला कृष्ण चंद, एसडीएम पारस अग्रवाल, पुलिस उपाधीक्षक योगराज, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता दिवाकर पठानिया व जगतार सिंह सहित कई मौजूद रहे।

### मेलों, उत्सवों से समृद्ध होती है लोक संस्कृति

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज भटियात क्षेत्र के प्रमुख कस्बे लाहड़ू स्थित बाबा लखदाता मंदिर परिसर में आयोजित पारंपरिक छिंज मेले में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मेले, उत्सव और त्योहार हमारी समृद्ध लोक संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। ये आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम हैं, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का भी सशक्त मंच प्रदान करते हैं। कुलदीप सिंह पठानिया ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण, शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों में लगाएं तथा नशे जैसे सामाजिक बुराइयों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि पारंपरिक मेलों में भागीदारी से युवाओं को शारीरिक दक्षता बढ़ाने, खेलों से जुड़ने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिलती है।

# सनशाइन हाइड्रो प्रोजेक्ट बना संकट का कारण

## जतूण गांव में फटी पाइपलाइन से तबाही, ग्रामीणों ने प्रशासन से की कार्रवाई की मांग

बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान



**चुवाड़ी।** चंबा जिला की भटियात तहसील के तहत गांव जतूण में सनशाइन हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट की लापरवाही एक गंभीर संकट का रूप ले चुकी है। 25 मई की रात्रि करीब 1:00 बजे, जतूण गांव के ऊपर से गुजर रही इस परियोजना की पाइपलाइन अचानक फट गई, जिससे भारी जलराशि के साथ पत्थर और मिट्टी खेतों में फैल गई। इससे गांववासियों की हालिया बुआई पूरी तरह से नष्ट हो गई और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा।

ग्रामीणों का कहना है कि अगर यह दुर्घटना कुछ ही मीटर नीचे होती, तो कई परिवारों के घर और जीवन संकट में पड़ सकते थे। इस भयावह स्थिति को लेकर देस राज, संजय कुमार, अनिल कुमार, राजेंद्र कुमार, हेमलता, प्रेम लाल सहित समस्त ग्रामीणों ने एस.डी.एम. भटियात को एक सामूहिक प्रार्थना पत्र सौंपा है, जिसमें सात प्रमुख मांगें रखी गई हैं।

ग्रामीणों ने परियोजना प्रबंधन की लापरवाही को उजागर करते हुए बताया कि पाइपलाइन की खराबी कोई पहली घटना नहीं है। जब से यह प्रोजेक्ट सक्रिय हुआ है, तब से पहाड़ी के अंदर लगातार जल रिसाव हो रहा है, जिससे भविष्य में भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदा की संभावना बनती जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन को भरोसा दिलाया है कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज, घटनास्थल की तस्वीरें और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान देने को तैयार हैं। जतूण गांव के लोग इस समय गहरी चिंता और असुरक्षा की भावना से ग्रस्त हैं, और उन्हें शासन से शीघ्र एवं कठोर कार्रवाई की प्रतीक्षा है।यदि अब भी प्रशासन ने आंखें मूंदी रखीं, तो यह लापरवाही किसी बड़ी त्रासदी का कारण बन सकती है।

### ग्रामीणों ने उठाई ये मांगें

- इस घटना की औपचारिक शिकायत दर्ज की जाए।
- पाइपलाइन फटने के कारणों की उच्च स्तरीय जांच हो।
- किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए।
- विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जाए।
- भूगर्भीय स्थिति की वैज्ञानिक जांच करवाई जाए।
- इस परियोजना को पूर्णतः बंद किया जाए।
- ग्रामवासियों को भविष्य में जान-माल की सुरक्षा का लिखित आश्वासन दिया जाए।

# राजनेताओं–अभिनेताओं की पसंद बना शारदा ज्योतिष निकेतन

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर



**पंडित लेखराज शर्मा से मिलकर मार्गदर्शन पाना मानते हैं सौभाग्य**

**जोगिंद्रनगर** शहर की पहचान अब केवल पहाड़ों व प्रकृति तक सीमित नहीं रही। यहां स्थित श्री शारदा ज्योतिष निकेतन आज देशभर के नामी नेताओं, अभिनेताओं और उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों की पहली पसंद बन चुका है। यह संस्थान हस्तरेखा विशेषज्ञ कैप्टन पंडित लेखराज शर्मा के मार्गदर्शन में संचालित होता है, जिनका ज्योतिषीय ज्ञान, अनुभव और सटीक भविष्यवाणियां उन्हें विशिष्ट बनाती हैं।

यहां न केवल हाथों की रेखाएं पढ़ी जाती हैं, बल्कि व्यक्ति की जन्म तिथि, जन्म समय व स्थान के अनुसार विस्तृत ग्रहों का विश्लेषण भी किया जाता है। इसके माध्यम से उनके जीवन के प्रमुख पड़ावों, आने वाली चुनौतियों, राजयोग या संकटकाल आदि की गहराई से जानकारी दी जाती है।

कैप्टन पंडित लेखराज शर्मा का कहना है कि हस्तरेखा और कुंडली, दोनों का मिलान करने से भविष्य को और अधिक स्पष्टता से देखा जा सकता है। ग्रहों की स्थिति, दशाएं और गोचर — ये सभी मिलकर किसी भी व्यक्ति के जीवन की दिशा तय करते हैं। हाल ही में बुलंदशहर से लोकसभा सांसद डॉ. भोला सिंह, गोसाईगंज से विधायक आदरणीय अभय सिंह व अन्य विधायक एवं पूर्व मंत्री शारदा ज्योतिष निकेतन पहुंचे। उन्होंने अपने हाथ दिखाए, जन्म विवरण साझा किए और विस्तृत ग्रह–स्थिति का विश्लेषण करवाया। सभी ने गुरुजी के आशीर्वाद को अपना सौभाग्य बताया और कहा कि उनके द्वारा किए गए मार्गदर्शन से उन्हें अपने जीवन के कई निर्णय लेने में स्पष्टता मिली है।

सांसद डॉ. भोला सिंह ने कहा, गुरुजी ने हमारे जीवन से जुड़ी कई बातें ऐसी बताईं जो हमने किसी को नहीं बताई थीं। यह उनके ज्योतिष ज्ञान की सटीकता और शक्ति को दर्शाता है। विधायक अभय सिंह ने कहा, गुरुजी का मार्गदर्शन न केवल भविष्य की झलक देता है बल्कि मन को आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। उनकी सलाह से जीवन के कई कठिन निर्णय सरल हो गए।

# मनोला के गोली गांव में स्थित शनि देव मंदिर में भंडारा आज

अनंत ज्ञान, डलहौजी

ग्राम पंचायत मनोला के गांव गोली में स्थित शनि देव मंदिर में आज दूसरे भंडारे का विशाल आयोजन किया जा रहा है। शनि देव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रवि चौबीयाल ने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शनि देव मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जाएगी । उसके बाद शनि देव को प्रसाद का भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कमेटी अध्यक्ष ने इलाका वासियों से आग्रह किया है कि भारी संख्या में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें व शनि देव महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करें ।

## डलहौजी हिलटॉप स्कूल के विद्यार्थियों में करवाई दौड़ प्रतियोगिता

# विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर नवाजा

तलविंद्र सिंह, अनंत ज्ञान



**डलहौजी।** डलहौजी हिलटॉप स्कूल के विद्यार्थियों में दौड़ प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें की स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल की अध्यक्ष पूनम राय धवन ने बताया कि वैसे तो स्कूल में विद्यार्थियों को सभी खेल करवाई जाती है लेकिन दोड़ प्रतियोगिता साल में दो बार करवाई जाती है। उन्होंने कहा कि यह खेल प्रतियोगिता सुबह 7:00 बजे आरंभ हुई यह दौड़ स्कूल के साथ लगते हैं हरे भरे जंगलों में करवाई गई । जो की विद्यार्थियों की जिंदगी में एक यादगार हिस्सा बनी रहेगी।

छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूल द्वारा पूरे मार्ग पर एंबुलेंस और प्रशिक्षित चिकित्सक दल तैनात किए गए थे। सभी आयु वर्ग के छात्रों ने इस दौड़ में भाग लिया। जिसमें छोटे बच्चों के लिए कम दूरी की दौड़ रखी गई थी ताकि उनमें भी खेलों में आत्म विश्वास बना रहे। इस दौड़ में छात्राओं ने भी भाग लिया छात्राओं ने आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ अपने साथियों के साथ दौड़ पूरी की। सभी सदनों और आयु वर्ग में विद्यार्थियों का जोश देखने लायक था। उन्होंने कहा कि आज की दौड़ हिलटॉप स्कूल की प्रेरणादायक भावना को दर्शाती है। छोटे बच्चों से लेकर वरिष्ठ छात्रों तक सभी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया जो की अत्यंत गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि हिलटॉप स्कूल पढ़ाई के साथ–साथ न केवल मस्तिष्क बल्कि मजबूत हृदय और शरीर का भी निर्माण करते हैं।

विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए और प्रमाण पत्र भी दिए गए। उन्होंने कहा कि हम बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आगे से भी इन खेल प्रतियोगिताओं को करवाते रहेंगे।

# चंबा में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विद्युत उपमंडल चंबा के अंतर्गत आने वाले 33/11 केवी सब स्टेशन चंबा की आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते मंगलवार को सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक बिजली आपूर्ति स्थगित रहेगी। इस अवधि के दौरान मरेड़ी सब स्टेशन से जुड़े सभी 11 केवी फीडर प्रभावित रहेंगे। सहायक अभियंता ई. अजय कुमार ने बताया कि यह पावर शटडाउन उपभोक्ताओं की दीर्घकालिक सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बिजली आपूर्ति की बहाली मौसम की परिस्थितियों पर निर्भर करेगी। साहू फीडर:चमीनू, पलयूर, संगेरा, सराहन, रान, साहू, कुरथा, रझौंडु, बिन्नु, प्रोथा, भाला, कीड़ी, बंजल, लग्गा, समैना, अठलूईन आदि। सिल्लाघराट फीडर: लंजी, गुलेरा, कैला, कलयू, जड़ेरा, सिल्लाघराट। खज्जियार फीडर: साच, खज्जियार, गेट, मानकोट, भोंई, मियाडीगला, बसोधन, मंगला, टपुण, बाड़ी, करुईगला, रठियार, बेधन, बकतपुर, द्रमण, सरोड़ी आदि क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी।

## बट्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग बाथरी में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

# बीएससी नर्सिंग की प्रशिक्षु आंचल बनी मिस फ्रेशर



अनंत ज्ञान, डलहौजी

**बट्ट** कॉलेज ऑफ नर्सिग बोंखरीमोड़ (बाथरी) में नर्सिंग प्रशिक्षुओं के द्वारा फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बट्ट ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूटस के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई। वहीं संस्थान की निदेशक तम्मना बट्ट भी इस मौके पर उपस्थित रही। इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यातिथि परवेज अली बट्ट ने फ्रेशर पार्टी के सफल आयोजन हेतु संस्थान की प्रशिक्षुओं व स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बट्ट नर्सिंग कॉलेज प्रबंधन प्रशिक्षुओं को नर्सिंग का गुणात्मक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है। जिसके चलते संस्थान में नर्सिंग प्रशिक्षण से संबंधित आधुनिक सुविधाओं से लैस प्रयोगशालाओं के साथ लाइब्रेरी व कंप्यूटर लैब की व्यवस्था सहित नर्सिंग में दश स्टाफ उपलब्ध है। उ इसके उपरांत प्रशिक्षुओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर खूब समां बांधा।

कार्यक्रम दौरान बीएससी नर्सिंग की प्रशिक्षु आंचल को मिस फ्रेशर, बीएससी नर्सिंग की प्रशिक्षु पायल शर्मा को मिस चार्मिंग व जीएनएम की प्रशिक्षु पारुल को मिस पर्सनेलिटी के टाइटल्स से भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्थान की प्रशासनिक अधिकारी रीता ठाकुर सहित, रंजना देवी, दिक्षा देवी, भावना, यशिका, प्रिया प्रतिभा, मीनाक्षी व राखी सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे।

# ‘आई लव शमेला’ सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण का केंद्र




अनंत ज्ञान, साहो ( चंबा )

**प्राकृतिक** सौंदर्य से भरपूर शमेला तालाब अब एक नए आकर्षण का केंद्र बन चुका है। जिला परिषद करियां वार्ड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अठलुंई के शमेला नामक स्थान पर ‘आई लव शमेला’ नामक आकर्षक सेल्फी पॉइंट की स्थापना की गई है। इस सेल्फी पॉइंट की स्थापना करियां वार्ड के जिला परिषद सदस्य मनोज कुमार के प्रयासों से हुई है, जिसे पंद्रहवें वित्त आयोग की निधि से ₹20,000 की लागत से तैयार किया गया है।

स्थानीय लोगों ने इस पहल में भागीदारी निभाते हुए श्रमदान किया और शमेला तालाब तक पहुंच मार्ग को सुगम बनाया। हरे–भरे जंगलों, सुरम्य वादियों और पंजुंगला की पांच मोहक पहाड़ियों से घिरे इस स्थल का प्राकृतिक सौंदर्य पहले से ही अद्वितीय था, अब यह सेल्फी पॉइंट पर्यटन को एक नई पहचान देगा। जिला परिषद सदस्य मनोज कुमार ने बताया कि इंटरनेट मीडिया के इस दौर में यह सेल्फी पॉइंट पर्यटकों को आकर्षित करने का एक आधुनिक और प्रभावशाली माध्यम बन सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यहां आने वाले सैलानी सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करेंगे जिससे शमेला की सुंदरता को वैश्विक पहचान मिलेगी। इससे पूर्व भी कस्से माता मंदिर, मां बनागेई मंदिर, लचौड़ी गांव और खज्युंड झील जैसे स्थलों पर भी सेल्फी पॉइंट स्थापित किए जा चुके हैं।

मनोज कुमार ने यह भी कहा कि जिले में ऐसे कई स्थल हैं, जिन्हें पर्यटन की दृष्टि से निखार कर स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा सकते हैं। इस अवसर पर मनोज कुमार के साथ भवी शर्मा, सोनू, अजय कुमार, अशोक कुमार सहित कई युवा और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

# डलहौजी में दीवान कार्यक्रम 11 जून से

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, सदर बाजार डलहौजी द्वारा 99वें सालाना दीवान के आयोजन को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष परमजीत सिंह ने की। बैठक में तय किया कि 11 से 15 जून तक डलहौजी गुरुद्वारा में यह भव्य धार्मिक आयोजन पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। परमजीत सिंह ने कहा कि यह दीवान डलहौजी की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है, जिसे हमारे पूर्वजों ने स्थापित किया था और आज भी पूरी निष्ठा से निभाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आगामी दीवान के दौरान विशेष शब्द–कीर्तन, नगर कीर्तन, और धार्मिक प्रवचन आयोजित किए जाएंगे। नगर कीर्तन गुरुद्वारा परिसर से प्रारंभ होकर सुभाष चौक, गांधी चौक होते हुए पुनः गुरुद्वारा में समापन होगा। इस दौरान संपूर्ण डलहौजी शहर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठेगा। परमजीत सिंह ने बताया कि जून माह में बड़ी संख्या में देश–विदेश से पर्यटक डलहौजी आते हैं। और यह धार्मिक आयोजन उनके लिए भी एक आध्यात्मिक अनुभव बन जाता है। डलहौजी की संगत के साथ–साथ सैलानी भी नगर कीर्तन और कीर्तन दरबारों का आनंद लेते हैं, जिससे यह आयोजन धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है।

# शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक एकता पर दिया संदेश



**मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी ने लगाया जागरूकता शिविर**

अनंत ज्ञान, भलोड़ी

**ग्राम** पंचायत भलोड़ी के अंतर्गत मनसा गांव में मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी चंबा द्वारा 25 मई को एक प्रेरणादायक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक एकता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी चंबा के अध्यक्ष लतीफ मोहम्मद ने की। इस अवसर पर चुराह सोसाइटी के अध्यक्ष हाजी अब्दुल मजीद, युवा अध्यक्ष परवेज मुहम्मद, इकबाल मागरा, यूनुस मलिक, नूर मुहम्मद, शाहिद शाह, अवास, खैर मुहम्मद, राज दीन मालिक सहित कई गणमान्य समाजसेवियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत भलोड़ी के प्रधान अयूब खान और पंचायत आइल के प्रधान शुक्र दीन ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। उनके साथ ही स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने भी इस अभियान में बढ़–चढ़कर भाग लिया। यासीन मुहम्मद सहित कई जागरूक नागरिकों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी प्रभावशाली बना दिया।

## सूडोकु नवताल- 7441

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु नवताल -7440 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

**सोमवार, 26 मई 2025**

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** चतुर्दशी (15:49): **नक्षत्र** अश्विनी (11:10), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** सौभाग्य (11:03), अभीजित (11:44-12:37)। **राहुकाल** (17:07-18:46)।

**विशेष दिन**

26 मईः पितृकार्य सोमवती अमावस आज।

26 मईः वट सावित्री व्रत आज होगा पूर्ण।

**मेषः** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी।

**वृषः** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**मिथुनः** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनेंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**कर्कः** परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**सिंहः** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

**कन्याः** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**तुलाः** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

**वृश्चिकः** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें।

**धनुः** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु प्राप्त होगी।

**मकरः** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**कुंभः** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा।

**मीनः** श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

अनंत Classifieds

**बेदखली सूचना**

**मैं, बलवीर सिंह** (58) पुत्र श्री सुंदर राम निवासी गांव व डाकघर रोहिण, तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर हि.प्र. का स्थाई निवासी हूं। अतः मैं घोषणा करता हूं कि मेरा लड़का संजीव कुमार व पुत्रबधु पूजा देवी मेरे कहने–सुनने से बाहर हैं। अतः मैं अपने लड़के संजीव कुमार व पुत्रबधु पूजा देवी को अपनी तमाम चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में अगर कोई भी इनके साथ लेन–देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। संबंधित नोट करें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अप्पर रजोट**
**विकास खंड पंचरुखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

**ग्राम** पंचायत अप्पर रजोट की बैठक में प्रधान महोदया जी ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न मदों से किए जाने वाले विकास कार्यों हेतु सामग्री क्रय करने के लिए निविदाएं आमंत्रित की जानी हैं तथा निविदाएं दिनांक 05/06/2025 को पंचायत के समक्ष 12:00 खोली जाएंगी

**सामग्री का विवरण निम्न है :-**

1. रेत क्रशर- प्रति फुट, 2. क्रशर बजरी- प्रति फुट, 3. बोल्डर-प्रति फुट, 4. कट स्टोन-प्रति नं., 5. ईंट अब्बल- प्रति नं., 6. ईंट दोयम- प्रति नं., 7. पत्थर फाड़ा- प्रति फुट, 9. सेटरिंग फट्टा- प्रति SQFT, 10. सेटरिंग प्लेट- प्रति SQFT, 11. गटका-प्रति फुट, 12. सीमेंट किराया लोडिंग अनलोडिंग सहित पंचरुखी से अप्पर रजोट- प्रति बैग, 13. ट्रेक्टर फेरा लोकल- प्रति KM, 14. J.C.B- प्रति घंटा, 15. बेंच-प्रति नं., 16. साइन बोर्ड- प्रति नं., 17. वाटर कूलर-प्रति नं.।

**नियम व शर्तेः**-इच्छुक विक्रेता/फर्म के पास GST NO होना अनिवार्य है बिना GST NO के कोई भी निविदा स्वीकार्य नही होगी। निविदाएं दिनांक 04/06/2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत अप्पर रजोट में केवल डाक के मध्यम से प्राप्त की जाएंगी। निविदा में सभी सामग्री का मूल मूल्य व GST दर राशि अलग से दर्शाना अनिवार्य है। निविदाओं की दरें F.O.R ग्राम पंचायत अप्पर रजोट में GST सहित होनी चाहिए। वेंडर द्वारा सामग्री बिल सहित HP MINERAL RULES 2015 के अंतर्गत आवश्यक फार्म X,Y भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होंगे। सप्लाई आर्डर मिलने के तीन दिन के भीतर सामग्री आपूर्ति करवानी होगी। विक्रेता को सिक्योरटी मनी के तौर पर 25000/- रूपये की F.D स्वरूप निविदा सहित जमा करवाने होंगे अन्यथा निविदा रद्द की जाएगी। निविदा पारित होने पर सप्लाई न देने पर विक्रेता को ग्राम पंचायत द्वारा आगामी पांच वर्षों के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया जाएगा। विक्रेता को सिक्योरटी मनी के तौर पर जमा 25000/- रूपये (FD) स्वरूप वापस नही की जाएगी। किसी भी विवाद या सामग्री आपूर्ति समय पर न मिलने पर पंचायत किसी भी समय निविदा को रद्द करने हेतु सक्षम होगी।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत अप्पर रजोट, विकास खंड पंचरुखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत लुहाखर विकास खण्ड बल्ह जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

**ग्राम** पंचायत लुहाखर विकास खण्ड बल्ह जिला मंडी द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विभिन विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 26-05-2025 से 12-06-2025 तक पूर्वाहन 11 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय लुहाखर में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिंनाक 13-6-2025 को पूर्वाह्न 12:30 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी।

रेत (खड्डु/नदी की), रेत (क्रशर की), बजरी 20mm(खड्डु/नदी की, बजरी 40mm (क्रशर की), सोलिंग/बोल्डिंग पत्थर (CUT STONE) प्रति घन मीटर, पक्की ईंट (मिटटी के भटे की)(2nd Class)-प्रति1000, मशीन द्वारा कटान (Cutting throught JBC Machine ) प्रति घंटा, टाइल व पेवर 40MM, 60MM, 80MM (ISI) पर टाइल, शटरिंग, टोर सरिया (ISIMarked), दीवार लेखनी (wall Warting ) दरवाजा/खिड़की के पल्ले 2nd क्लास देवदार लकड़ी 35mm दरवाजा/खिड़की के पल्ले 2nd क्लास देवदार लकड़ी 40mm, दरवाजा /खिड़की चौखट 2nd क्लास देवदार लकड़ी, प्रति घन मीटर, PVC पाईप 100mm Dia 6kg/Sqm.CM.PVC पाईप150mm Dia 6kg/SqmCM RCC/Hume Pipe NP2,200mm Dia,RCC/Hume Pipe NP2,250mm Dia,RCC/Hume Pipe NPC3000mm Dia,RCC/Hume PipeNP2 6000mm Dia RCC/Hume PipeNP2,750mm Dia रनिंग मीटर RCC/Hume PipeNP2,900mm Dia, RCC/Hume Pipe NP2,1200mm Dia., लोहे की ग्रिल व अन्य लोहे का सामान-प्रति किलो ग्राम पेंट सामग्री (सभी प्रकार की), प्रति लीटर साईन बोर्ड (3×2) With all Metarial साईन बोर्ड (4×5) With all Metarial प्रति लिटर साईन बोर्ड इसके अतिरिक्त पंचायत में प्रयोग होने वाली सभी सामग्री जिसमे कार्यों प्रति प्रयोग होने वाली हर वस्तु जिसमें सामग्री, प्लबिंग, लोहे आदि की।

**नियम व शर्तेः**- 1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण नंबर निविदा पर भरना सुनिश्चित करे। इसके साथ R.C.No.GST.CST, No. की छाया प्रति लगाना अति आवश्यक है। 2. ठे के दार / आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-From जमा करवाने होगे M-From उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सबंधी रायल्टी प्रतिघन मीटर के हिसाब से काटी जाएगी। 3. सभी निविदाएं सील बंद लिफाफे में देनी अनिवार्य होगी।अधूरी व खुली निविदाएं मान्य नही होगी। 4. GST /CST दरे निविदा प्रपत्र में भरी गई दरो में शामिल होगी। 5. पंचायत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार से संबंधित सदस्यों की निविदाएं मान्य नही होगी। 6. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 7. ड्रेन अंको और शब्दों दोनों में लिखी होनी चाहिए। 8. निर्माण सामग्री कार्य स्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नही होगी। 9. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, सशर्त निविदा, समान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओ के लिए कार्य आदेश निगर्त करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 10. सामग्री लेने का अतिम मूल्य /निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ Negotiation अनुसार/उपरांत किया जाएगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत लुहाखर विकास खण्ड बल्ह जिला मंडी (हि.प्र.)**

सच्चा बलवान तो वही होता है, जिसने अपने मन पर पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया हो। –विनोबा भावे

संपादकीय

# न्याय की तलाश और सिस्टम की साख

हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की संदिग्ध मौत ने पूरे राज्य में राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में उथल-पुथल मचा दी है। यह मामला अब केवल एक व्यक्ति की मौत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह प्रशासनिक निष्पक्षता, पुलिस की कार्यप्रणाली और राजनीतिक हस्तक्षेप की गहरी परतों को उजागर कर रहा है।

विमल नेगी 10 मार्च को रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गए थे और उनका शव 18 मार्च को बिलासपुर जिले में गोविंदसागर झील से बरामद किया गया। परिवार ने सीधे तौर पर कार्यस्थल पर मानसिक उत्पीड़न और सरकारी अधिकारियों की लापरवाही को उनकी मौत का कारण बताया। उनका यह भी आरोप था कि विमल नेगी लंबे समय से मानसिक दबाव में थे और इस संबंध में उन्होंने कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायतें भी दी थीं, जिन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। शुरुआत में मामले की जांच राज्य पुलिस ने की, लेकिन ढाई महीने बीत जाने के बाद भी कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया। इससे पीड़ित परिवार की उम्मीदें टूटने लगीं। उन्होंने राज्य पुलिस पर पक्षपात और लापरवाही का आरोप लगाते हुए हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

हाईकोर्ट ने पुलिस की जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए, मामले को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का आदेश दिया। कोर्ट ने विशेष जांच दल (एसआईटी) की कार्यशैली को कठघरे में खड़ा किया और यह भी टिप्पणी की कि उच्च अधिकारियों पर दबाव बनाने के गंभीर आरोपों की जांच गंभीरता से नहीं की गई। सीबीआई जांच की घोषणा होते ही, हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग के भीतर विवाद और आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो गया। वर्तमान डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा ने हाईकोर्ट में दायर एक एफिडेविट में एसएसपी संजीव गांधी पर गंभीर आरोप लगाए, जिनमें संवेदनशील जानकारी लीक करना और नशे की तस्करी से जुड़े मामलों में लापरवाही शामिल थी। इसके जवाब में संजीव गांधी ने न केवल एफिडेविट को गैर-जिम्मेदाराना करार दिया, बल्कि यह भी आरोप लगाया कि डीजीपी कार्यालय खुद मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त है।

गांधी ने पूर्व डीजीपी संजय कुंडू पर भी हमला बोला और आरोप लगाया कि होटल ब्लास्ट केस में झूठे साक्ष्य गढ़े गए। यही नहीं, उन्होंने धर्मशाला के भाजपा विधायक सुधीर शर्मा पर भी हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह एक आपराधिक जांच में आरोपी हैं, जो विधायकों की खरीद-फरोख्त से जुड़ी है। इस आपसी टकराव ने हिमाचल पुलिस की विश्वसनीयता को गहरा आघात पहुंचाया है। राजनीतिक आरोपों का दौर शुरू होते ही यह मामला धीरे-धीरे राजनीतिक रंग लेता गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दावा किया कि राज्य सरकार मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच करा रही है, जबकि विपक्ष ने सरकार पर जांच को राजनीतिक दबाव में प्रभावित करने का आरोप लगाया।

मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्ष संवेदनशील मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहा है, जबकि विपक्ष का तर्क है कि यदि जांच निष्पक्ष होती, तो हाईकोर्ट को हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं पड़ती। अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट को भी दबाए जाने के आरोप सामने आए हैं। इस रिपोर्ट में उच्च अधिकारियों पर वित्तीय अनियमितताओं और उत्पीड़न के आरोप दर्ज थे। यदि यह रिपोर्ट समय रहते सार्वजनिक की जाती, तो शायद विमल नेगी की मौत को टाला जा सकता था। एसएसपी संजीव गांधी और विधायक सुधीर शर्मा ने एक-दूसरे पर मानहानि के मुकदमे दायर किए हैं। एक ओर गांधी का आरोप है कि अदालत की सुनवाई से संबंधित वीडियो को वायरल कर उनकी छवि धूमिल की गई, वहीं सुधीर शर्मा का कहना है कि गांधी झूठे आरोपों के जरिए राजनीतिक लाभ लेना चाह रहे हैं। अब जब मामला सीबीआई के हाथ में है, तो पीड़ित परिवार को सिर्फ और सिर्फ केंद्रीय एजेंसी से ही न्याय की उम्मीद है। राज्य पुलिस की जांच में पक्षपात और लापरवाही के जो आरोप लगे हैं, उन्होंने परिवार का पुलिस और सरकार दोनों से विश्वास हटा दिया है।

सीबीआई को एक निष्पक्ष, स्वतंत्र और पेशेवर जांच एजेंसी माना जाता है, लेकिन इसमें समय लग सकता है और जब तक निष्कर्ष सामने नहीं आता, पीड़ित परिवार के लिए यह एक भावनात्मक यातना का दौर बना रहेगा। यह पूरा मामला केवल एक व्यक्ति की मौत नहीं, बल्कि सिस्टम की विश्वसनीयता और प्रशासनिक कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। पुलिस विभाग के भीतर की खींचतान, नेताओं के हस्तक्षेप और उच्च अधिकारियों की जवाबदेही से बचने की प्रवृत्ति ने इस केस को उलझा दिया है। विमल नेगी की संदिग्ध मौत ने हिमाचल प्रदेश की प्रशासनिक और राजनीतिक व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। न्याय की इस लड़ाई में परिवार की उम्मीदें अब सीबीआई जांच पर टिकी हैं। यह मामला सिर्फ एक जांच का विषय नहीं रहा, बल्कि यह न्याय, पारदर्शिता और प्रणालीगत जवाबदेही की असली परीक्षा बन चुका है। अब यह देखना बाकी है कि क्या सीबीआई सच्चाई को उजागर कर परिवार को न्याय दिला पाएगी या यह मामला भी समय के साथ किसी फाइल में दबकर रह जाएगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती


### सुप्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता

**अरुणा** रॉय भारत की उन महिलाओं में से एक हैं, जो बेहतर सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ-साथ राजनीति में भी सक्रिय रूप से क्रियाशील हैं। इन्हें राजस्थान के गरीब लोगों के जीवन को सुधारने और इस दिशा में किए गए उनके प्रयासों के लिए विशेष तौर पर जाना जाता है। भारत में सूचना का अधिकार लागू करने के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयत्न और योगदान प्रशंसनीय हैं। अरुणा रॉय राजस्थान के राजसमंद ज़िले में स्थित देवडूंगरी ग्राम से संपूर्ण भारत में संचालित



अरुणा रॉय
जन्म : 26 मई, 1946

'मजदूर किसान शक्ति संगठन' की संस्थापिका और अध्यक्ष हैं। अरुणा रॉय का जन्म मद्रास (वर्तमान चेन्नई) में हुआ था। वे 'भारतीय प्रशासनिक सेवा' (आईएएस) के लिए चुनी गईं थीं। अरुणा रॉय ने सामाजिक सेवा का काम तिलोनिया, राजस्थान स्थित 'सोशल वर्क एंड रिसर्च सेंटर से शुरू किया। यह संस्थान उनके पति संजीव बंकर राय द्वारा स्थापित किया गया था। सन 2000 में अरुणा रॉय को 'सामुदायिक नेतृत्व' की श्रेणी में 'मेग्सेसे पुरस्कार' और 'मेवाड़ सेवाश्री' आदि पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। अरुणा रॉय ने पुरस्कार से प्राप्त राशि को एक ट्रस्ट को सौंप दिया था, जिससे लोकतांत्रिक अधिकारों के पक्ष में संघर्ष को बल मिले। ■



कविता

## वीरों को प्रणाम

खुशी ठाकुर, कक्षा आठवीं, रावमावि लड्डा, जिला चंबा

*ऐसे वीरों को मेरा सदा ही प्रणाम ,*
*जो देश रक्षा में गंवा चुके जान।*
*खून से लतपत थी जब काया,*
*फिर भी बने वे देश का साया।*
*किया था देशसेवा में समर्पित काम,*
*सभी देशवासी करें मिलकर प्रणाम।*
*वीरभूमि में दुश्मनों के छक्के छुड़वाए,*
*लगे गंभीर घाव न वे सह पाए।*
*था बलिदान का जज्बा तो सैनिक बने,*
*खतरनाक बंदूकें धरे वे कंधे तने।*
*युद्ध कौशल की रणभेरी का ये रखते ज्ञान,*
*अदम्य सहास स्वामी यह सैनिक तिरंगे की शान।*
*ऑपरेशन सिंदूर हीरो सूबेदार मेजर पवन कुमार,*
*याद उन्हें हम रखकर करते रहेंगे ताउम्र प्रणाम।*

अनंत ज्ञान

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# भारत की रणनीति रक्षा नहीं, निर्णायक जवाब



ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर भारत ने यह जता दिया है कि देश अब केवल पीड़ित की भूमिका में नहीं रहेगा, बल्कि हमले का जवाब हमलावर की भाषा में देगा। यह कदम न केवल सैन्य दृष्टि से अहम है, बल्कि मनोवैज्ञानिक रूप से भी पाकिस्तान के लिए करारा झटका है। यह स्पष्ट संकेत है कि भारत ने अब आतंकवाद को झेलने की नीति नहीं, बल्कि खत्म करने की नीति अपना ली है।

भारत पिछले साढ़े तीन दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से जूझ रहा है। 26 नवंबर 2008 को मुंबई, 2 जनवरी 2016 को पठानकोट, 18 सितंबर 2016 को उड़ी, 14 फरवरी 2019 को पुलवामा तथा 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम जैसे बड़े आतंकी हमले इस लंबे संघर्ष के गवाह हैं। इन वर्षों में भारत की आतंकवाद के खिलाफ रणनीति कई बार बदली है, लेकिन हाल के घटनाक्रमों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब देश का रवैया कहीं अधिक सख्त, सक्रिय और प्रतिकारक हो गया है।

**पहले जुटाए जाते थे सबूत:** एक समय था जब भारत किसी आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ सबूत जुटाकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष पेश करता था। भारत की उस समय की नीति अधिकतर कूटनीतिक दबाव, साक्ष्यों का संकलन और अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने पर केंद्रित होती थी। अमेरिका, रूस, फ्रांस और अन्य वैश्विक शक्तियों को पाकिस्तान की आतंक परस्त नीतियों से अवगत कराया जाता था। ऐसे कदम महत्वपूर्ण होते थे, लेकिन इनमें त्वरित जवाबी कार्रवाई की अपेक्षा कम ही दिखती थी।

**अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रुख मजबूत:** भारत ने अपनी रणनीति बदलने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी आतंकवाद के खिलाफ अपना रुख और मजबूत किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित विभिन्न वैश्विक मंचों पर भारत ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजकर यह स्पष्ट किया है कि आतंकवाद के खिलाफ देश में राजनीतिक एकजुटता है। अमेरिका, रूस, यूरोप, खाड़ी देश, जापान और अफ्रीकी देशों तक प्रतिनिधिमंडलों की तैनाती इस बात की गवाही देती है कि भारत अब वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ नेतृत्वकारी भूमिका निभाने को तैयार है। इस बदली हुई रणनीति से पाकिस्तान पर दबाव न केवल सैन्य स्तर पर बढ़ा है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उसकी स्थिति कमजोर हुई है। निश्चित रूप से इस बार उसे यह एहसास हो गया होगा कि भारत अब पुराने दौर का देश नहीं रहा। अब हमला करने का मतलब सीधा और असरदार जवाब झेलना है। निश्चित रूप से भारत की यह नई नीति न केवल आंतरिक सुरक्षा के लिए जरूरी है, बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए भी एक मजबूत कदम है। आतंकवाद के खिलाफ यह नई लड़ाई अब सिर्फ शब्दों की नहीं, बल्कि कार्रवाई की बन चुकी है और यही भारत की सबसे बड़ी रणनीतिक जीत है।

**रक्षा बजट में उल्लेखनीय बढ़ोतरी:** भारत ने पिछले एक दशक में अपने रक्षा बजट में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की है। वर्ष 2013-14 में जहां भारत का रक्षा बजट 2.54 लाख करोड़ रुपए था, वहीं 2023-24 में यह बढ़कर 6.30 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। यह बजट वृद्धि भारत की रक्षा तैयारियों को आधुनिक बनाने, हथियारों के स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने और सीमाओं पर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए है। खासकर चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से बढ़ते खतरे को देखते हुए यह कदम बेहद महत्वपूर्ण है।

यथार्थ



समरजीत

रक्षा बजट में यह वृद्धि भारत की सुरक्षा, स्वाभिमान और संप्रभुता की रक्षा के लिए एक मजबूत आधार तैयार कर रही है, जो आने वाले समय में और भी निर्णायक भूमिका निभाएगी। भारत ने न केवल अपने रक्षा बजट में वृद्धि की है, बल्कि घरेलू रक्षा उत्पादन को भी प्राथमिकता दी है। इसका मुख्य उद्देश्य है आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ते हुए सेना की जरूरतों को देश के भीतर ही पूरा करना।

**अब देश में बन रहे ज्यादा हथियार:** रक्षा मंत्रालय ने पिछले कुछ वर्षों में सैकड़ों उपकरणों और हथियारों को नकारात्मक आयात सूची में डाला है, जिनका निर्माण अब देश में ही किया जा रहा है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के बनाए तेजस लड़ाकू विमान, स्वदेशी मिसाइल प्रणालियां और अर्जुन टैंक जैसे उपकरण इस अभियान का हिस्सा हैं। इसके अलावा, निजी कंपनियों को भी रक्षा उत्पादन में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे न केवल सेना को आधुनिक उपकरण मिल रहे हैं, बल्कि देश में रोजगार और तकनीकी विकास को भी बल मिला है।

**व्यापक समुद्री शक्ति:** भारत ने अपनी समुद्री शक्ति को व्यापक रूप से मजबूत किया है, विशेषकर परमाणु पनडुब्बियों के क्षेत्र में। ये पनडुब्बियां भारत की न्यूक्लियर ट्रायड (थल, जल और वायु से परमाणु हमला करने की क्षमता) का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। आईएनएस अरिहंत भारत की पहली स्वदेशी परमाणु-संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी है। यह 2016 से सेवा में शामिल हो गई थी। इसकी मिसाइल क्षमता के-15 (750 किमी) और के-4 (3500 किमी तक) है। यह चुपचाप समुद्र में लंबे समय तक गश्त कर सकती है और दुश्मन पर दूसरा परमाणु हमला करने की क्षमता रखती है। एक बार ईंधन भरने पर यह 20-25 साल तक सक्रिय रह सकती है। यह न्यूक्लियर रिएक्टर पर आधारित है। इसी तरह आईएनएस अरिघात अगली पीढ़ी की पनडुब्बी है। बेहतर स्टील्थ और मारक क्षमता से लैस है। इसमें अधिक मिसाइल ले जाने की क्षमता है, के-15 और के-4 दोनों हैं। यह जल्द ही पूरी तरह से सेवा में शामिल हो जाएगी। वहीं, आईएनएस अरिदमन इस सीरीज की तीसरी पनडुब्बी है और पहले दो की तुलना में अधिक उन्नत मानी जा रही है। अधिक रेंज और वारहेड ले जाने की क्षमता के साथ डिजाइन की गई है। इसमें 12-16 बैलिस्टिक मिसाइल ले जाने की क्षमता होगी। इन पनडुब्बियों की तैनाती भारत को एक मजबूत निवारक शक्ति प्रदान करती है। यदि दुश्मन देश भारत पर परमाणु हमला करता है, तो ये पनडुब्बियां गुप्त रूप से समुद्र में रहते हुए जवाबी हमला कर सकती हैं, जिससे भारत की दूसरा प्रहार नीति को मजबूती मिलती है। भारत ने बीते वर्षों में अपनी सैन्य क्षमताओं को अभूतपूर्व रूप से मजबूत किया है। केंद्र सरकार ने रक्षा आत्मनिर्भरता और सैन्य आधुनिकीकरण को प्राथमिकता देते हुए कई बड़े फैसले लिए हैं। इसी क्रम में 40,000 करोड़ की लागत से दो नई स्वदेशी परमाणु पनडुब्बियों के निर्माण को मंजूरी दी गई है, जो समुद्री रणनीति को और ताकत देंगी।

**वायुसेना की बढ़ी ताकत:** वायुसेना की ताकत बढ़ाने के लिए भारत ने 59,000 करोड़ में 36 राफेल लड़ाकू विमान फ्रांस से खरीदे हैं। ये विमान अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं और हर मौसम में हमला करने में सक्षम हैं। इसके साथ ही 24,000 करोड़ की लागत से अमेरिका से 15 चिनूक हेवी-लिफ्ट हेलिकॉप्टर और 22 अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर खरीदे गए हैं, जो युद्धक्षेत्र में तेज प्रतिक्रिया और मारक क्षमता को कई गुना बढ़ाते हैं।

भारतीय नौसेना के लिए भी 63,000 करोड़ में राफेल-एम लड़ाकू विमानों की खरीद प्रक्रिया चल रही है, जो समुद्र से उड़ान भरने में सक्षम हैं और भारत की समुद्री सुरक्षा को नई धार देंगे। इसके अलावा भारत ने अपने पुराने लड़ाकू बेड़े को भी आधुनिक बनाने का फैसला लिया है। मिराज 2000 और सुखोई-30 जैसे विमानों को अपग्रेड किया जा रहा है। साथ ही, सेना के लिए 1.45 लाख अमेरिकी असॉल्ट राइफलें खरीदी जा रही हैं, जिससे पैदल सैनिकों की मारक क्षमता में जबरदस्त इजाफा होगा।

**स्वदेशी रक्षा उत्पादन को प्रोत्साहन:** स्वदेशी रक्षा उत्पादन को प्रोत्साहित करते हुए सरकार ने 48,000 करोड़ में 83 तेजस लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को ऑर्डर दिया है। इतना ही नहीं, भारत ने 1.5 लाख करोड़ से अधिक के आधुनिक हथियार और रक्षा उपकरणों की खरीद प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। ये सभी प्रयास यह दर्शाते हैं कि भारत अब न केवल रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है, बल्कि किसी भी खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार भी है।

**लंबे युद्ध में नहीं फंसा भारत:** पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ एक गहरी और शातिर चाल चली थी। उसका मकसद था भारत को एक लंबे युद्ध में उलझाना, जिससे भारत की आर्थिक, सैन्य और राजनीतिक ताकत कमजोर हो जाए। इसके लिए उसने सीमापार आतंकियों के जरिए पहलगाम जैसे हमले कराए, ताकि भारत उग्र प्रतिक्रिया दे और सीमा पर तनाव बढ़े। पाकिस्तान की रणनीति थी कि भारत जवाबी कार्रवाई में फंसे, जिससे अंतरराष्ट्रीय समुदाय हस्तक्षेप करे और वह खुद को पीड़ित दिखा सके, लेकिन पाकिस्तान का यह मंसूबा भारत की नई सैन्य और कूटनीतिक रणनीति के सामने टिक नहीं सका। भारत ने इस बार पारंपरिक रणनीति से हटकर ऑपरेशन सिंदूर जैसे सटीक और तेज सैन्य अभियानों के जरिए पाकिस्तान को सीधे उसके घर में जवाब दिया। भारत ने सीमित लेकिन अत्यंत प्रभावी कार्रवाई कर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं।

**2047 तक बनेगा विकसित राष्ट्र :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सामने एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना। यह लक्ष्य केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक न्याय, तकनीकी आत्मनिर्भरता, मजबूत बुनियादी ढांचा, शिक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार शामिल हैं, लेकिन यह सपना तभी साकार हो सकता है जब देश आंतरिक स्थिरता और बाहरी शांति बनाए रखे। यदि भारत पाकिस्तान की साजिश के तहत किसी लंबे युद्ध में फंस जाता, तो निश्चित रूप से यह विकास यात्रा बाधित हो जाती। युद्ध में सिर्फ सैनिक नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था, सामाजिक ताना-बाना, संसाधन और विकास की गति भी प्रभावित होती है। रक्षा खर्च में भारी इजाफा होता, विदेशी निवेशकों का विश्वास डगमगाता और आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ता।

**कूटनीति और सैन्य कौशल का संगम:** ऑपरेशन सिंदूर भारत की ओर से आतंकवाद के खिलाफ किया गया एक साहसी और निर्णायक कदम था, जिसने पाकिस्तान की रणनीति की नींव हिला दी। जब पाकिस्तान ने भारतीय सैनिकों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर इस संघर्ष को दो देशों की लड़ाई में बदलने की कोशिश की, तब भारत ने कूटनीति और सैन्य कौशल का ऐसा संगम दिखाया कि पाकिस्तान के रणनीतिकारों के होश उड़ गए। घातक हमले जैसी सटीक कार्रवाई ने पाकिस्तान को झकझोर कर रख दिया और उसे अंततः शांति की अपील करने पर मजबूर कर दिया। यह भारत की नई सुरक्षा नीति का स्पष्ट संकेत था कि आतंक का जवाब अब ठोस कार्रवाई से मिलेगा। भारत ने सात देशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजकर पाकिस्तान को वैश्विक मंच पर बेनकाब करने की जो रणनीति अपनाई है, वह बेहद प्रभावी और दूरगामी साबित होने वाली है। अमेरिका, रूस, जापान, खाड़ी देश और यूरोप जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नेताओं को भेजकर भारत ने यह दिखा दिया कि आतंकवाद के खिलाफ उसकी लड़ाई केवल सीमित नहीं, बल्कि वैश्विक है। इस कदम से न सिर्फ पाकिस्तान की साख को गहरी चोट पहुंची है, बल्कि भारत को अंतरराष्ट्रीय समर्थन भी मजबूती से मिल रहा है। यह कूटनीतिक चाल पाक की रणनीति को पूरी तरह विफल कर सकती है।

**रिस्पांस करें :** editoranantgyaan@gmail.com

# हिमाचली ग्रामीण जीवन संस्कृति और परंपराओं का खजाना

हिमाचल प्रदेश, जहां हिमालय की गोद में बसे गांव प्रकृति और संस्कृति का अनूठा संगम प्रस्तुत करते हैं, अपने ग्रामीण जीवन के लिए विश्वभर में जाना जाता है। हिमाचली ग्रामीण जीवन केवल एक जीवनशैली नहीं, बल्कि एक समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर है, जो सादगी, सामुदायिक एकता और परंपराओं के रंगों से सजा है। कांगड़ा की हरी-भरी घाटियों से लेकर लाहौल-स्पीति के शांत गांवों तक, यह जीवन हिमाचल की आत्मा को जीवंत करता है। हिमाचली गांवों का जीवन संस्कृति और परंपराओं के इर्द-गिर्द बुना गया है। प्रत्येक गांव अपनी अनूठी पहचान रखता है, जो लोक नृत्य, संगीत, त्योहारों और हस्तशिल्प में झलकती है। कुल्लू के गांवों में नाटी नृत्य, जो सामूहिक उत्सवों का प्रतीक है, हर आयोजन को जीवंत बना देता है।



लेखिका : रेखा चंदेल
झंडूता, बिलासपुर

मंडी और सिरमौर के गांवों में गाए जाने वाले लोकगीत, जैसे 'झोरी' और 'सामौन', ग्रामीण जीवन की भावनाओं और कहानियों को बयां करते हैं। ये गीत अक्सर खेतों में काम करते समय या सांस्कृतिक समारोहों में सुने जा सकते हैं। त्योहार और मेले हिमाचली ग्रामीण जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। सिरमौर का 'बिस्सू' मेला और चंबा का 'मिंजर' मेला न केवल सामुदायिक एकता को मजबूत करते हैं, बल्कि स्थानीय कला और परंपराओं को भी प्रदर्शित करते हैं। इन मेलों में ग्रामीण महिलाएं पारंपरिक पोशाक, जैसे रेझी और घाघरा, पहनकर नृत्य और गीतों में भाग लेती हैं, जबकि पुरुष ढोल-नगाड़ों के साथ उत्सव को और रंगीन बनाते हैं। किन्नौर और लाहौल-स्पीति के गांवों में बौद्ध प्रभाव के कारण 'लोसार' और 'फागली' जैसे त्योहार अनूठी सांस्कृतिक छटा बिखेरते हैं। हस्तशिल्प भी ग्रामीण जीवन की शान है। कांगड़ा के गांवों में महिलाएं चंबा रुमाल की कढ़ाई और ऊनी कपड़े बुनती हैं, जबकि कुल्लू के गांव शॉल और टोपी जैसे हस्तशिल्प के लिए प्रसिद्ध हैं। ग्रामीण वास्तुकला, विशेष रूप से काठ-कुणी शैली के घर, प्रकृति के साथ सामंजस्य को दर्शाती है। ये घर लकड़ी और पत्थर से बने होते हैं, जो गांवों को एक प्राचीन और आकर्षक रूप देते हैं। खेती और पशुपालन, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार हैं, भी सांस्कृतिक महत्व रखते हैं।

सेब के बागान और जैविक खेती न केवल आजीविका का स्रोत हैं, बल्कि सामुदायिक सहयोग का प्रतीक भी हैं। हिमाचली ग्रामीण जीवन की सांस्कृतिक समृद्धि को संरक्षित और प्रचारित करने में सरकार और समाज दोनों सक्रिय हैं।



हिमाचल सरकार ने ग्रामीण संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई पहल शुरू की हैं। 'हिमाचल लोक संस्कृति उत्सव' जैसे आयोजन गांवों की कला, नृत्य और हस्तशिल्प को शहरी और वैश्विक मंचों तक ले जाते हैं। कांगड़ा और मंडी में आयोजित हस्तशिल्प मेलों ने ग्रामीण कारीगरों को अपनी कला प्रदर्शित करने का अवसर दिया है। इसके अलावा, पर्यटन विभाग ने ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'होमस्टे' योजनाएं शुरू की हैं, जिससे पर्यटक गांवों में रहकर हिमाचली जीवनशैली और संस्कृति का अनुभव कर सकते हैं। समाज भी अपनी परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हमीरपुर और बिलासपुर के गांवों में पंचायतें स्थानीय मेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को पुनर्जनन दे रही हैं।

अनंत ज्ञान

उदाहरण के लिए, सिरमौर की कुछ पंचायतों ने युवाओं को नाटी और लोक गीत सिखाने के लिए कार्यशालाएं शुरू की हैं। ग्रामीण महिलाएं स्वयं सहायता समूहों (SHGs) के माध्यम से हस्तशिल्प और स्थानीय खाद्य उत्पादों, जैसे कि चटनी और अचार, को बाजार तक पहुंचा रही हैं। ये प्रयास न केवल सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करते हैं, बल्कि आर्थिक सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देते हैं। हाल ही में, हिमाचल सरकार ने ग्रामीण संस्कृति को डिजिटल मंचों पर प्रचारित करने की योजना शुरू की है, जिसके तहत स्थानीय कलाकारों और कारीगरों को ऑनलाइन बाजारों से जोड़ा जा रहा है। यह कदम ग्रामीण हस्तशिल्प और परंपराओं को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है। हिमाचली ग्रामीण जीवन की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने में सरकारी और सामाजिक प्रयास सराहनीय हैं, लेकिन क्या यह पर्याप्त हैं? ग्रामीण संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए और अधिक नवाचार की आवश्यकता है। सरकार की योजनाएं अक्सर बड़े मेलों और पर्यटन पर केंद्रित होती हैं, लेकिन छोटे गांवों में स्थानीय स्तर पर सांस्कृतिक शिक्षा और प्रशिक्षण की जरूरत है। समाज को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, खासकर युवाओं को परंपराओं से जोड़ने के लिए।

जब स्कूलों में लोक कला और ग्रामीण इतिहास को शामिल किया जाएगा, तभी यह धरोहर भविष्य में फल-फूल सकेगी। हिमाचली ग्रामीण जीवन एक सांस्कृतिक खजाना है, जो अपनी परंपराओं, सामुदायिक एकता और प्रकृति के साथ गहरे रिश्ते के लिए जाना जाता है। यह जीवनशैली न केवल हिमाचल की पहचान है, बल्कि देश और दुनिया के लिए एक प्रेरणा भी है। सरकार और समाज के संयुक्त प्रयासों से इस धरोहर को न केवल संरक्षित किया जा सकता है, बल्कि इसे वैश्विक मंच पर भी चमकाया जा सकता है। हिमाचली गांवों की सादगी और संस्कृति को जीवित रखने के लिए हमें अपनी जड़ों को गले लगाना होगा, ताकि यह खजाना आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उतना ही जीवंत रहे।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# पुलिस महानिदेशक और शिमला जिले के पुलिस कप्तान के बीच खुली जंग

दिवंगत विमल नेगी प्रकरण में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा पुलिस में अनुशासनहीनता की तल्ख टिप्पणी के बाद पुलिस महानिदेशक एवं शिमला जिला के पुलिस कप्तान के बीच मतभेदों के चलते जहां जांच सीबीआई को सौंप दी गई है, वहीं पुलिस के उपरोक्त दोनों अधिकारियों के बीच जंग अब कागजों तक सीमित न रहकर जुबानी भी हो गई है। पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव गांधी जहां महानिदेशक कार्यालय पर ड्रग्स तस्करी में शामिल होने तक के आरोप लगा चुके हैं, वहीं पुलिस महानिदेशक ने संजीव गांधी की निलंबन की लिखित सिफारिश प्रदेश सरकार को भेज दी है। हिमाचल प्रदेश के इतिहास में अधिकारियों की विशेषकर पुलिस अधिकारियों के बीच बेलगाम जंग का यह पहला उदाहरण है एवं सरकार इस पूरे मामले पर मौन बैठी है।



लेखक : अजय श्याम
स्वतंत्र लेखक

विमल नेगी की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत का कारण भी हिमाचल प्रदेश विद्युत निगम में अधिकारियों का तानाशाही रवैया बताया जा रहा है ऐसे में यह स्पष्ट है कि हिमाचल प्रदेश में विभिन्न स्तरों पर अफसरशाही बेलगाम एवं निरंकुश हो गई है और ऐसा तभी संभव हो सकता है जब राजनीतिक नेतृत्व अक्षम हो अथवा स्वयं भ्रष्टाचारी अधिकारियों के साथ घाल मेल में भागीदार हो।

विमल नेगी की मौत के बाद आरंभ से ही परिवार निष्पक्ष एवं न्यायपूर्ण जांच की मांग करता रहा है एवं इसे आत्महत्या नहीं अपितु सुनियोजित षडयंत्र मान रहे हैं एवं आरंभ से सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे, परंतु प्रदेश के मुख्यमंत्री के आश्वासन पर निगम के कुछ अधिकारियों के निलंबन के बाद जांच आगे बढ़ी, परंतु उच्चतम न्यायालय में आरोपी देश राज की जमानत का विरोध न करके एवं उच्च न्यायालय द्वारा जमानत अर्जी रद्द किए जाने के बाद देशराज को गिरफ्तार किए बिना उच्चतम न्यायालय तक जाने का अभयदान देकर हिमाचल सरकार की जांच एजेंसी ने यह साबित कर दिया कि कहीं न कहीं सरकार आरोपी को संरक्षण देकर कुछ बातों पर पर्दा डालने की फिराक में है। इसी बीच विमल नेगी के परिजनों द्वारा उच्च न्यायालय में मामला सीबीआई को सौंपे जाने की याचिका में जो तथ्य उभरकर सामने आए हैं।



उससे स्पष्ट है कि सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल के एक सदस्य पंकज द्वारा शव के साथ बरामद पेन ड्राइव को पहले रिकॉर्ड में नहीं लिया गया वहीं बाद में उसे फॉर्मेट भी किया गया साथ ही पुलिस महानिदेशक द्वारा शिमला पुलिस की जांच पर सवाल खड़े करना एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा द्वारा विमल नेगी को प्रताड़ित किए जाने संबंधी तथ्य भी न्यायालय में शपथ पत्र के द्वारा उजागर किए गए, जो इस बात का द्योतक है। कहीं न कहीं विमल नेगी आत्महत्या अथवा आशंकित हत्या के पीछे उनके विभागीय अधिकारियों का आचरण एवं पर्दे के पीछे से कोई ताकतवर सियासी षडयंत्र जिम्मेदार है। हिमाचल में पूर्व में भी गुड़िया हत्याकांड में सीबीआई जांच की मांग की गई थी एवं सीबाआई को जांच देने के बाद भी स्थानीय पुलिस तात्कालिक विशेष जांच दल के मुखिया जहूर जेदी की हठधर्मिता के चलते आरोपियों से पूछताछ करती रही एवं अंततोगत्वा सूरज हत्याकांड का शिकार बनकर उम्रकैद की सजा तक पहुंची। इस प्रकरण में कल सीबीआई की टीम को जिला शिमला के कप्तान संजीव गांधी द्वारा खाली हाथ लौटा दिया गया जबकि वे इस मामले से जुड़े

अनंत ज्ञान

रिकॉर्ड को मांग रहे थे ऐसे में यह लगता है कि गांधी ड्रग पैडलिंग के खिलाफ अपनी कर्मठ छवि के इतर वही गलती कर रहे है जो गुड़िया कांड में तात्कालिक पुलिस अधिकारियों ने की थी। गांधी यह गलती भी ऐसे परिवेश में कर रहे हैं जब उच्च न्यायालय उनके विरुद्ध खुले कोर्ट में डीजीपी के खिलाफ टिप्पणी पर तल्खी दिखा चुका है जबकि समय का तकाजा यह है कि पीड़ित जनों की इच्छा एवं उच्च न्यायालय के फैसले के बाद प्रदेश पुलिस को तत्काल अपने हाथ पीछे हटाकर सीबीआई को जांच सौंपनी चाहिए, परंतु इस घटनाक्रम से यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि विमल नेगी प्रकरण में भ्रष्टाचार के जो मामले ध्यान में आ रहे है उसमें कहीं न कहीं कोई सियासी षडयंत्र शामिल है जिसके चलते शिमला पुलिस अधीक्षक के कंधों पर बंदूक रखकर जांच को प्रभावित करते हुए अब सीबीआई तक मामले को जाने से रोका जा रहा है वहीं नेता विपक्ष जयराम ठाकुर की यह टिप्पणी कि पाप का घड़ा अब भर गया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सुक्खू सरकार कामगारों के बच्चों में जगा रही शिक्षा का उजाला

## कामगार कल्याण बोर्ड की योजना बनी सहायक, मंडी जिले में 1254 बच्चों को शिक्षा के लिए 3.41 करोड़ रुपए की वित्तीय मदद

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** व्यक्तित्व विकास में शिक्षा का महत्व सर्वविदित है। एक शिक्षित व्यक्ति से ही शिक्षित समाज का निर्माण होता है और शिक्षित समाज राष्ट्र की उन्नति में सहायक होता है। सीएम सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में कई नवोन्मेषी पहल कर रहा है, वहीं वंचित वर्गों तक शिक्षा की लौ जलाकर उन्हें मुख्यधारा में लाने के दृष्टिगत अनेकों कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है।

मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले कामगारों के बच्चों के जीवन में उच्च शिक्षा का उजाला लाने के लिए एक ऐसी ही योजना प्रदेश सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के माध्यम से संचालित की जा रही है। शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना के तहत पहली कक्षा से पी.एच.डी. तक की उच्चतर शिक्षा ग्रहण करने के लिए उन्हें 8,400 रुपए से लेकर 1.20 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। मंडी जिला में इस योजना के तहत कामगार बोर्ड में पंजीकृत कामगारों के 1254 बच्चों को लगभग 3.41 करोड़ रुपए की वित्तीय मदद प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त लाभार्थी के बच्चों को हॉस्टल में रहने पर हॉस्टल सुविधा योजना के तहत प्रतिवर्ष 20 हजार रुपए की वित्तीय मदद दी जाती है।

शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता योजना का लाभ लेने वाली सरकाघाट क्षेत्र के गांव योह की निलिमा देवी ने बताया कि उनके पति मनोज कुमार लोगों के घरों में श्रमिक का कार्य तथा पंचायत में मनरेगा की दिहाड़ी लगा परिवार का पालन-पोषण करते हैं। सहेली से कामगार कल्याण बोर्ड की इस योजना बारे पता चला। पति का श्रमिक कार्ड बना है। बेटियों की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता का फॉर्म भरा जिस पर कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा दोनों बेटियों रितिका कक्षा छठी और कृतिका दसवीं कक्षा की पढ़ाई के लिए 16,800 रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। निलिमा ने इसके लिए प्रदेश सरकार व कामगार कल्याण बोर्ड का धन्यवाद किया है।

एक अन्य लाभार्थी जोगिंदनगर के दारट गांव के रोहित का कहना है कि वह राजीव गांधी मेमोरियल महाविद्यालय जोगिंदरनगर में पढ़ाई कर रहे हैं। उनकी माता दिहाड़ीदार हैं। उन्होंने मनरेगा में 100 दिन पूरे किए हैं तथा कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत हैं। बोर्ड द्वारा पढ़ाई के लिए 72 हजार रुपये की राशि मिली है, जिसके लिए उन्होंने सरकार व सीएम सुक्खू का धन्यवाद किया है।

### वित्तीय मदद का ब्यौरा

**कामगार** कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को प्रथम से आठवीं कक्षा तक की पढ़ाई के लिए 8,400 रुपए, 9वीं से 12वीं तक 12 हजार रुपए, कॉलेज तक की शिक्षा के लिए 36 हजार रुपए, पॉलिटेक्निक डिप्लोमा करने के लिए 48 हजार, बीटेक, एमटेक, एमबीबीएस आदि के लिए एक लाख 20 हजार रुपए वार्षिक शिक्षण सहायता प्रदान की जाती है।



### यह है पात्रता

**ऐसे** कामगार जो भवन निर्माण, सड़क, पुल, बिजली उत्पादन व वितरण, जल निकासी, बांध, सुरंग, संचार लाइन इत्यादि कार्यों से जुड़े हों अथवा जिनका कार्य कारखाना अधिनियम 1948 या खान अधिनियम 1952 के अंतर्गत नहीं आता, वे इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। पंजीकरण के लिए कामगार की आयु 18 से 60 वर्ष होनी चाहिए व पिछले 12 माह में कम से कम 90 दिन कार्य किया हो।

### पात्रों को दे रहे लाभ

**उपायुक्त** अपूर्व देवगन ने कहा कि प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्य के निर्देश दिए गए हैं। जिला में कामगारों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का त्वरित लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है।

# देशभक्ति का संदेश लेकर आया 'मन की बात' का 122वां कार्यक्रम: जम्वाल

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राकेश जम्वाल ने रविवार को सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के बूथ न. 16 पुंघ-2 में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें एपिसोड में 'ऑपरेशन सिंदूर' का विशेष उल्लेख करते हुए भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की सराहना की।

उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि बदलते भारत की तस्वीर है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और प्रत्येक भारतीय का यही संकल्प है कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सेनाओं ने जिस स्पष्टता और सटीकता के साथ सीमा पार आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, उससे हर हिंदुस्तानी का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। इस अभियान में भारतीय जवानों के साहस के साथ-साथ भारत में बनी हथियार प्रणाली, तकनीक और आत्मनिर्भरता की ताकत भी साफ नजर आई। उन्होंने कहा कि हमारे इंजीनियरों और तकनीशियनों का भी इस सफलता में बड़ा योगदान रहा है।

पीएम ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने देशभर में एक नई राष्ट्रभक्ति की भावना को जन्म दिया है। देश के अनेक हिस्सों में तिरंगा यात्राएं निकाली गई, युवाओं ने नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक बनने के लिए आगे आकर अपने संकल्प को प्रदर्शित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### सरौन के 3 बच्चों का सैनिक स्कूल में चयन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरौन स्कूल के तीन विद्यार्थियों का सैनिक स्कूल सुजानपुर के लिए चयन हुआ है। स्कूल प्रधानाचार्य लता पठानिया ने बताया कि हाल ही में पूरे भारतवर्ष में सैनिक स्कूल चयन की परीक्षा हुई थी, जिसमें हमारी पाठशाला के बच्चों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की थी। जिनमें से शिवांशी शर्मा कक्षा छठी के लिए, शिखा कक्षा नौवीं के लिए तथा आदर्श भी कक्षा नौवीं के लिए चयनित हुआ। उन्होंने इस सफलता का श्रेय बच्चों की कड़ी मेहनत, लग्न तथा शिक्षक वर्ग के अथक प्रयासों तथा अभिभावकों के सहयोग को दिया।



### 16 छात्रों ने पास की सैनिक स्कूल परीक्षा



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** स्थानीय लॉर्ड्स कान्वेंट के 16 छात्रों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा पास की है। उत्तीर्ण करने वाले छात्रों में आद्विक, ऋषित, स्मृति, निध्यति, यशिका, निधि वर्मा, आरव बंसल, शलोक, दैविक गुप्ता, स्नेहल, वैभव शर्मा, आस्था वर्मा, कुनाल, कुशांक, आरुष व नौवीं कक्षा से नमन शामिल हैं। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक कर्नल बलवंत सिंह बरारी ने सभी बच्चों वह अध्यापकों को हार पहनाकर सम्मानित किया और बच्चों की इस उपलब्धि पर सभी अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई दी। स्कूल प्रधानाचार्य कहा कि लॉर्ड्स कान्वेंट के छात्र बोर्ड मेरिट के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाएं भी बिना किसी बाहरी कोचिंग के पास कर रहे हैं।उन्होंने छात्रों शिक्षकों अभिभावकों को उनकी मेहनत के लिए शुभकामनाएं दी और भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### फुटबाल में सेंट मैरी सुंदरनगर विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** ट्राईअम्फ एफसी मंडी के अध्यक्ष सुशांत शर्मा ने बताया कि क्लब द्वारा 'ग्रासरूट्स फुटबॉल डे' के अंतर्गत आयोजित एक विशेष फुटबाल समारोह मंडी के वैहना स्थित द फिनिक्स स्कूल में किया गया। इस आयोजन में क्लब के द्वारा बच्चों को एक कार्यशाला के माध्यम से फुटसल क्या है एवं उसके रूल्स एवं रेगुलेशन से अवगत करवाया गया। यह आयोजन एशियन फुटबॉल कन्फेडरेशन और वलर्ड फुटवाल डे के समर्थन से हो रहा है। प्रतियोगिता का पहला मैच तक्षशीला स्कूल व फीनिक्स स्कूल बी के मध्य खेला गया जिसमें तक्षशीला स्कूल 2-1 से विजयी रही। फाइनल मैच सेंट मैरी सुंदरनगर व फीनिक्स स्कूल ए के मध्य खेला गया। सेंट मैरी सुंदरनगर 3-1 से विजयी रहा। इस मैच में मुख्यतिथि उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन रहे।

### रोटरी क्लब ने चलाया सफाई अभियान



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** रोटरी क्लब द्वारा बीएसएल जलाशय किनारे सुबह सवेरे सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान रोटेरियन ने कूड़ा कचरा एकत्रित किया । यह जानकारी देते हुए क्लब के प्रधान घनश्याम महाजन और सचिव राकेश सेन ने बताया कि नरेश धीमान द्वारा इस अवसर पर पांच डस्टबीन दान किए जिन्हें जलाशय किनारे स्थापित किया गया।

### नागेश्वर महादेव कुड्ड में मेला कल से

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल क्षेत्र के प्रसिद्ध नागेश्वर महादेव कुड्ड में 27 और 28 मई को दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला हर वर्ष की तरह इस बार भी पारंपरिक धूमधाम से मनाया जाएगा। मेला कमेटी कुड्ड नागेश्वर महादेव के प्रधान संजीव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मेला शाखा पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्गत पिछले कई वर्षों से सफलतापूर्वक आयोजित होता आ रहा है। मेले के दौरान वॉलीबाल, कुश्ती और कबड्डी जैसी खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जो युवाओं और खेल प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसके अलावा, सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी, जो मेले में मनोरंजन का नया रंग भरेंगी। संजीव शर्मा ने बताया कि यह मेला न केवल मनोरंजन का जरिया है, बल्कि श्रद्धालुओं को नागेश्वर महादेव के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का भी सुनहरा अवसर प्रदान करता है।

# स्कूटी गिरी, युवक की मौत

## दुदर पंचायत के घट्टा गांव के पास शनिवार रात को पेश आया हादसा

**अनंत ज्ञान, मंडी**

जिला शहर के साथ लगती दुदर पंचायत में शनिवार रात को स्कूटी लूढ़कने से युवक की मौत हो गई है। यह हादसा गांव में ही घट्टा के पास पेश आया। दुर्घटना का पता रविवार सुबह चला जब ग्रामीणों को सड़क किनारे नीचे की ओर से मोबाइल की घंटी बजने की आवाज सुनाई दी। हालांकि स्कूटी मात्र दो चार फुट ही नीचे लुढ़की लेकिन माथा व नाक के बल पेड़ के ठूंठ से टकराने पर गहरी चोट आई। परिवार वालों ने देर रात तक उसके न आने पर फोन तो किया पर नो रिप्लाई चलता रहा। पुलिस ने पोस्टमार्टम व आवश्यक कार्यवाही करने के बाद शव दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान तनुज पटियाल (38) पुत्र कंवर सिंह पटियाल निवासी गांव व डाकघर दुदर के रूप में हुई है। मृतक मंडी शहर के सौली खड्ड में दुकान चलाता था।



दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

घटनास्थल पर मृतक का खून से सना हुआ जो हेलमेट मिला वह सामान्य टोपी जैसा, सस्ता व माथे के पास से टूट हुआ पाया गया। यदि उसने दुपहिया वाहनों की सवारी के लिए तयशुदा व सिर को पूरी तरह कवर करने वाला सही व मजबूत हैल्मेट पहना होता तो गहरी चोट से बच सकता था और छोटी छोटी दो बेटियो के सिर से बाप का साया न उठता। युवा पत्नी को ऐसा विछोह न झेलना पड़ता। मां-बाप को इकलौते बेटे की निर्जीव देह न देखनी पड़ती। बहनों को इकलौते भाई की कलाई पर राखी बांधने से वंचित न होना पड़ता। मृतक की दो बहनें शादीशुदा हैं। वह अपने पीछे मां बाप, पत्नी व दो छोटी छोटी बेटियां छोड़ गया। वह ठेकेदारी व दुकानदारी करता था।

# निजी स्कूल, अस्पताल लूट के सबसे बड़े अड्डे : एनके पंडित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**पूर्व** प्रवक्ता कांग्रेस एनके पंडित ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार से आज दिन तक मोबाइल कंपनियों की लूट पर अंकुश नहीं लग पाया है। एनके पंडित ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोज यह कहते हुए नहीं थकते की भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है। यदि सर्वे किया जाए तो भारत के 80 प्रतिशत लोग महंगे रिचार्ज और मोबाइल कंपनी की लूट से परेशान हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य की बात करें तो निजी स्कूल लूट का अड्डा बन चुके हैं।



**कहा, मोबाइल कंपनी के महंगे रिचार्ज से परेशान 80 प्रतिशत लोग**

इसके साथ ही निजी अस्पतालों का भी यही हाल है। डॉक्टरों द्वारा अनावश्यक दवाइयां लिखी जाती हैं, साल्ट नहीं लिखे जाते हैं। यह बहुत बड़ा धंधा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यदि सच में ही देश की भलाई चाहते हैं तो शिक्षा, स्वास्थ्य और मोबाइल कंपनियों की लूट को रोकें। ताकि देश की 80 प्रतिशत जनता लूट से राहत पा सके।

# देहदान कर अमर हुईं कुशम लता

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** मृत्यु अंत नहीं, एक नई शुरुआत है, इस भावना को साकार कर दिखाया है जोगिंद्रनगर की स्वर्गीय कुशम लता के परिजनों ने। 63 वर्षीय कुशम लता के निधन के उपरांत उनके परिवार ने एक अनुकरणीय निर्णय लेते हुए उनका पार्थिव शरीर पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ को मेडिकल रिसर्च और शिक्षण के लिए दान कर दिया। उनके पति जगदीश चंद, पुत्र वरुण भाटिया और बेटियां नीतिका, रुचिका, पूजा व शैलजा ने मिलकर यह पुण्य कार्य संपन्न किया। इस मानवीय पहल की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया जा रहा है। पीजीआईएमईआर के एनाटॉमी विभाग ने परिवार के इस निर्णय पर आभार जताते हुए कहा कि यह योगदान मेडिकल छात्रों के लिए अमूल्य रहेगा।

# आज पटवार वृत्त स्तर पर लगेंगे विशेष शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम-किसान) के अंतर्गत पात्र किसानों को समय पर एवं सुचारू रूप से लाभ प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन मंडी द्वारा जिला की सभी ग्राम पंचायतों में रविवार को ग्राम सभाएं आयोजित की गईं। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी मंडी डॉ मदन कुमार ने बताया किग्राम सभा का पहला आयोजन रविवार को संपन्न हुआ, जबकि दूसरी ग्राम सभा 29 मई को आयोजित की जाएगी। इसी क्रम में विशेष शिविर 26 मई को पटवार वृत्त स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान किसानों की ई-केवाइसी, भूमि सीडिंग और बैंक खाते के साथ आधार सीडिंग का कार्य किया जा रहा है। इन आयोजनों का उद्देश्य उन लाभार्थियों की समस्याओं का समाधान करना है जिनकी किश्तें तकनीकी कारणों से लंबित हैं।

# धर्मपुर में 29 से शुरू होगा विकसित कृषि संकल्प अभियान : नेहा चौहान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**8 कृषि वैज्ञानिक दो दिन तक धर्मपुर में किसानों से करेंगे संवाद**

**कृषि** विश्वविद्यालय पालमपुर व कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर की योजना के तहत एफपीओ धर्मपुर के सहयोग से आठ सौ बीघा जमीन पर सोयाबीन क्लस्टर तैयार करने की योजना एफपीओ कार्यालय भराड़ी में तैयार की गई। जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर के कृषि वैज्ञानिक डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा व डॉ. नेहा चौहान ने कलस्टर चिहिन्त करने के लिए बैठक आयोजित की। जिसमें एफपीओ अध्यक्ष सत्तपाल सिंह चौहान सचिव भूपेंद्र सिंह एफ़पीओ में कृषि कार्यों के प्रभारी डॉ कुलदीप गुलेरिया के अलावा कलस्टर प्रभारियों ने भाग लिया।

कृषि वैज्ञानिक डॉ एलके शर्मा ने बताया कि ये क्लस्टर डरवाड़ के छत्रैना, गरली, अंसवाई, लौंगनी, जोढन, सरी, बिंगा, दबरोट, ध्वाली, सधोट, सरौन, सज्जाओ, सिद्धपुर, बसंतपुर आदि जगहों पर आठ सौ बीघा जमीन पर तैयार होंगे। जिसके लिए उन्नत किस्म के सोयाबीन बीज इस माह के अंत तक छह किलो प्रति बीघा की दर से उपलब्ध करवाये जाएंगे।

डॉ. नेहा चौहान ने बताया कि भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा 29 मई से 12 जून तक देशव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है जिसकी शुरुआत धर्मपुर से होगी। जिसमें 8 कृषि वैज्ञानिक दो दिनों तक धर्मपुर में एक हजार से ज्यादा किसानों से संवाद करेंगे।

# कुफरी स्कूल में शिक्षकों को टोटा, बच्चों के भविष्य को लेकर अभिभावक चिंतित

**कविता, अनंत ज्ञान**

**पधर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुफरी इन दिनों शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रही है। स्कूल में शिक्षकों के कई पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। इसको लेकर स्कूल प्रबंधन समिति ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

अध्यक्ष ओपी ठाकुर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि स्कूल में विज्ञान, गणित, रसायन, अंग्रेज़ी, भूगोल और अर्थशास्त्र जैसे प्रमुख विषयों के शिक्षक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इन विषयों की पढ़ाई नियमित रूप से न होने के कारण विद्यार्थियों का शैक्षणिक भविष्य अधर में लटक गया है। सरकार एक ओर व्यवस्था परिवर्तन की बात करती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर हालात दिन-प्रतिदिन बदतर होते जा रहे हैं। विभिन्न विभागों में हजारों पद रिक्त पड़े हैं, जिससे आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ठाकुर ने सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जहां एक ओर सरकार अपने और अधिकारियों पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सेवाओं की हालत दयनीय होती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार स्कूलों को बंद करने की ओर अग्रसर है, जबकि वास्तविकता यह है कि जब स्कूलों में शिक्षक ही नहीं होंगे तो वे स्वत: ही बंद हो जाएंगे।

### जल्द खाली पद नहीं भरे तो करेंगे आंदोलन

**स्कूल** प्रबंधन समिति ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मांग की है कि कुफरी स्कूल में रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए तथा इस मामले को गंभीरता से लेकर स्थायी नियुक्तियों की प्रक्रिया को भी प्राथमिकता दी जाए। समिति ने चेताया है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो स्थानीय जनता को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ सकता है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने उम्मीद जताई है कि सरकार विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शीघ्र सकारात्मक कदम उठाएगी।

# पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली को बदलें : हेमराज

## प्रदेश राजकीय भाषा अध्यापक संघ के राज्य अध्यक्ष ने उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**प्रदेश** राजकीय भाषा अध्यापक संघ के राज्य अध्यक्ष हेमराज ठाकुर ने हिमाचल में छात्रों के परीक्षा में फेल होने के कारण आत्महत्या करने के मामलो पर चिंता जताते हुए हिमाचल प्रदेश सरकार, शिक्षा विभाग और स्कूल शिक्षा बोर्ड से स्कूली पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली तथा मूल्यांकन प्रणाली में बदलाव करने की मांग की है। हेमराज ठाकुर ने बताया कि ए बी सी सीरीज में अलग-अलग प्रश्न पत्र डाल कर परीक्षाओं को लेने की प्रणाली का हिमाचल प्रदेश राजकीय भाषा अध्यापक संघ ने पिछले वर्ष भी विरोध जताया था। जिस पर इस सत्र में बोर्ड द्वारा तीनों सिरों में एक प्रकार के प्रश्न डालने और उन्हीं प्रश्नों को तीनों सिरों में अलग-अलग क्रम में देने की बात स्वीकार की थी। परंतु उसके बावजूद भी हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा वही पुराना ए बी सी सीरीज में तीनों में अलग-अलग तरह के प्रश्न पूछने वाली परीक्षा प्रणाली इस बार भी अपनाई गई, जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

हेमराज ने बताया कि यह प्रणाली परीक्षा की वैधता और विश्वसनीयता दोनों पर खरी नहीं उतरती क्योंकि जब परीक्षा ली जाती है तो वह एक बराबर मनको पर होनी चाहिए। तीनों सिरों में अलग-अलग प्रश्न पूछ कर बोर्ड छात्रों के साथ हर बार अन्य कर रहा है । इस प्रकार से किसी छात्र को कठिन तो किसी छात्र को आसान सीरीज प्राप्त होती है। जिससे अच्छी पढ़ाई करने वाले बच्चे भी परीक्षा में कम अंक प्राप्त करके फेड अप हो जाते हैं और तनाव की ओर कदम बढ़ाते हैं।

### शिक्षा बोर्ड धर्मशाला को बरतनी चाहिए सावधानी

**हेमराज** ने बताया कि जिस तरह से इस बार प्रदेश शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के द्वारा 12वीं की परीक्षा परिणाम को घोषित करने के बाद अंग्रेजी विषय का पुनर्मूल्यांकन करने के बाद फिर से नया परीक्षा परिणाम दिया गया, उसे तरह की घटनाओं से भी बोर्ड को सावधानी बरतनी चाहिए ताकि कोई ऐसी अनहोनी घटना ना हो ,जिसस छात्रों को अपनी जान से हाथ धोना पड़े । हेमराज ने बताया कि जिस तरह से समाचार पत्रों में यह खबर छपी है कि एक छात्रा ने 5 दिन पहले परीक्षा में फेल होने के कारण जहरीला पदार्थ उगलकर आत्महत्या कर ली और 5 दिन बाद जब दोबारा मूल्यांकन किए जाने के बाद फिर से परीक्षा का परिणाम आता है तो वह छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण बताई जाती है।

# रेस्ट हाउस परिसर में की जाए साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, महादेव।** लोक निर्माण विभाग भोजपुर सुंदरनगर के रेस्ट हाउस परिसर सफाई व्यवस्था के लिए तरस रहा है, जिससे सरीसृपों की चहलकदमी भी बढ़ गई है। राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं 21 से से सटे रेस्ट हाउस परिसर का पिछला एक बड़ा भाग तरह तरह-तरह के मलबे की गिरफ्त में देखा जा सकता है। क्षेत्र के बुद्धिजीवियों ने कहा कि यहां सरीसृपों के बढ़ने से एक भय का माहौल भी व्याप्त हो गया है। लोगों ने उपायुक्त मंडी एवं प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मांग की है कि शीघ्र ही उक्त रेस्ट हाउस में सफाई व्यवस्था को लेकर ठोस उपाय करने सहित कीटनाशकों आदि का भी बड़े पैमाने पर छिड़काव किया जाए।

# शारदा माता नेर मेले का आगाज

## भाजपा नेत्री मेघना ठाकुर ने किया मेले का शुभारंभ



**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल के अंतर्गत आने वाले नेर गांव में आयोजित तीन दिवसीय शारदा माता मेले का शुभारंभ बड़ी धूमधाम से हुआ। मेले का उद्घाटन भाजपा नेत्री मेघना ठाकुर ने किया।

मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। उन्हें शाल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय निवासी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

भाजपा नेत्री मेघना ठाकुर ने कहा कि शारदा माता मेला आस्था, संस्कृति और सामूहिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से हमारी परंपराएं जीवित रहती हैं और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर मिलता है। मेला स्थल पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# भरजवाणु-साई सड़क बनी जानलेवा

## सड़क में पड़े पत्थर दे रहे हादसों को न्योता, वाहन चालक परेशान

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत के गांव भरजवाणु-साई सड़क में पड़ पत्थर हादसों को न्योता दे रहे हैं। जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

राजाओं के समय का मार्ग जिसे पुराना मंडी-शिमला मार्ग भी कहा जाता है आज बहुत बुरी स्थिति में है जिसे सुधारने के लिए ऊंट के मुंह में जीरा की तर्ज पर गड्ढों में मिट्टी रोड़े आदि डाले जा रहे हैं जिससे लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आती इस सड़क की हालत और अधिक दयनीय हो गई है क्योंकि सड़क पर पत्थर ही पत्थर फैले देखे जा सकते हैं जो वाहन चालकों खासकर दो पहिया वाहनों के लिए अंसतुलन की स्थिति पैदा कर रहे हैं और अक्सर लोग गिरते पड़ते गंतव्य की ओर जाने को मजबूर हो गए हैं।जी का जंजाल बने पड़े इस सड़क के व्यापक सुधार को लेकर संबंधित विभाग गंभीरता दिखाने में असमर्थ दिखाई दे रहा है ऐसे में सड़क मार्ग के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं।



भरजवाणु-साई सड़क पड़े पत्थर दे रहे हादसों को न्योता।

अजीब असुविधा बनने से लोगों में सुक्खू सरकार के प्रति जबरदस्त रोष एवं गुस्सा व्याप्त है। प्रभावितों ने उपायुक्त मंडी तथा प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही बदहाली का शिकार भरजवाणु-साई वाया जरल सड़क के कायाकल्प को लेकर कारगर कदम उठाए जाएं।

**नशा मुक्त** नशा भगाओ-युवा बचाओ-भविष्य बचाओ अभियान के तहत नशा मुक्ति का लिया संकल्प, विजेता नवाजे

# सजाओ में नशे के खिलाफ दौड़े 117 बच्चे

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** नशा भगाओ-युवा बचाओ-भविष्य बचाओ अभियान के तहत सजाओपीपलु में स्कूली बच्चों की सड़क दौड़ आयोजित की गई। इसका आयोजन धर्मपुर नशा मुक्ति अभियान समिति, मंडी साक्षरता व ज्ञान विज्ञान समिति तथा इंडियन एक्स सर्विसमैन लीग टिहरा यूनिट ने किया।

इसमें भराड़ी उत्कृष्ट विद्यालय, लौंगनी, हुक्कल, घरवासड़ा सरकारी स्कूलों के अलावा जोढन और भराड़ी पब्लिक स्कूलों के कुल 117 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिनमें 99 लड़के और 18 लड़कियों ने भाग लिया। सड़क दौड़ में 14 से 16 व 17-18 साल के बच्चों ने भाग लिया और चार श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ तथा पांचवे स्थान पर पर आने वाले प्रतियोगी छात्रों को जन सहयोग से एकत्रित राशि में से इनाम भी दिए गए।



डॉ. अश्वनी राठौर निदेशक रिलायंस कंपनी अंतरराष्ट्रीय एथेलेटिक्स कोच भूपिंद्र भूप्पी, राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के सदस्य भूपिंद्र सिंह, मंडी साक्षरता समिति की सचिव सुनीता बिष्ट व प्रधानाचार्य भोलादत्त कश्यप ने चार श्रेणियों के प्रतियोगियों को को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं सजाओ निवासी रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल राठौर ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया और 20 बच्चों को ईनाम वितरित किये।

दौड़ में भाग लेने के अलावा भराड़ी स्कूल की उन तीन छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने मेट्रिक में मैरिट में स्थान हासिल किया है। पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता रणताज राणा, सार्जेन्ट हंसराज शर्मा और सुनीता बिष्ट ने की और प्रो वीना राठौर ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नशे को जन भागीदारी और जन अभियान चलाकर ही रोका जा सकता है। उन्होंने इसके लिए धर्मपुर में शुरू किए अभियान को अच्छी पहल की है और हम जल्दी ही अपने इलाके को नशे से मुक्त कर पाएंगे। एथलेटिक्स कोच भूपिंद्र भूप्पी ने कहा कि युवाओ में बढ़ते नशे के प्रभाव व सेवन को रोकने के लिए खेल कूद जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देना होगा ताकि युवाओं का ध्यान नशे की ओर कम जाए।

### इन्हें किया सम्मानित

**दौड़** में नेहा, ईशा, शगुन वर्मा, आराध्य, अंजली, निशाता, पायल, नातया और रिया और आरुषि व लड़कों में आशीष राणा, आशीष कुमार, आयुष भारद्वाज, सुनील राठौर और शिवम कुमार, अनुराग, शुभम, अभिनव, निशांत, सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, हरोली।** विद्युत उपमंडल हरोली के सहायक अभियंता सुरेश कुमार ने बताया की 26 मई को 11 केवी भदसाली फीडर तथा एक्सप्रेस फीडर के उचित रखरखाव व मरम्मत कार्य के चलते बिजली आपूर्ति सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने सभी बिजली उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### जीनत महंत ने मेधावियों को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, घनारी।** समाजसेवी जीनत महंत व शहीद भगत सिंह क्लब गगरेट के सदस्यों ने सेंट डीआर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल गगरेट के 10वीं और जमा दो की परीक्षा के शानदार नतीजों के लिए प्रिंसिपल सरोज कमल शर्मा को स्मृति चिन्ह व शाल देकर सन्मानित किया। बता दें कि सेंट डीआर स्कूल गगरेट की महक ने जमा 2 की परीक्षा मे प्रदेश भर मे पहला स्थान हासिल किया है और 10वी कक्षा की एंजेल ने चौथा और क्रिस्टी शर्मा ने आठवां स्थान हासिल कर हिमाचल मे अपने स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है। जीनत महंत ने सभी बच्चों के माता-पिता से अपील की है कि बच्चों को मोबाइल से दूर रखें, वहीं बेटियों की शिक्षा पर अधिक ध्यान दें क्योंकि एक बेटी से दो परिवार शिक्षित होते हैं। इस मौके पर जाचना शर्मा, उपप्रधान राजिंदर बंसल, दामिनी, किरण लता, निर्मला देवी, संजीव कुमार, योगराज, संदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### अलीशा ने चमकाया चंबोआ गांव का नाम



**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही।** स्वामी विवेकानंद स्कूल चौकीमन्यार का शैक्षिक 2024- 25 का दसवीं कक्षा का परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा है। स्कूल में कुल 90 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया गया है, जो कि न केवल उल्लेखनीय उपलब्धि है, बल्कि पूरे के क्षेत्र के लिए गर्व का विषय भी है। यह सफलता छात्रों की मेहनत शिक्षकों की लगन और विद्यालय के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। इस सत्र में ग्राम पंचायत डीहर के गांव चंबोआ की बेटी अलीशा मोदगिल ने अपने स्कूल में द्वितीय स्थान प्राप्त कर समस्त विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। अलीशा मोदगिल ने 700 में से 659 अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत और क्षमता का परिचय दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य जगदीश धीमान ने इस शानदार परिणाम पर सभी विद्यार्थियों शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी।

### चुरडी स्कूल के मेधावियों का किया सम्मान



**अनंत ज्ञान, लठियानी।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चुरडी ने इस वर्ष दसवीं कक्षा के परीक्षा का परिणाम 88 फीसदी रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य कर्म चंद ने बताया कि कुछ विषयों के नियमित अध्यापक न होने के बावजूद स्कूल में कार्यरत शिक्षकों की मेहनत, समर्पण और विद्यार्थियों की लगन के चलते शानदार परिणाम प्राप्त हुआ है। छात्रा अंशिका राणा ने 700 में से 680 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने गणित और संस्कृत में 100 में से 100 अंक, अंग्रेजी में 99, हिंदी में 97, विज्ञान में 94, सोशल साइंस में 83 तथा कंप्यूटर साइंस में 97 अंक हासिल किए। प्रधानाचार्य करम चंद ने बताया कि संस्कृत विषय में कोई नियमित शिक्षक न होने के कारण अश्विनी कुमार शर्मा ने इस विषय को पढ़ाया, जिनके मार्गदर्शन में कई विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। गणित विषय में भी कुलविंदर सिंह के मार्गदर्शन से भी कई विद्यार्थियों ने पूरे अंक हासिल किए। अन्य शिक्षकों ज्योति, घनश्याम, मोनिका राणा और नीता देवी के साथ-साथ अश्विनी कुमार शर्मा भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने में हमेशा तत्पर रहते हैं। इस दौरान स्कूल के मेधावियों का सम्मान किया गया।

# मोहब्बत के रिश्तों की आड़ में जिस्म से खेल

## अवैध रिश्तों और संबंधों को लेकर ऊना में एक और मामला आया सामने

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**महिला बोली-शादी का झासा देकर 2 वर्ष तक किया शारीरिक शोषण**

**ऊना** जिले में अवैध रिश्तों और संबंधों को लेकर मामले पुलिस तक पहुंचने लगे हैं। न जाने कितने लोग ऐसी परिस्थितियों के साथ जूझ रहे हैं, लेकिन सामाजिक मजबूरियों में इक्का-दुक्का मामले ही सामने भी आ रहे हैं। इंस्टा और फेसबुक से शुरू होने वाले प्रेम संबंध के अलावा कॉलेज और स्कूल से साथ निभाने की रस्में कसमें सिर्फ शारीरिक संबंधों तक सीमित हो रहे हैं। कुछ असफल लोग ऐसी परिस्थितियों में गलत रास्ता अख्तियार कर लेते हैं और बुरे से बुरे धंधे में जा रहे हैं। कुछ ऐसे भी हैं, जो ऐसे मामलों से धोखा खाने के बाद अपनी जिंदगी के सही रास्ते को पकड़ लेते हैं, लेकिन जब सात सालों तक का शारीरिक शोषण करके धोखा मिले तो मामले न्याय के लिए भी सामने आने लगे हैं। ऐसे कई मामले कुछ सालों में सामने आए हैं, लेकिन अब ऊना का एक महीने में तीसरा ऐसा मामला चौंकाने लगा है। न जाने कब तक लोग ऐसे मामलों से सतर्क होंगे।

इस मामले की बात करें तो महिला थाना ऊना में एक 33 वर्षीय महिला ने नंगल निवासी एक विवाहित व्यक्ति पर शादी का झांसा देकर दो वर्ष तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि उसकी दोस्ती मार्च 2023 में नंगल के अंकुश शर्मा नामक व्यक्ति से हुई थी। आरोप है कि अंकुश ने उसे भरोसा दिलाया कि वह जल्द ही अपनी पत्नी से तलाक लेकर उससे विवाह करेगा। इसी आश्वासन के चलते दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने। महिला का आरोप है कि अब व्यक्ति शादी से मुकर रहा है और उसे लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। कभी उसका मोबाइल नंबर ब्लॉक कर देता है, तो कभी उसके परिजनों के सामने जबरन माफी मंगवाता है। विरोध करने पर वह शादी से इनकार करने और बदनाम करने की धमकी देता है। महिला ने बताया कि करीब 20 दिन पहले भी आरोपी ने उससे जबरन शारीरिक संबंध बनाए थे। अब वह रोज नए.नए बहानों से उसे मानसिक तनाव दे रहा है और धमकियां दे रहा है।

पुलिस ने महिला की ईमेल के माध्यम से प्राप्त शिकायत को संज्ञान में लेते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एएसपी ऊना सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और उचित कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है।

# राज्य सरकार में तालमेल की कमी अव्यवस्था पर उठे सवाल : बबलू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राज्य उपाध्यक्ष एवं जिला ऊना भाजपा के उपाध्यक्ष बलराम बबलू ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। बलराम बबलू ने ई. बिमल नेगी की रहस्यमयी मृत्यु की जांच सीबीआई को सौंपे जाने के बाद पैदा हुए हालातों पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि इससे राज्य में सुक्खू सरकार और पुलिस अधिकारियों के बीच स्पष्ट रूप से आपसी तालमेल की भारी कमी सामने आ रही है।



बलराम बबलू ने कहा कि सीबीआई जांच के आदेश होते ही प्रशासन में बौखलाहट साफ देखी जा सकती है। डीजीपी और एसएसपी शिमला के बीच टकराव इस कदर बढ़ गया है कि डीजीपी खुद एसएसपी को बर्खास्त करने की सिफारिश सरकार से कर रहे हैं। क्या यही है सुक्खू सरकार का व्यवस्था परिवर्तन? क्या यही है वह सुशासन, जिसकी बात सुक्खू सरकार ने सत्ता में आने से पहले की थी? सुक्खू सरकार का अढाई वर्षों का कार्यकाल जनता के लिए सिर्फ महंगाई, बेरोजगारी और अस्थिरता का प्रतीक बन गया है।

बबलू ने दावा किया कि विमल नेगी की मौत के पीछे किसी बड़े षड्यंत्र की आशंका है और इसी कारण सरकार इस जांच से डर रही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार साफ है, तो सीबीआई जांच से डरने की कोई जरूरत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पूछा कि क्या सरकार को डर है कि सीबीआई जांच से कई नामचीन चेहरे बेनकाब हो जाएंगे?

## पंजैन में धार्मिक कार्यक्रम एक जून से

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उत्तरी भारत का प्रसिद्ध श्रमिक स्थल बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन जो प्रमुख धार्मिक स्थलों में गिना जाता है, एक बार फिर सात दिवसीय भव्य धार्मिक उत्सव के लिए सजने-संवरने को तैयार है। यह कार्यक्रम एक से 7 जून तक चलेगा, जिसमें हज़ारों श्रद्धालुओं की सहभागिता की उम्मीद जताई जा रही है। मंदिर प्रांगण में पूजा-पाठ, कलश यात्रा, शोभायात्रा, मूर्ति स्थापना, हवन-यज्ञ और भक्ति संगीत के साथ भव्य आयोजन होने जा रहा है। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन के गद्दीनशीन बाबा अशोक कुमार ने बताया कि इस वार्षिक विशाल धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत 1 जून को भव्य कलश यात्रा से होगी। इस दिन बाबा पहाड़िया, माता गद्दन, बाबा बालक नाथ, माता ज्वाला जी और पूरे शिव परिवार की मूर्तियों को पवित्र स्नान के लिए महाकालेश्वर धाम ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मूर्ति स्नान के उपरांत, 2 से 5 जून तक बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। क्षेत्र के प्रतिष्ठित पंडितों और आचार्यों की अगुवाई में यज्ञ, हवन और भजन संध्या जैसे धार्मिक अनुष्ठान होंगे। स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूर-दराज से आए श्रद्धालु भी इस पावन अनुष्ठान में भाग लेंगे।



मां जमासनी देवी मंदिर में स्थानीय युवक मंडल कुसान ने शीतल जल की छबील लगाई।

## स्वामी ईशर दास का धूमधाम से मनाया प्रकाश उत्सव

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



रागी जत्थे को सम्मानित करते आयोजक।

उपमंडल बंगाणा के गांव बल्ह खालसा स्थित दुख निवारण आदिद्वारा में धन धन सतगुरु स्वामी ईशर दास महाराज जी का 125 वां प्रकाश उत्सव बड़ी श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर पूरे क्षेत्र का धार्मिक माहौल भक्तिमय बन गया और संगतों की भारी भीड़ ने उत्सव को दिव्यता प्रदान की।

गुरुद्वारा प्रबंधक बाबा कमल दास ने बताया कि इस पावन दिवस पर श्री गुरु आदि प्रगाश ग्रंथ जी की पवित्र बाणी का सहज पाठ करवाया गया, जिसके उपरांत पाठ का भोग डाला गया। इसके साथ-साथ संत कीर्तनी जत्थों ने शब्द कीर्तन द्वारा कीर्तन दरबार सजाया, जिससे श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति और आध्यात्मिक आनंद प्राप्त हुआ। प्रबंध समिति बाबा कमल दास द्वारा उत्सव के दौरान संपूर्ण व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। उत्सव में विशेष रूप से बच्चों और युवाओं के लिए धार्मिक जानकारी से भरपूर कार्यक्रम रखे गए, जिनमें सतगुरु केजीवन पर आधारित व्याख्यान प्रश्नोत्तरी और कविता, पाठ आदि शामिल रहे।

कार्यक्रम के अंत में पवित्र भोग लगाकर अटूट लंगर का प्रसाद वितरित किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस धार्मिक उत्सव में आसपास के गांवों से भी भारी संख्या में संगत ने भाग लिया। इस मौके पर सतगुरु स्वामी ईशर दास महाराज जी की शिक्षाओं जैसे सेवा, सच्चाई, भक्ति, और मानवता—को भी विशेष रूप से रेखांकित किया गया।

## विधायक विवेक ने जरूरतमंदों को बांटे चेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



विधायक विवेक शर्मा वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले लाभार्थियों के साथ।

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में जनसेवा के लिए समर्पित स्थानीय विधायक विवेक शर्मा ने एक और सराहनीय पहल करते हुए 61 जरूरतमंद परिवारों को कुल 7 लाख 65 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। यह सहायता चेक के माध्यम से वितरित की गई। धनराशि विभिन्न योजनाओं जैसे स्वास्थ्य सहायता, सुकन्या समृद्धि योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत आर्थिक लाभ शामिल थे।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य गरीब की सेवा करना है। मैं कुटलैहड़ की जनता का भाई और बेटा बनकर सेवा करता हूं और सदा करता रहूंगा। हर समय आपके साथ आपके बीच खड़ा रहूंगा और आपकी समस्याओं के समाधान के लिए लड़ता रहूंगा। विवेक शर्मा ने कहा कि वितरित की गई राशि विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत दी गई है। इनमें गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को स्वास्थ्य सहायता राशि, बालिकाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत चेक और विधवाओं, विकलांगों एवं बुजुर्गों को राज्य सरकार की आर्थिक सहायता योजना के तहत आर्थिक लाभ प्रदान किए गए। यह पहल प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

लाभार्थियों ने विधायक विवेक शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें समय पर मिली यह सहायता उनके जीवन में बहुत बड़ा सहारा बनी है। विशेषकर स्वास्थ्य संबंधी सहायता पाने वाले परिवारों ने बताया कि इलाज में आ रही आर्थिक कठिनाइयों से उन्हें अब राहत मिलेगी। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि आज कुटलैहड़ क्षेत्र के गांव घरवासड़ा में शहीद दिलावर खान की स्मृति में पंचवटी पार्क का निर्माण किया जाएगा। इस पार्क का शिलान्यास राज्य के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री द्वारा किया जाएगा।

विधायक विवेक शर्मा ने जानकारी दी कि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शहीद दिलावर खान के पैतृक गांव घरवासड़ा में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। यह पहल ग्रामीण जनता और सरकार के बीच की दूरी को कम करने की दिशा में एक सार्थक कदम है।

## अब पंचायतों की धनराशि के ब्याज से चलेगी सरकार : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कुटलैहड़ क्षेत्र से पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने सरकार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया है कि राज्य सरकार अब पंचायतों के विकास कार्यों के लिए आवंटित धनराशि पर मिलने वाले ब्याज से अपनी सरकार चला रही है। भुट्टो ने कहा कि पिछले अढाई वर्षों में राज्य की लगभग 3614 पंचायतों में विकास कार्यों के लिए जो राशि दी गई थी, वह कार्यों में न लगकर बैंक खातों में पड़ी रही, जिससे उस पर करीब 182 करोड़ रुपएका ब्याज बन चुका है।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब ब्याज ही इतना है, तो मूल धनराशि कितनी रही होगी और सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इतनी भारी-भरकम राशि होते हुए भी पंचायतों के विकास कार्य क्यों रुके हुए हैं? पंचायतों में पड़े विकास के धन का उपयोग न होना यह साबित करता है कि सरकार की प्राथमिकता में न गांव हैं, न गरीब।

## प्रदेश हैमर बॉल की टीम का किया चयन

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**



हैमर बाल टीम के चयनित खिलाड़ी प्रैक्टिस मैच के दौरान।

**लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा के डुमखर क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित हैमर बॉल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में टीम का अभ्यास मैच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रदर्शन से दर्शक बहुत खुश हुए। जगदीश सहोता मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। प्रतियोगिता के माध्यम से राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन भी किया गया।

चयनित खिलाड़ी आगामी 13 से 15 जून तक उपमंडल बंगाणा के डुमखर क्रिकेट मैदान में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाने के लिए उत्साहित हैं। प्रशिक्षक सुमित शर्मा ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में अभी, हर्षित, कपिल, सूर्यांश, राजकुमार, सात्विक, अक्षित कटोच, अर्णव, तुषार, उत्कर्ष, आरव शर्मा, आदित्य ठाकुर, अयान राणा, संचित जसवाल, शुभम और सूर्य शामिल हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने और अनुशासन में रहने के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

स्थानीय युवाओं को भविष्य में आगे बढ़ने का बहुत ही बढ़िया अवसर है। इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में यशवीर सिंह राणा, विनोद शर्मा, सीमा शर्मा, ममता, निशा, नरेश कुमार, नवल शर्मा, गौरव शर्मा और गुरदेव सिंह उपस्थित थे।

प्रतियोगिता के समापन में टीम चयन कमेटी के अध्यक्ष विनोद शर्मा ने खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए खिलाड़ियों की सराहना और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं की शुभकामनाएं दीं। क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ने के लिए अच्छा प्रदर्शन करने का बहुत ही बढ़िया अवसर है। हैमर बॉल का खेल बहुत ही बढ़िया खेल है।

## दियोली में प्रस्तावित कब्रिस्तान के खिलाफ आम सभा में प्रस्ताव पारित

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान**

**पंजावर।** दियोली में कब्रिस्तान को लेकर उपजे विवाद पर दियोली पंचायत में पंचायत द्वारा एक आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्तावित कब्रिस्तान के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया गया। पंचायत की आम सभा में 300 से अधिक गांववासियों सहित पूरी पंचायत के समक्ष इस प्रस्ताव शत-प्रतिशत सहमति बनी।

पंचायत में लिखित प्रस्ताव के अनुसार मुस्लिम आबादी के बाद राजस्व रिकॉर्ड में दो कब्रिस्तान पहले से ही हैं, जिसमें एक कब्रिस्तान में करीब 7 कनाल व दूसरे में करीब 17 कनाल भूमि पहले से ही उपलब्ध है, ऐसे में कब्रिस्तान को 15 कनाल भूमि और देना न्यायसंगत नही है। पंचायत ने आम सभा मे यह भी प्रस्ताव पारित किया कि जिन विभागों ने पहले से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किए हैं, वे इन प्रमाणों को तत्काल रद्द करें। प्रस्ताव में इस सहकारी भूमि को भविष्य में ऐसी किसी संस्थान के लिए सुरक्षित करने के लिए भी कहा गया है, जिसका उपयोग सभी समुदाय के लोग सार्वजनिक रूप से कर सकें ताकि किसी भी पक्ष का कोई निजी दावा इस जमीन पर न रहे। दियोली आम सभा में ये सभी प्रस्ताव आम सहमति से पारित हुए। इन प्रस्तावों की छाया प्रतिलिपि ऊना के उपायुक्त, जिला पंचायत अधिकारी, एसपी ऊना, एसडीएम गगरेट व खंड विकास अधिकारी को भी प्रेषित की जाएगी ताकि भविष्य में इस जमीन को लेकर किसी भी तरह का कोई विवाद पैदा न हो। पंचायत प्रधान पूर्ण सिंह ने बताया कि कोरम पूरा था और पूरी पंचायत के सदस्यों की मौजूदगी में ये सभी प्रस्ताव पारित हुई। विवादित स्थान पर मुस्लिम समाज के लोग भविष्य में कभी भी अब सुपुर्द-ए-खाक रस्म नहीं करेंगे ।

## शहीद दिलावर खान क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**



शहीद दिलावर खान यादगार क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ पर गणमान्य।

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के यूथ क्लब बीहड़ू द्वारा शहीद दिलावर खान की याद में आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को बड़ी धूमधाम से हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन राष्ट्रीय ह्यूमन राइट विंग के प्रदेश चेयरमैन एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला सचिव अजय ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि किया। अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करते हुए नशे से दूर रहने की अपील की।

अजय ठाकुर ने कहा कि आज के समय में युवा वर्ग को खेलों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है ताकि वे ऊर्जा का सही उपयोग कर सकें। उन्होंने यूथ क्लब बीहड़ू के सभी सदस्यों को इस आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का अवसर देती हैं। प्रतियोगिता के आयोजक एवं यूथ क्लब वीहडू के अध्यक्ष अमन ने बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता में कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं। यह टूर्नामेंट तीन दिनों तक चलेगा और इसमें क्षेत्र के अनेक युवाओं को अपने क्रिकेट कौशल को दिखाने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल खेल नहीं बल्कि युवाओं को एकजुट कर सामाजिक बुराइयों, विशेषकर नशे के खिलाफ जागरूक करना भी है। प्रथम दिन क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले दिन दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में लाठियाणी की टीम ने राजपुरा को 12 रन से हराया। वहीं, दूसरे मुकाबले में बीहड़ू की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोटला को 13 रन से शिकस्त दी।

ग्रामीणों और खेल प्रेमियों की भारी भीड़ ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन स्थल पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं और सुरक्षा के भी उचित इंतजाम किए गए थे। इस अवसर पर गांव के वरिष्ठ नागरिकों, पंचायत प्रतिनिधियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की।

## पत्रकार पर दर्ज केस वापस लेकर पुलिस के विरुद्ध हो केस दर्ज : नरेंद्र

**अनंत ज्ञान, ऊना**

पत्रकार पर दर्ज केस को तुरंत वापस लेकर पुलिस के जांच अधिकारी के विरुद्ध केस दर्ज किया जाए। यह बात सनातन धर्म मंच के प्रदेश प्रभारी नरेंद्र राणा ने कही। उन्होंने कहा कि पुलिस ने पत्रकार के विरुद्ध एकतरफा कार्रवाई करते हुए केस दर्ज किया है। शिकायत की जांच नहीं की है, बल्कि पुलिस ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता का मुंह बंद करने के लिए बाहरी दबाव में कार्य को अंजाम दिया है, जो कि अति निंदनीय है।



प्रदेश प्रभारी नरेंद्र राणा ने कहा कि गगरेट के पत्रकार के खिलाफ पुलिस द्वारा जल्दबाजी में आपराधिक मामला दर्ज करने को निंदनीय करार दिया है। उन्होंने कहा कि जिस पत्रकार के खिलाफ पुलिस ने राजनीतिक दबाव में मामला दर्ज किया है, उस पत्रकार ने केवल मात्र कब्रगाह के मामले को लेकर चल रहे विवाद में दोनों पक्षों की जन भावनाओं को समाचार पत्र में प्रकाशित किया था। यदि कोई शिकायत भी करता है तो दोनों पक्षों से मामले को लेकर जांच की जाती है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस के पास सैकड़ों शिकायतें आती हैं, जिसकी जांच महीनों तक चलती रहती है। यहां तक कि पुलिस आम व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज करने में एक सप्ताह से ज्यादा तक का समय भी ले लेती है, लेकिन पुलिस के अधिकारियों ने जो तत्परता गगरेट में पत्रकार के मामले में दिखाई है, उसने पुलिस की ही कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने पुलिस के जांच अधिकारी की अब तक की सर्विस की जांच की मांग भी की है और सरकार व प्रशासन से तत्काल पत्रकार पर दर्ज मामले को वापस लेने की अपील की है और जांच अधिकारी के विरुद्ध शिकायत पर जांच न करने के चलते मामला दर्ज करने का आग्रह किया है।

**आयोजन** अमोदनी राशन वितरण प्रकल्प के तहत पात्र महिलाओं को राशन का किया वितरण

# दस नर्सिंग छात्राओं को नकद छात्रवृत्ति की प्रदान

**अनंत ज्ञान, ऊना**



पात्र महिलाओं को राशन वितरित करते पदाधिकारी।

हिमोत्कर्ष अमोदनी राशन वितरण प्रकल्प के तहत पात्र महिलाओं को सुविधा पैलेस होटल में राशन वितरण किया गया। कार्यक्रम में 67 पात्र विधवा महिलाओं को 1,50,750 रुपए का निशुल्क राशन वितरित किया गया, जबकि दस मेधावी नर्सिंग छात्राओं को डॉ. हरे कृष्ण गोयल स्मारक हिमोत्कर्ष मेधावी नर्सिंग छात्रा छात्रवृत्ति प्रकल्प के तहत अढ़ाई-अढ़ाई हजार रुपए की नकद छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

कार्यक्रम में चढ़तगढ़ गांव के एक किडनी रोगी की बेटी कृतिका को लॉ की पढ़ाई में मदद के लिए 27 हजार रुपए की राशि तथा एक दसवीं कक्षा की छात्रा कुंजल शर्मा को शिक्षा में मदद के लिए 11 हजार रुपए की राशि भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में ऊना सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सत्ती ने द्वीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सत्ती ने कहा कि हिमोत्कर्ष परिषद समाज सेवा के विभिन्न प्रकल्पों को चला रही है। उन्होंने कहा कि देश के उत्थान में समाजसेवी संस्थाओं की अहम भूमिका है, जहां पर कई बार सरकार की नजर नही जाती, वहां सामाजिक संस्थाएं जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हाथ बढ़ाती हैं।

उन्होंने कहा कि समाज में सक्षम व समृद्ध लोगों को अपने आसपास जरूरतमंद लोगों की पहचान कर उनकी मदद करके उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रेरित व सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को अपने बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा देकर राष्ट्र के विकास में योगदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षित बच्चे समाज की कुंजी होते हैं, जो कि अपने परिवार व समाज के लिए संबल बनते है।

उन्होंने कहा कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति को धर्म, जाति व राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर ईमानदारी से अपना कार्य करना चाहिए। यही उनका समाज के लिए सबसे बड़ा योगदान होगा। उन्होंने आपरेशन सिंदूर में अपने शौर्य व पराक्रम से दुश्मनों के दांत खटटे करने के लिए भारतीय सेना को बधाई दी, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी इसके लिए साधुवाद दिया।

### बाबा बाल महाराज ने दिए 50 हजार

**राष्ट्रीय** संत बाबा बाल जी महाराज ने हिमोत्कर्ष परिषद को इस प्रकल्प के लिए 50 हजार रुपए की राशि का योगदान आशीर्वाद के रूप में भेजा। उनके प्रतिनिधि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित होकर किशोर ने यह राशि परिषद को भेंट की।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से भारतीय सेना ने देश की महिला शक्ति के सिंदूर की रक्षा करते हुए पाकिस्तान को करारा सबक सिखाया है, उसी प्रकार से समाज को भी इन महिलाओं व उनके परिवार की मदद के लिए आगे आना चाहिए।

हिमोत्कर्ष प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर ने कहा कि राशन वितरण कार्यक्रम के तहत इस वर्ष 67 मेहनतकश विधवाओं का चयन किया गया था, जिन्हें एक वर्ष के लिए परिषद द्वारा हर माह 750 रुपए का राशन दिया जाना है। इसी प्रकल्प के तहत रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में अप्रैल, मई व जून माह के राशन के रुप में प्रत्येक महिला को 2250 रुपए का राशन प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि हिमोत्कर्ष परिषद का यह प्रकल्प 13वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इससे पहले परिषद ने पिछले दस सालों में 686 महिलाओं को करीब 50 लाख रुपए का राशन वितरित किया है।

जतिंद्र कंवर ने कहा कि ये प्रकल्प संस्था के दानी सज्जनों के सहयोग से चल रहा है, जिसके लिए दानवीर सज्जनों का संस्था आभार व्यक्त करती है। कार्यक्रम को हिमोत्कर्ष महासचिव डॉ. रविंद्र सूद, ठाकुर यशपाल सिंह,नरेश सैणी ने भी संबोधित किया।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य कृष्ण पॉल शर्मा, कुलदीप दयाल, कर्नल डीपी वशिष्ठ, विनोद शर्मा, मास्टर चमन लाल चौधरी, अशोक ऐरी, निशांत, मनमीत सिंह, राजकुमार पठानिया, रजनीश लूंबा,अजय ठाकुर,अशोक कुमार, रंजू,निशा, केएल बैंस व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संतोषगढ़ का श्याम वंदना महोत्सव स्थगित

**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** श्री श्याम मित्र मंडल संतोषगढ़ (ऊना) की ओर से 24 मई को संतोषगढ़ नगर परिषद में आयोजित चतुर्थ वार्षिक श्री श्याम वंदना महोत्सव को शनिवार देर शाम भारी बारिश व तूफान चलने की वजह से मंडल की ओर से स्थगित करना पड़ा है। श्री श्याम मित्र मंडल के पदाधिकारी मुकेश बस्सी, मोहिंदर, सुमित चावला,हितेश, नंदन, वंश, साहिल मेहन, राकेश सोनी, गोविंद, अंकुश, विवेक व परीक्षित, पुष्पराज ने बताया कि ऊना जिले में चौथी बार करवाए जा रहे श्री श्याम बाबा (खाटू वाले) व श्री सालासर बाला जी के कीर्तन को फिलहाल बे मौसमी बारिश व आंधी तूफान के चलते स्थगित करना पड़ा है। उन्होंने बताया कि हालांकि कार्यक्रम के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। कार्यक्रम में कोलकाता से प्रसिद्ध भजन प्रवाहक संजय मित्तल, मध्य प्रदेश से कनिका ग्रोवर व ऊना से नमिश बस्सी श्री श्याम बाबा के गुणगान के लिए पहुंच चुके थे। जैसे ही कार्यक्रम की कोई नई किसी घोषित होगी तो उसकी सूचना श्रद्धालुओं को प्रदान की जाएगी

# मनाली की सुंदरता पर 'दाग' लगा रहा कूड़े का पहाड़

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** चारों तरफ ऊंची चोटियों के बीच बसा पर्यटन नगरी मनाली एक खूबसूरत पर्यटक स्थल है। यहां पर हिमाच्छादित ऊंचे पहाड़ और कल कल बहती नदी नाले और झरने देश विदेश के लोगों को आकर्षित करतीं हैं, लेकिन यहां की खूबसूरती को दाग लगाने के लिए एक और पहाड़ खड़ा हो रहा है और वह है कूड़े का पहाड़।

मनाली की नैसर्गिक सुंदरता के बीच यह कूड़े का पहाड़ दाग लगा रहा है। ये कूड़े का पहाड़ शहर की एंट्री पर है और ब्यास नदी के किनारे पर ये पहाड़ खड़ा हुआ है। ये पहाड़ केवल शहर की सुंदरता को ही नहीं बिगाड़ रहा है, बल्कि पर्यावरण और ब्यास के प्रदूषण में भी मुख्य भूमिका निभा रहा है।

मनाली के नजदीक रांगड़ी में कूड़े का पहाड़ लगातार ऊंचा होता जा रहा है। हालांकि माननीय एनजीटी ने कई बार इस पर संज्ञान लिया और नप पर भारी भरकम जुर्माना भी लगाया। नप द्वारा लगातार कूड़े के इस पहाड़ को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन ये पहाड़ खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। रांगड़ी कूड़ा संयंत्र में मनाली की 9 पंचायतों का कूड़ा प्रतिदिन पहुंचता है। इन 9 पंचायतों से कूड़ा पर्यटन विकास परिषद के माध्यम से रांगड़ू पहुंचाया जाता है जबकि मनाली के सात वार्डों का कूड़े का प्रबंधन नप द्वारा किया जाता है। वहीं, पहले कुल्लू, भुन्तर और लाहौल से भी कूड़ा इसी संयंत्र में आता था जिसका नतीजा ये है कि मनाली में कूड़े का पहाड़ खड़ा हो गया है।

प्रसिद्ध पर्यावरविद एवं ग्रीनमैन किशन ठाकुर ने इस गंभीर समस्या पर चिंता जाहिर करते हुए जल्द से जल्द कूड़े को यहां से हटाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पर्यटन नगरी मनाली में कूड़े का यह पहाड़ दागदार कर रहा है। वहीं, उन्होंने पर्यटकों व स्थानीय लोगों से खुले में कूड़ा न फेंकने की अपील की है। लिहाजा,पर्यटन नगरी मनाली की सुंदर पहाड़ियों के बीच बने इस कूड़े के पहाड़ व बदबू से पर्यटकों का स्वागत हो रहा है और साथ ही यह कूड़ा पर्यावरण को भी प्रभावित कर रहा है।



पर्यटन नगरी मनाली के रांगड़ी में बना कूड़े का पहाड़।

- कूड़े के पहाड़ से हो रहा पर्यटकों का स्वागत
- रांगड़ी में कूड़े का पहाड़ लगातार हो रहा ऊंचा

### सनटन कंपनी को सौंपा है निष्पादन का काम

**पूर्व** में मनाली के इस कूड़ा संयंत्र में कूड़ा निष्पादन का काम नेक्स्टन कंपनी के द्वारा किया जा रहा था लेकिन उन का कार्य संतोषजनक नहीं होने के कारण नप ने उन का अनुबंध रद्द कर अब सनटन नामक कंपनी को कूड़ा निष्पादन का काम सौंपा है। नई कंपनी ने मशीनें स्थापित कर ली हैं और शेड भी तैयार कर कूड़ा निष्पादन का काम इस महीने के अंत तक शुरू कर देगी। कूड़े को निष्पादित कर पंजाब भेजा जाएगा। यहां बायोगेस प्लांट में इससे गैस बनेगी। ठोस कचरा हिमाचल के सीमेंट कारखानों में ही नष्ट किया जाएगा।

अनंत ज्ञान स्पैशल

बेहतरीन तकनीक वाली मशीनें लगाई जा रही हैं जो गीला और सूखे कचरे को अलग-अलग तरीके से निष्पादन करेंगी। जल्द ही निष्पादन का काम शुरू किया जाएगा और मनाली को स्वच्छ और सुंदर बनाने में कंपनी कोई कसर नहीं छोड़ेगी।
-शौर्य गल्होत्रा, अधिकारी सनटन कंपनी।

नई कंपनी ने अपनी मशीनें लगा दी हैं और शेडर को लगाया जा रहा है। आगामी दो तीन दिनों के भीतर कूड़ा निष्पादन का काम शुरू हो जाएगा। नप मनाली कूड़ा कचरा निष्पादन के साथ शहर की साफ सफाई के लिए भी गंभीर है। 38 हजार टन पुराने कूड़े को समाप्त किया गया है और अभी इस पहाड़ में लगभग 78 हजार टन बाकी है जिसे आने वाले दो सालों में समाप्त किया जाएगा। नगर परिषद मनाली शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है।
-मनोज लारजे, अध्यक्ष नगर परिषद मनाली।

# जगातखाना में आसमान से बरसी आफत

## बादल फटने से नाले में आई बाढ़ से बढ़ा जलस्तर, भारी तबाही

**एसआर शर्मा, अनंत ज्ञान**

**निरमंड।** जिला कुल्लू के निरमंड स्थित जगातखाना में आसमान से आफत बरसी है। रामपुर बुशैहर के साथ सटे जगातखाना के बीच से बहते शरशाह नाले में बादल फटने से बाढ़ आने के कारण जगातखाना में भारी क्षति हुई है।

बादल फटने से नाले में आई बाढ़ से जगातखाना में करीब 8 वाहन बहे हैं, जबकि 14 वाहनों के मलबे में दबने की सूचना है। घटना की सूचना मिलते ही निरमंड प्रशासन की ओर से एसडीएम मनमोहन सिंह, पुलिस व आपदा प्रबंधन टीम के साथ मौके पर पहुंचे और नाले के साथ सटे मकानों में रहने बाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की। इस घटना में किसी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन आपदा से जगातखाना क्षेत्र में एकाएक अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। जगातखाना क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति बहाल रही, जिससे यहां रह रहे लोगों ने राहत की सांस ली। कई लोगों ने अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर शरण ली।



### पानी में बही आठ गाड़ियां और 17 मलबे में दबी

**एसडीएम** निरमंड मनमोहन सिंह ने बताया कि जगातखाना क्षेत्र के शरशाह नाले में बीते दिन एकाएक भारी बारिश से नाले में बाढ़ आई, जिससे जगातखाना में नाले के आसपास पार्क की छोटी गाड़ियां बाढ़ की चपेट में आने से बह गई और कई मलबे में दब गई। जिनमें फिल्हाल आठ गाड़ियों के बहने और 17 छोटी गाड़ियों के मलबे में दबने की पुष्टि हुई है।

### विधायक लोकेंद्र ने किया बाढ़ प्रभावित स्थल का दौरा



**आनी** विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र सिंह ने रविवार को बाढ़ प्रभावित स्थल जगातखाना, ब्रौ व थाचवा का दौरा किया और बादल फटने से हुई क्षति का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान प्रभावित लोगों से मुलाकात कर, उन्हें ढाढस बंधाया और वर्षा के दिनों में नदी नालों से दूर रहकर एहतियात बरतने का आह्वान किया। उन्होंने प्रभावित परिवारों को सांत्वना देकर उनका दुख-दर्द सांझा किया और उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। विधायक लोकेंद्र सिंह ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए, सड़क, बिजली पानी जैसी सुविधाओं को जल्द बहाल करने की बात कही।

## न्यूज ब्रीफ

### माता के भजनों से भक्तिमय हुआ अखाड़ा बाजार



**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के अखाड़ा बाजार स्थित दुर्गा माता मंदिर में धूमधाम से मंदिर का 28 वां स्थापना दिवस मनाया गया। मंदिर परिसर मे जिला मंडी से आई पराशर भजन मंडली द्वारा गणेश वंदना के बाद माता का जगराता शुरू किया गया। दिनेश कुमार व सत्य प्रकाश द्वारा मैया याद तेरी आई दो आंसू बहाने को, आज तेरा जगराता हो मईया, सज धज्र कर बैठी माँ, मंद मंद मुस्काये, तेरे मंदरा जो आया हो महारानी ओ मईया ओ कालका, जाग जवाला माई, आज दिन बड़ा भागा वाला है, आ जाओ मां दिल घबराये, मै जब भी पुकारू मां, तेरा होवे मां जगराता, तेरा सजा पड़ा है दरबार माए, एक बार माँ आ जाओ, फिर आकर चली जाना आदि भजन गाकर माहौल को भक्तिमय बनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। इसी उपलक्ष्य मे रविवार संध्या को आरती का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें सैकड़ों लोग व महिलाएं दीपक जलाकर बडी आरती मे भाग लेंगी। वहीं रविवार को मंदिर कमेटी के सौजन्य से मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का भी आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने माता के भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### ढालपुर मैदान में युवाओं को बताई संघ की कार्यशैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा ढालपुर में दो दिवसीय बाल एकत्रीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका रविवार को समापन पथ संचलन के बाद किया गया। इस दौरान ढालपुर में युवाओं को संघ की कार्यशैली के बारे में भी जानकारी दी गई और देश भक्ति के प्रति भी युवाओं को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर क्षेत्र प्रचारक प्रमुख बनवीर राणा मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे तो वही दारचा मठ के मुख्य लामा यांगजोर ने भी युवाओं को प्रेरित किया। इस दौरान 5 खंड और तीन नगर के 443 स्वयंसेवकों ने इसमें भाग लिया। जिला संघ चालक नरेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए कहा कि दो दिवसीय इस कार्यक्रम का रविवार को समापन किया गया है जिसमें युवाओं को संघ की कार्यशैली के बारे में जानकारी दी गई।

### सुरेंद्र बने कुल्लू हिम आंचल पेंशनर संघ के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, आनी।** हिम आंचल पेंशनर संघ जिला कुल्लू की आम सभा रविवार को पंचायत समिति हाल आनी में आयोजित की गई। जिसमें जिला भर के पेंशनरों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक में संघ की निवर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी के द्विवार्षिक चुनाव, पर्यवेक्षक हरनाम सिंह महासचिव हिमाचल प्रदेश हिम आंचल पेंशनर संघ की अध्यक्षता में करवाये गए। जिसमें निवर्तमान अध्यक्ष सुरेंद्र परमार को पुनः अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। जबकि फतेह सिंह को महासचिव , ध्यान सिंह को कोषाध्यक्ष तथा जीवा नंद शर्मा को बरिष्ठ उपाध्यक्ष चयनित किया गया। संघ की आनी ईकाई के अध्यक्ष नरेश शर्मा व दीन दयाल शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने सुरेंद्र परमार को हिम आंचल पेंशनर संघ जिला कुल्लू का पुनः अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी है।



# स्काउटर-गाइडर हाइक शिविर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, मनाली**

भारत स्काउट एंड गाइड मध्य प्रदेश के भोपाल संभागीय मुख्यालय के तत्वावधान में राज्य स्तरीय स्काउटर-गाइडर अध्ययन यात्रा सह हाइक शिविर का रविवार को मनाली में आगाज हुआ। ऊंचे पहाड़ों और ठंडी हवाओं के बीच आयोजित इस शिविर ने प्रतिभागियों में जोश और उमंग की नई ऊर्जा भर दी। शिविर की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसमें देशभक्ति की भावना से वातावरण गूंज उठा।

तत्पश्चात हुए शुभारंभ समारोह में प्रतिभागियों को आयोजन की रूपरेखा और गतिविधियों की जानकारी दी गई। आयोजन स्थल पर युवा स्काउटर-गाइडरों का जोश देखते ही बन रहा था। इस प्रेरणादायी शिविर में जिला सीहोर से 13, जिला रायसेन से 14, जिला विदिशा से 12 और जिला राजगढ़ से 1 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। सभी प्रतिभागी उत्साह से लवरेज हैं और पहाड़ों के बीच अनुभवात्मक शिक्षा से भरपूर इस यात्रा का आनंद ले रहे हैं। शिविर का संचालन राजेश मेवाड़े (सहायक राज्य संगठन आयुक्त, भोपाल संभाग) के कुशल नेतृत्व में किया जा रहा है।

उन्हें सहयोग प्रदान कर रहे हैं सुशील बिल्लौरे (जिला संगठन स्काउट, रायसेन) एवं अनीता पटेल (जिला संगठन आयुक्त गाइड, विदिशा)। इन वरिष्ठ प्रशिक्षकों की देखरेख में प्रतिभागी पकृति से जुड़ते हुए आत्मनिर्भरता, नेतृत्व, और सामाजिक सेवा जैसे गुणों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

शिविर में विभिन्न साहसिक गतिविधियों, ट्रैकिंग, कैंप फायर, और कार्यशालाओं के माध्यम से प्रतिभागियों का व्यक्तित्व निखर रहा है। यह शिविर न केवल ज्ञानवर्धक है बल्कि जीवन के मूल्य सिखाने वाला एक प्रेरक अनुभव बन चुका है। मनाली की बर्फीली वादियों में, मध्य प्रदेश के स्काउट्स और गाइड्स एक नई ऊर्जा के साथ भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे हैं।



स्काउटर-गाइडर हाइक शिविर के शुभारंभ मौके पर गणमान्य लोग।

# दो घरों में चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** मणिकर्ण घाटी के सरसाड़ी में दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोर को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। मणिकर्ण की पुलिस टीम ने जरी के सरसाड़ी गांव में दो घरों में हुई चोरी की घटना के बाद कार्रवाई अमल में लाते हुए इस घटना में संलिप्त शातिर चोर मेहर सिंह उर्फ मेहरू को पकड़ कर पुलिस हिरासत में ले लिया है। इस दौरान पुलिस टीम ने मेहरू ओर उसके कार्य में सहयोगी रहे उसके दो साथियों विक्की बंगाली और राहुल को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरों से चोरी किए गए सभी गहने मंडी से बरामद कर लिए हैं।

चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाला मेहर सिंह उर्फ मेहरू एक बहुत ही शातिर चोर है, जोकि घटनाओं को अंजाम देने के बाद नेपाल भाग जाया करता था।

# सरयोलसर झील में शाही स्नान के लिए रवाना हुए बयुंगली नाग देवता



**अनंत ज्ञान, आनी**

बयुंगली नाग देवता रविवार को अपने पारंपरिक शाही स्नान के लिए सरयोलसर झील की ओर रवाना हो गए। रविवार सुबह लगभग 8 बजे देवता अपने प्राचीन देवालय शगोगी से भव्य रथ में सवार होकर यात्रा पर निकले। क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का माहौल देखने को मिला। 6/20 क्षेत्र और फाटी के आराध्य देवता व्यूगली नाग के साथ हारियान क्षेत्र के कई गांवों - व्यूंगल, डिंगीधार, सोईधार, फरानाली, जावन, गाड़ा डीम, खनेरी, खवाच, अपर काथला, लोअर काथला- के देवलू और ग्रामीणों ने भाग लिया। यह धार्मिक यात्रा सरयोलसर झील में होने वाले पारंपरिक शाही स्नान का हिस्सा है, जिसे देव परंपरा में अत्यंत पवित्र माना जाता है।

# 'रॉयल स्पीति' ने क्रिकेट का विजेता खिताब किया अपने नाम



विजेता को ट्रॉफी देकर सम्मानित करती लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

युवक मंडल कियाटो द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन रविवार को हुआ। इस प्रतियोगिता में 'रॉयल स्पीति' ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि 'यंग राइजर' टीम उपविजेता रही। दोनों टीमों के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और खेल भावना का उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अनुराधा राणा ने शिरकत की। उन्होंने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए युवक मंडल कियाटो की सराहना की और युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवक मंडल कियाटो को 50,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि भी भेंट की, ताकि भविष्य में इस प्रकार के रचनात्मक और उत्साहवर्धक आयोजन किए जा सकें।

विधायक ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि ये युवा वर्ग को अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण गुण भी सिखाते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह युवाओं के ऐसे प्रयासों में हमेशा सहयोग करती रहेंगी। कार्यक्रम के अंत में युवक मंडल कियाटो ने सभी टीमों, दर्शकों और विशेष रूप से मुख्यातिथि अनुराधा राणा का आभार प्रकट किया।

# मनाली में चिट्टे के साथ दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान टीम, मनाली/बंजार।** कुल्लू जिला पुलिस टीमों ने मनाली और बंजार में की गई अलग-अलग कार्रवाई में चिट्टा और अफीम के पौधे जब्त किए गए हैं। वहीं चिट्टा मामले में 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मनाली पुलिस की टीम ने अक्षय (29) पुत्र बंसी लाल निवासी गांव पीपली, जिला मंडी और राकेश कुमार (31) पुत्र अशोक कुमार निवासी गांव जिला कांगड़ा से 11.290 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

वहीं चिपनी गांव में 2159 अफीम के अवैध पौधों को बरामद कर नष्ट कर दिया। अवैध खेती संजीव कुमार निवासी गांव चिपनी, बंजार का पाया गया है। दूसरे मामले में 463 अफीम के अवैध पौधों को बरामद कर नष्ट किया है। इस संबंध में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि कुल्लू जिला में मादक पदार्थों के खिलाफ छेड़े अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

# विधायक अनुराधा राणा ने क्यामो में बहुउद्देशीय भवन की आधारशिला रखी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

- 35 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले भवन में मिलेंगी मूलभूत सुविधाएं
- हंन्सा में निर्माणाधीन बहुउद्देशीय भवन का किया निरीक्षण

जिला लाहौल एवं स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने अपने स्पीति प्रवास के दौरान रविवार को विकास खंड काजा के अंतर्गत आने वाले लोसर पंचायत के क्यामो गांव में 35 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले बहुउद्देशीय भवन क्यामो की आधारशिला रखी।

इस अवसर पर उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस बहुउद्देशीय भवन में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होगी। इस भवन के बन कर तैयार होने पर क्यामो के ग्रामवासियों को गांव में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, विवाह समारोह व अन्य कार्यक्रमों को आयोजित करने में जहां सुविधा मिलेगी वहीं पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस बहुउद्देशीय भवन के धरातल मंजिल में एक बड़ा हाल और उसके उपरी मंजिल में एक कॉरीडोर सहित तीन कमरे निर्मित किए जाएंगे। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से कहा कि वह इस क्षेत्र की प्रतिनिधि हैं इसलिए क्षेत्र का समान विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। विधायक ने विश्व के सबसे ऊंचाई पर स्थित गेते और टशीगंग गांव पहुंचकर स्थानीय निवासियों से मुलाकात की उनके समस्याओं को भी सुना। उन्होंने हंन्सा में निर्माणाधीन बहुउद्देशीय भवन का निरीक्षण भी किया।

इस दौरान विधायक ने चिचोंग, क्यामो, किब्बर, गेते, टशीगंग (मीरमू थंगा), कीह मॉनेस्ट्री, कीह और काजा में जनसमस्याओं को सुना।

इस मौके पर क्षेत्र के लोगों ने उनके समक्ष सामूहिक तथा व्यक्तिगत समस्याएं रखी, जिनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया गया और शेष समस्याओं को तुरंत निपटारे के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपा गया।

उन्होंने विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की ओर से प्राप्त होने वाली समस्याओं का समय पर निपटारा करना सुनिश्चित करें ताकि क्षेत्र के लोगों को समस्याओं का सामना न करना पड़े, वहीं अब लोगों को भी कई तरह की सुविधाएं भी मिलने वाली हैं।

इस मौके पर जिला यूथ अध्यक्ष एवं जनजातीय सलाहकार समिति के सदस्य केसंग रापचिक, टीएसी सदस्य वीर भगत, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दोरजे छेरिंग, स्पीति यूथ कांग्रेस अध्यक्ष लोबसंग, खंड विकास अधिकारी अंशुल, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग जितेश शर्मा, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग मनोज नेगी, नायब तहसीलदार मोहन सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## पर्यटन


### मनाली में दो दिन के भीतर पहुंचे साढ़े तीन हजार पर्यटक वाहन

# मैदानी क्षेत्रों में बढ़ी तपिश, पहाड़ पर बढ़े पर्यटक

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू/मनाली।** देश के मैदानी इलाकों में बढ़ रही तपिश के बीच विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी कुल्लू-मनाली की ठंडी वादियों में सैलानियों का हुजूम उमड़ पड़ा है। रोजाना देश के विभिन्न राज्यों के पर्यटक सैर सपाटे के लिए पर्यटन नगरी मनाली, मणिकर्ण व लाहुल घाटी पहुंच रहे हैं।

लाहौल घाटी के विभिन्न पर्यटन स्थलों में पिछले तीन दिनों से पर्यटकों की भीड़ लगी हुई है। पर्यटन नगरी मनाली व मणिकर्ण-कसोल में सैलानियों का सैलाब उमड़ पड़ा है। सोलंगनाला, हिडिंबा मंदिर, मनु मंदिर, वशिष्ठ, जगतसुख, नगर, मणिकर्ण व तीर्थन वैली में सैलानियों का मेला लगा हुआ है। होटल एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि समर सीजन में गति पकड़ ली है।



### होटल कारोबारियों में खुशी

मनाली में दो दिन के भीतर साढ़े तीन हजार पर्यटक वाहन पहुंचे हैं। सप्ताहान्त में होटलों में आक्यूपेंसी 70 से 75 प्रतिशत पहुंची है। वहीं होटल कारोबारियों में खुशी है। बाहरी राज्यों और प्रदेश के विभिन्न जिलों से हर दिन 300 से अधिक पर्यटक वाहन मनाली पहुंच रहे हैं।

### भुंतर-मणिकर्ण रोड पर जाम पर्यटकों की आफत में जान

**पर्यटन** नगरी मणिकर्ण में इन दिनों आ रहे सैलानियों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। जाम की समस्या जिया-मणिकर्ण सड़क पर आम हो गई है। सिंगल लेन इस सड़क मार्ग की हालत खस्ता है साथ ही वोल्वो बसों के कारण घंटों जाम लग रहा है। ट्रैफिक जाम की समस्या के कारण जहां पर्यटक परेशान हैं वहीं स्थानीय लोगों को भी घंटों जाम में खड़े रहना पड़ रहा है।

### साइट खुलते ही 15 मिनट में परमिट हो रहे बुक

**रोहतांग** दर्रे की ओर जाने वाले पर्यटक वहानों की भी आमद बढ़ी है। रोहतांग के लिए हर रोज 1200 परमिट बुक होने लगे हैं। साइट के खुलते ही 15 मिनट में सभी परमिट बुक हो रहे हैं। वहीं,मनाली आने वाले पर्यटक भारी संख्या में अब शिंकुला व बारालाचा में भी दस्तक दे रहे हैं। मनाली में पर्यटकों का सैलाब उमड़ पड़ा है। रविवार को रोहतांग में भारी ट्रैफिक जाम लगा।

रोजाना 1200 परमिट वाहन रोहतांग के लिए बुक हो रहे हैं। अब पर्यटक मनाली से मढ़ी होते हुए रोहतांग जा रहे हैं और वापसी में बाया कोकसर होते हुए अटल टनल निहरते हुए सोलंगनाला होते हुए मनाली पहुंच रहे हैं।
-रमण कुमार शर्मा, एसडीएम मनाली।

पर्यटक वाहनों की आमद बढ़ते ही रोहतांग दर्रे में ट्रैफिक जाम की समस्या गहराइ है। जगह जगह तैनात पुलिस जवान ट्रैफ़िक सुचारु करने में जुटे हैं।
-केडी शर्मा, डीएसपी, मनाली।

# छात्रों की चित्रकला प्रदर्शनी का आगाज

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** महान विश्व प्रसिद्ध चित्रकार निकोलस रौरिक की कर्मस्थली की कला दीर्घा में रविवार को हिमाचल प्रदेष के कांगड़ा जिला के ग्रीन फील्ड सीनियर सैकेंडरी स्कूल नगरोटा बगवां के 16 छात्रों की चित्रकला प्रदर्शनी का आगाज हुआ।

चित्रकला प्रतियोगिता का उद्घाटन खंड चिकित्सा अधिकारी नग्गर डॉ. करण जीत ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. ज्योति शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रही। इस आयोजन का नेतृत्व प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा द्वारा किया गया, जबकि प्रदर्शनी की संकल्पना और निर्देषन में विद्यालय के समर्पित शिक्षकगण अक्षय चौधरी, विवेका शर्मा एवं अजनेष कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मुख्यातिथि ने बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों की बहुत प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य और अध्यापकों का छात्रों को चित्रकला की तैयारी करवाने में बहुत ही बड़ा सहयोग रहा है। ट्रस्ट के भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा और रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना ने कहा कि बहुत कम उम्र के बच्चों ने बहुत ही बारीकी से मनमोहक चित्र बनाए हैं और महान चित्रकार निकोलस रौरिक की कर्मस्थली रौरिक आर्ट गैलरी में प्रदर्शनी लगाई है। प्रदर्शनी में सूर्यांश, सारांश, लक्ष्य ठाकुर, दिविज शांडिल्य, संचित, प्रणव खरवाल, दिवांशु, श्रद्धुल डोगरा, दक्ष मेहता, एंजल जम्वाल, प्राची शर्मा, प्रत्यक्षा मिश्रा, वंशिका राणा, संशिका, शानवी, वालिया और नव्या इत्यादि बाल कलाकारों के चित्र प्रदर्शनी में प्रदर्शन पर हैं जिन्हें देश विदेश के पर्यटक निहार रहे हैं। छात्रों द्वारा प्रस्तुत यह प्रदर्शनी 'कलाकृति' प्रसिद्ध रूसी चित्रकार और खोजकर्ता निकोलस रौरिक की कला और विचारधारा से प्रेरित कृतियों के साथ-साथ ग्रीन फील्ड सीनियर सैकेंडरी स्कूल के छात्र कलाकारों की मौलिक कलाकृतियों को प्रदर्षित करती है। छात्रों ने कैनवास के ऊपर अकरैलिक, ऑयल और वाटर कलरों का प्रयोग किया है। ग्रीन फील्ड स्कूल के प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा ने उपायुक्त कुल्लू एवं निदेशक, नग्गर तोरुल एस. रवीस एवं ट्रस्ट प्रबंधन का धन्यवाद किया है।



अंतरराष्ट्रीय रौरिक आर्ट गैलरी में ग्रीन फील्ड स्कूल नगरोटा बगवां के बच्चे।

# सरकार योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही : इंदु

**शीला कौल, अनंत ज्ञान, बंजार।** प्रदेश कांग्रेस की पूर्व प्रवक्ता इंदु पटियाल ने कहा कि जब नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सेना के शौर्य को भाजपा के पक्ष में भुनाने हेतु तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं तो मुख्यमंत्री सुक्खू दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर हिमाचल प्रदेश के हकों को संरक्षित करने की हर स्तर पर वकालत कर रहे हैं।

प्रदेश सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कि राज्य साधन संपन्न बने। प्रदेश में शिक्षा का स्तर बेहतर हो, स्वास्थ्य सुविधाएं दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचे, सड़कें दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचे, पशुपालकों और बागवानों को विशेष सुविधा मिल सके। इसके लिए सरकार योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है।

मुख्यमंत्री की सोच है कि सरकार जरूरतमंद लोगों का सहारा बने, शायद इसे ही व्यवस्था परिवर्तन कहते हैं। वहीं 28 मई को बंजार दौरे पर दुर्गम पंचायत शरची में आ रहे हैं।

# सरकार ने जिले के 42 किसानों से खरीदी 178 क्विंटल गेहूं

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सभी वर्ग के कल्याण के लिए वचनबद्ध है जिसमें विशेषकर किसानों, बागवानों और पशुपालकों के उत्थान के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।

प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए नई पहल आरंभ की गई है, जिसके तहत प्रदेश को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने की परिकल्पना भी सार्थक सिद्ध होगी। किसान कल्याण को प्रमुख रखते हुए समृद्ध किसान-समृद्ध हिमाचल को पहले स्थान पर रखा है। सरकार ने प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर खरीदने तथा देश में सबसे अधिक समर्थन मूल्य भी निर्धारित किया गया है। गेहूं का समर्थन मूल्य भी निर्धारित किया गया है जिसके तहत गेहूं का समर्थन मूल्य 60 रुपए, मक्की का 40 रुपए जबकि हल्दी का समर्थन मूल्य 90 रुपए प्रति किलो के हिसाब से तय किया गया है।

### किसानों को दिया 60 रुपए प्रतिकिलो दाम तथा 2 रुपए प्रतिकिलो भाड़ा

परियोजना निदेशक (आतमा) सिरमौर साहब सिंह ने बताया कि इस वर्ष प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशानुसार 15 मई से 25 मई, 2025 तक जिला सिरमौर में नाहन तथा पांवटा साहिब में प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं 60 रुपए प्रति किलो ग्राम खरीद केंद्रों से खरीदा जा रहा है इसके अतिरिक्त किसानों को 2 रुपए प्रति किलो के हिसाब से भाडा भी दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष जिला में 275 क्विंटल गेहूं, तथा 25 क्विंटल हल्दी खरीदने का लक्ष्य रखा गया है जिसके तहत आज तक 42 किसानों से 178 क्विंटल गेहूं जबकि 8 किसानों से 20 क्विंटल हल्दी खरीदी गई।

### कृषि व्यवसाय पुश्तैनी काम : रवि

**प्राकृतिक** खेती अपनाने वाले किसान रवि कुमार गांव खदरी डाकघर विक्रम बाग तहसील नाहन निवासी बताते है कि कृषि व्यवसाय उनका पुश्तैनी काम है। उन्होंने 2 बीघा भूमि में गेहूं की प्राकृतिक खेती की, जिससे उनका लगभग 8 क्विंटल का उत्पादन हुआ। रवि ने 3 क्विंटल गेहूं अपने परिवार के इस्तेमाल के लिए रखी तथा 5 क्विंटल गेहूं प्रदेश सरकार द्वारा नाहन में स्थापित खरीद केंद्र में 60 रुपए प्रति किलो बेची।

### 2019 से कर रहे प्राकृतिक खेती

**नाहन** तहसील के गांव सकारडी निवासी बलिन्दर सिंह बताते है कि वह 2019 से प्राकृतिक खेती कर रहे हैं तथा इस वर्ष उन्होंने 2 क्वींटल गेहूं नाहन में सरकारी खरीद केंद्र में बेची। उनका इस सीजन में 5-6 बीघा में मक्की की बिजाई करने का लक्ष्य है। बलिन्दर सिंह प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा प्रदेश सरकार का प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए बेहतरीन समर्थन मूल्य देने के लिए धन्यवाद करते हैं।

# गिरी नदी उफान पर, जटोन बैराज से छोड़ा पानी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर में रविवार को मूसलाधार बारिश ने कहर बरपाया, जिससे गिरि नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया और जटोन बैराज के फ्लड गेट दो बार खोलने पड़े। भारी बारिश के चलते नाहन डिवीजन की कई महत्वपूर्ण सड़कें भी भू-स्खलन के कारण बंद हो गईं, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लगातार छह से सात घंटे की झमाझम बारिश के कारण गिरि नदी में अचानक जलस्तर बढ़ गया।

सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जटोन बैराज प्रबंधन को रविवार सुबह दो बार फ्लड गेट खोलने पड़े। बैराज पर तैनात दिनेश कुमार ने सुबह 5 बजकर 20 मिनट और 5 बजकर 28 मिनट पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को इसकी सूचना दी।

पहले गेट नंबर 4 और फिर गेट नंबर 3 और 4 से पानी छोड़ा गया, जिसके बाद नदी के किनारे रहने वाले लोगों के लिए बाढ़ की चेतावनी जारी की गई। उधर, भारी बारिश के कारण नाहन डिवीजन की कई सड़कें अवरुद्ध हो गईं।

लोक निर्माण विभाग नाहन डिवीजन के अधीक्षण अभियंता आलोक जवनेजा ने बताया कि बनोग, सुरला, रामा धौन, बनेठी बागथन पीडब्ल्यूडी रोड, ददाहू बेचड़बाग रोड और कमलाहड रोड पर भू-स्खलन हुआ है, जिससे यातायात ठप हो गया है।

उन्होंने कहा कि दोपहर बाद तक सभी बंद सड़कों को खुलवा दिया जाएगा। डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने लोगों से नदी-नालों के आसपास न जाने और सतर्क रहने की अपील की है।

### नाहन की कई सड़कें बंद



सड़क से मलबा हटाती जेसीबी मशीन।

### बारिश से सिरमौर में जनजीवन अस्त-व्यस्त

## न्यूज ब्रीफ

### डीएवीएन स्कूल ददाहू में करवाई चित्रकला प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, नाहन।** लाइफ इंश्योरेंस कंपनी नाहन के सौजन्य से डीएवीएन पब्लिक स्कूल ददाहू में एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय था माइ ऐम इन लाइफ। इसमें कक्षा दूसरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कक्षा दूसरी में अन्वी शर्मा प्रथम, आदित्य राणा द्वितीय और अक्षित तोमर तृतीय स्थान पर रहा। कक्षा तीसरी में गौरव प्रथम, पलक द्वितीय और मानव ठाकुर तृतीय स्थान पर रहा। कक्षा चैथी में विनायक प्रथम, हर्षित द्वितीय और आयूस ठाकुर तृतीय स्थान पर रहा। कक्षा पांचवी में आरोही ठाकुर प्रथम, अनित चैहान द्वितीय और ईशान शर्मा तृतीय स्थान पर रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य धनेंद्र गोयल ने बताया के विद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास के लिए विद्यालय में समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी नाहन के अधिकारी रमा कश्यप, सचिन ठाकुर, कमलेन्द्र, विद्यालय के प्रधानाचार्य धनेन्द्र, विद्यालय का समस्त स्टॉफ और विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** करियर अकैडमी स्कूल में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत स्लोगन राइटिंग तथा डिक्लेमेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण से जुड़े विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। विद्यालय के प्राचार्य राजेश सोलंकी ने जैव विविधता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष एसएस राठी, निदेशिका मधुलिका राठी तथा मनोज राठी ने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

### 16 जून तक चलेगा रक्तचाप अभियान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिले में 16 जून, 2025 तक उच्च रक्तचाप अभियान आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी आज यहां इस सम्बन्ध में आयोजित वर्चुअल बैठक के माध्यम से मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. अजय पाठक ने दी। डॉ. पाठक ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए सभी स्तरों पर सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देश का पूर्ण पालन सुनिश्चित बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 31 मई, 2025 को ज़िला के सभी स्कूलों में रक्तचाप अभियान के तहत छात्रों को रक्तचाप के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। डॉ. अजय पाठक ने सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान खंड स्तर पर स्कूलों के साथ समन्वय स्थापित कर गतिविधियों को सफलतापूर्वक आयोजित करना सुनिश्चित करें।

### 100 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 28 मई को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मैसर्ज ऑरो टेक्सटाइल्स बद्दी में अप्रेंटिस मशीन ऑपरेटर के 100 पदों पर भर्ती के लिए 28 मई, 2025 को कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। यह कैंपस इंटरव्यू उप रोजगार कार्यालय कसौली में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश ने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं तथा आयु 18 से 26 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आवेदन करने से पूर्व प्रत्येक आवेदक का नाम रोज़गार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है। जिला रोजगार अधिकारी ने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार अपनी योग्यता सम्बन्धी सभी अनिवार्य प्रमाण पत्र व दस्तावेज़ों सहित उप रोज़गार कार्यालय कसौली में 28 मई, 2025 को प्रातः 10.30 बजे पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने के लिए कोई भी यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा।

### प्रेस क्लब ने असहाय दंपती के लिए बढ़ाए मदद के हाथ



**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** दून प्रेस क्लब ने असहाय दम्पति के लिए मदद के हाथ बढ़ाकर सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की। क्लब के सदस्य संजीव शर्मा की पहल से दुख परेशानी से घिरे दंपती को संबल मिल पाया। जरूरतमंद परिवार में मंगती देवी अकेले ही परिवार की परवरिश कर रही है तो वहीं दुखों का पहाड़ कुछ इस कदर टुटा की अपने दो बेटे हादसे के शिकार हुए जिसमें एक बेटे की बिछु के काटने से मौत हो गई और दूसरे बेटे को बिजली का करंट लगने के कारण अपने प्राणों को गवाना पड़ा, तो वहीं परिवार की परवरिश करने वाले मंगती देवी के पति को वर्षों से पेरालाइज होने के कारण दो वक्त की रोटी भी नसीब नहीं हो पा रही है, परंतु समाज में आज भी इंसानियत जिंदा नजर आती है। संजीव शर्मा ने प्रेस क्लब पांवटा को जानकारी साझा की तो फिर दून प्रेस क्लब के अध्यक्ष एवं अन्य सभी पत्रकार बंधुओं ने इस परिवार से मिलकर कुछ आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रयास किया। व्यवसायी लम्बु क्रेन के मालिक ने भी आर्थिक सहायता देने का प्रयास किया।

### बिहार चुनाव में भारत गठबंधन देगा सबको टक्कर

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भारत गठबंधन के संयोजक बलदेव राजसूद ने बताया कि बिहार प्रदेश में सक्रिय पार्टियों के तीन मोर्चो तथा कुछ राजनीतिक दलों की बैठक बिहार भवन मुसल्लेपुर हाट पटना-6 में ब्रह्मदेव पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बिहार विधानसभा के आगामी चुनावों में एनडीए, इडिया तथा जेडीयू के विरोध में भारत गठबंधन तथा अन्य राजनीतिक मोर्चे तथा पार्टियां बिहार की वर्तमान सत्ता को उखाड़ने का भरसक प्रयास करेंगी। बलदेव राजसूद ने कहा कि देश की जनता वर्तमान राजनीतिक वातावरण से निराश है तथा नए विकल्प की खोज में है अतः हम सब की जिम्मेदारी जनता की अपेक्षाओं को पुरा करना है। बैठक में संपूर्ण क्रांति मोर्चा के अध्यक्ष तथा जेपी आंदोलन के योद्धा ब्रह्मदेव पटेल, राजनीतिक तीसरे मोर्चा के डॉ. विनय सिंह, प्रजाशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री आनन्त कुमार, बिहार प्रदेश संयोजक अशोक तथा विनय भूषण,सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के एम क्यू जौहर, अपना किसान पार्टी के राहुल, डॉ. योगेंद्र तथा रणजीत कुमार आदि ने भाग लिया।

### हनुमान बड़ोग पंचायत में लगाया पशु जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत हनुमान बड़ोग के गांव रनोह खालसा में कामधेनु हितकारी मंच की ओर से नाबार्ड द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय पशु जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता डॉ. स्वर्ण सेन ने की। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी अर्की डॉ. देवराज शर्मा और पशु चिकित्सा अधिकारी धुन्दन डॉ. वरुण पूरी ने पशुपालन से संबंधित जानकारी देने के साथ विभिन्न विभागीय योजनाओं पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी उपमंडलीय पशु चिकित्सालय अर्की डॉ. देवराज शर्मा द्वारा पशुपालकों को पशुओं के रखरखाव, देखभाल और स्वच्छ दुग्ध उत्पादन के बारे में बहुत ही सहज और सरल भाषा में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. वरुण पूरी ने पशुपालकों को विभागीय योजनाओं जैसे गर्भित पशु आहार योजना, उत्तम पशु पुरस्कार योजना इत्यादि से अवगत करवाया।

# सोलन अस्पताल में बायोमेट्रिक सिस्टम से नहीं लग रही हाजिरी

## समय पर नहीं पहुंचता स्टाफ, मरीजों को झेलनी पड़ती है परेशानी

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**



**सोलन।** सरकार ने सरकारी विभागों कार्यरत स्टाफ की बायोमेट्रिक सिस्टम से हाजिरी लगाना जरूरी तो किया पर इससे गंभीरता से लागू नहीं किया जाता।

यही कारण है की क्षेत्रीय अस्पताल में पिछले करीब 6 महीने से बायोमेट्रिक सिस्टम खराब चल रहा पर इसे ठीक करने के बजाए अटेंडेंस रजिस्टर में मेंटेन किया जा रहा है। समस्या ये है कि डॉक्टरों के साथ अन्य स्टाफ अपनी मर्जी से ड्यूटी पहुंच रहा है।

इस मनमानी से रोगियों को परेशानी झेलनी पड़ती है। डॉक्टर अपने हिसाब से ओपीडी में पहुंच रहे हैं जबकि हॉस्पिटल के अन्य स्टाफ कर्मी की भी बायोमेट्रिक मशीन में हाजिरी न लगने से मौज हुई है। हालांकि अस्पताल के ही उच्च अधिकारियों के डर के चलते क्लास फ्लोर कर्मी फिर भी समय पर अस्पताल पहुंच रहे हैं, लेकिन अन्य सभी डॉक्टर पर चेकिंग के लिए कोई भी विकल्प नजर नहीं आ रहा। कई डॉक्टर तो वार्ड में विजिट के नाम पर ही लेट पहुंच रहे है। इस सबका खामियाजा मरीज को भुगतना पड़ रहा है।

खैर जब हॉस्पिटल में बायोमेट्रिक मशीन सुचारु रूप से काम कर रही थी तो कोई भी समय के बाद हॉस्पिटल में नहीं पहुंच पा रहा था, लेकिन अब मशीन खराब होने के चलते सब अपनी मनमर्जी के हो गए हैं।

### कई डॉक्टर वार्ड में विजिट के नाम पर पहुंच रहे लेट

अनंत ज्ञान खास खबर

"बायोमेट्रिक मशीन में आई खराबी को जल्दी ठीक कर दिया जाएगा। फिलहाल सभी डॉक्टर सहित अन्य स्टाफ कार्यो की अटेंडेंस रजिस्टर में मेंटेन की जा रही है। किसी भी स्टाफ के देरी से आने पर जवाब तलब किया जाएगा।

-डॉ. राकेश पंवार, एमएस,अतिरिक्त कार्यभार सोलन हॉस्पिटल।

### लंबे समय से बायोमेट्रिक मशीन खराब

**जानकारी** के अनुसार सोलन अस्पताल में लगी बायोमेट्रिक मशीन खराब पड़ गई है। ऐसे में सभी हॉस्पिटल के कर्मियों के अलावा डॉक्टर की हाजिरी भी रजिस्टर में ही मेंटेन की जा रही है। ऐसे में कई डॉक्टर ओपीडी में समय पर नहीं पहुंच रहे। इससे मरीज परेशान होने लगे हैं। बता दें कि सोलन हॉस्पिटल में उपचार के लिए जिला सोलन के अलावा सिरमौर और शिमला के मरीज भी बड़ी संख्या में पहुंचते है। ऐसे में यदि डॉक्टर समय पर ओपीडी में न मिले तो मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## घर से 304 टेबलेट और 97 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** पुलिस और ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने रविवार को नालागढ़ में अवैध दवाइयों के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। यह संयुक्त अभियान गुप्त सूचना के आधार पर चलाया गया।

### बद्दी पुलिस और ड्रग विभाग ने की कार्रवाई

इसमें एक घर से भारी मात्रा में बिना लाइसेंस की दवाइयां और कैप्सूल बरामद किए गए। छापेमारी के दौरान टीम ने नालागढ़ में स्थित एक मकान पर दबिश दी। जहां से 304 टेबलेट टेंप्टाडोल और 97 प्रतिबंधित कैप्सूल प्रेगाबेलिन के बरामद किए गए।

उपरोक्त मामले मे नालागढ़ के वार्ड-पांच के राहुल कुमार के खिलाफ ड्रग एंड कास्टेमिटक एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। संयुक्त टीम ने मौके पर ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

उधर, एएसपी अशोक वर्मा ने बताया कि बद्दी पुलिस और ड्रग विभाग ने यह कार्रवाई क्षेत्र में बढ़ती अवैध दवा तस्करी एवं निर्माण गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए की गई है। भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

# त्रिलोकपुर की महिला शारीरिक शिक्षा प्राध्यापिका को कारण बताओ नोटिस

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उच्च शिक्षा कार्यालय सिरमौर ने सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिलोकपुर की महिला शारीरिक शिक्षा प्राध्यापिका (डीपीई) को कारण बताओ नोटिस जारी किया। कार्यालय ने इस संबंध में विभाग द्वारा जारी औचित्य और अंतिम वरिष्ठता सूची के साथ कोई ठोस प्रस्ताव भी प्रस्तुत न करने पर नाराजगी जताई है। कार्यालय द्वारा जारी पत्र में डीपीई पर डीडीओ (आहरण एवं वितरण अधिकारी) शक्तियों का अतिक्रमण करते हुए कई मामलों में मनमानी करने का भी आरोप लगाया गया है।

इससे विद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक वातावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की बात कही गई है। दरअसल, इस मामले में शिक्षा विभाग को एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके बाद विभाग ने तत्काल संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई की है।

उप निदेशक कार्यालय की ओर से जारी चेतावनी पत्र में डीपीई को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में यदि वह इस प्रकार की किसी भी अनियमितता में संलिप्त पाई जाती हैं, तो उनके खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### नियमों का पालन करने का आदेश

**पत्र** में उन्हें निदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा स्थापित नियमों का पालन करने और डीडीओ अथवा अपने नियंत्रण अधिकारी के निर्देशों का अक्षरश पालन करने का भी आदेश दिया गया है। शिक्षा विभाग के अनुसार, त्रिलोकपुर स्कूल की राजनीति शास्त्र की प्रवक्ता कमलेश रानी को डीडीओ की शक्तियां सौंपी गई हैं।

### नियमों का उल्लंघन नहीं होगा बर्दाश्त : बाली

**उधर,** उपनिदेशक उच्च शिक्षा डॉ. हिमेंद्र बाली ने इस पत्र को जारी करने की पुष्टि की है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक विभाग की ओर से वरिष्ठता सूची जारी नहीं हो जाती, तब तक संबंधित डीपीई को डीडीओ शक्तियों का उपयोग करने की कोई अनुमति नहीं दी जा सकती है। इस कार्रवाई से शिक्षा विभाग ने स्पष्ट संदेश दिया है कि नियमों का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## नौणी यूनिवर्सिटी ने रोमानिया के साथ मिलाया हाथ

**अनंत ज्ञान, सोलन**



एमओयू के दौरान रोमानिया के प्रतिनिधियों के साथ।

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी ने रोमानिया की यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रोनॉमिक साइंसेज एंड वेटरनरी मेडिसिन ऑफ बुखारेस्ट के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह समझौता नौणी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल और यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रोनॉमिक साइंसेज एंड वेटर्नरी मेडिसिन ऑफ बुखारेस्ट के वाइस रैक्टर प्रो. स्टैनिका फ्लोरिन तथा प्रो. डॉ. असानिका एड्रियन कॉन्स्टेंटिन द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। ग्लोबल अकरक्रॉपिक्स परियोजना के परियोजना प्रबंधक डॉ. थिबॉट मल्लौसा और नौणी के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. इंद्र देव भी उपस्थित रहे।

यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रोनॉमिक साइंसेज एंड वेटर्नरी मेडिसिन ऑफ बुखारेस्ट भी विभिन्न प्रकार के फलों जैसे कीवी, अंगूर, नाशपाती, ब्लूबेरी और चेरी पर सक्रिय रूप से अनुसंधान कर रहा है, जो नौणी विवि की विशेषज्ञता और अनुसंधान प्राथमिकताओं के अनुरूप हैं। हस्ताक्षर समारोह यूरोपीय अनुसंधान गठबंधन कार्यक्रम के दौरान हुआ, जिसे इंटरनेशनल एग्रो इकोलॉजिकल क्रॉप प्रोटेक्शन इनिशिएटिव, यूरोपीय संघ द्वारा वित्तपोषित परियोजना और यूरोपीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहयोग के सहयोग से आयोजित किया गया था।

## नाहन के चार बाइकर्स दिल्ली गेट से लद्दाखी ट्रिप पर निकले

**अनंत ज्ञान, नाहन**

ऐतिहासिक दिल्ली गेट नाहन से चार बाइकर्स जयदीप ठाकुर, निशांत तोमर, अभिनव चौहान और योगेश सोलंकी ने साहसिक लद्दाख यात्रा के लिए प्रस्थान किया। दल के सदस्य कुल 13 से 14 दिन की इस चुनौतीपूर्ण यात्रा में ऊंचाइयों, सुरम्य घाटियों और दुर्गम दर्रों से होकर गुजरेंगे। दल के एक प्रमुख सदस्य जयदीप मूलतः नाहन निवासी हैं, लेकिन वर्तमान में दुबई में सेटल हैं। युवाओं के इस साहसिक अभियान को देखकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। दिल्ली गेट पर परिजनों और अन्ये ने शुभकामनाएं दी।



## योगा ओलंपियाड में कोटड़ी ब्यास स्कूल ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला अंडर 14 ब्वाइज व गर्ल्स योग ओलंपियाड मान गढ़ में आयोजित किए गए, इसमें दोनों वर्गों में माजरा ब्लॉक के कोटड़ी ब्यास स्कूल ने दोनों खिताबों पर अपना कब्जा किया।

वहीं ब्वाइज वर्ग में नाहन व् राजगढ़ दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। जबकि गर्ल्स में राजगढ़ व नारग दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे।

कोटड़ी ब्यास स्कूल के शिक्षक धर्मेंद्र चौधरी ने बतायाकि पिछले 4 से 5 वर्षों से कोटड़ी व्यास स्कूल योग में बेहतरीन प्रदर्शन करता आ रहा है।

## हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने की वर्चुअल बैठक

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**

**राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आज एक वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हिमाचल ईकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिदत शर्मा द्वारा की गई।

बैठक में सोलन जिले के अध्यक्ष व राज्य कार्यकारिणी के मुख्य सलाहकार केडी शर्मा राज्य के ओडिटर जगदीश पंवार और कानूनी सलाहकार रोशन लाल जिला सिरमौर के प्रधान औम प्रकाश शर्मा, महासचिव प्रमोद गोतम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणवीर सिंह मुख्य सलाहकार विजय भारद्वाज, जिला शिमला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलवान कश्यप महामंत्री बिहारी लाल जस्टा आदि ने भाग लिया। जिला सिरमौर के मिडिया प्रभारी रविदत ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रदेश के चुनाव पुरानी कार्यकारिणी जिसके प्रधान आत्माराम और महासचिव हुकम सिंह हैं, उनके आदेशानुसार ही होंगे। कुनिहार में हुई बैठक में प्रदेश के उपाध्यक्ष सुरेश को अनुशासनहीनता के आरोप में जो निष्कासित करने का निर्णय लिया है, वह उचित है।

## सुंदर सिंह और गोपी वल्लभ का निधन बड़ी क्षति : मदन

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** विगत दिनों कंडाघाट उपमंडल के सायरी क्षेत्र से वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुन्दर सिंह जसवाल (83) जो पंचायत प्रधान, जिला परिषद सदस्य और प्रदेश खादी बोर्ड के उपाध्यक्ष रहे का निधन हो गया।

दो दिन बाद उपमंडल के क्वारग पंचायत के शलाऊ गांव के वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपी वल्लभ (90) का निधन हो गया।

कंडाघाट और चायल क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता मदन वर्मा के नेतृत्व में शोक सभा करके इन दोनों नेताओं के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है।

## सांख्यिकीय प्रणालियों को सुदृढ़ करना जरूरी : अभिषेक

**अनंत ज्ञान, सोलन**



भारत सरकार के सांख्यिकी कार्यक्रम में पहुंचे प्रतिभागी।

सचिव लोक निर्माण, वित्त, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, हिमाचल प्रदेश डॉ. अभिषेक जैन ने कहा कि विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों को गति प्रदान करने एवं निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूर्ण करने के लिए सांख्यिकीय प्रणालियों को और अधिक मजबूत करना आवश्यक है। डॉ. अभिषेक जैन आज सोलन ज़िला के क्यारीघाट में हिमाचल प्रदेश आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में सांख्यिकी सुदृढ़ीकरण के लिए सहायता योजना (स्पोर्ट फॉर स्टेटिस्टिकल स्ट्रेंथनिंग) एसएसएस पर कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य राज्य सांख्यिकीय प्रणालियों की क्षमता बढ़ाना है ताकि विश्वसनीय और सटीक सांख्यिकीय डाटा उपलब्ध हो सके। डॉ. अभिषेक जैन ने कहा कि सांख्यिकी सुदृढ़ीकरण के लिए सहायता योजना से डाटा संग्रह करने में सुगमता होगी और प्रोसेसिंग के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग करने में मदद मिलेगी।

आर्थिक सलाहकार डॉ. विनोद राणा ने कहा कि सांख्यिकी प्रणाली सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक है और यह प्रमाणिक डाटा प्रदान करती है।

## जानकारी — हिमाचल प्रदेश एशिया में दवा उत्पादन का सबसे बढ़ा हब : डॉ. कपूर

# सरकार की प्रतिबद्धता गुणवत्तायुक्त दवा उत्पादन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य सहित देश में उचित गुणवत्ता की दवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन एवं राज्य औषधि नियंत्रण प्रशासन एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। यह जानकारी राज्य दवा नियंत्रक डॉ. मनीष कपूर ने दी।

डॉ. कपूर ने कहा कि प्रदेश में निर्मित की जा रही दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित बनाने के लिए न केवल औषधि निर्माताओं को समय-समय पर जागरूक किया जाता है अपितु मानक नियंत्रण के लिए नियमित अंतराल पर औचक निरीक्षण एवं सैम्पलिंग भी की जाती है। दवा नियंत्रण प्रशासन द्वारा प्रदेश में औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम की अनुपालना सुनिश्चित बनाई जा रही है ताकि गुणवत्तायुक्त दवा उत्पादन में कोई कमी न रहे। यह भी सुनिश्चित बनाया जा रहा है कि दवा निर्माताओं के साथ-साथ थोक और परचून दवा विक्रेताओं का औचक निरीक्षण हो।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश एशिया में दवा उत्पादन का हब है और प्रदेश सरकार दवा उत्पादन के क्षेत्र में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाएं रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए कण्डाघाट स्थित कम्पोज़िट टैस्टिंग लैब के साथ-साथ अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित एक अन्य प्रयोगशाला भी क्रियाशील है। उन्होंने कहा कि नियमित परीक्षण का उद्देश्य मानक से कम गुणवत्ता वाली दवाओं की पहचान करना है।

डॉ. मनीष कपूर ने कहा कि केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के सहयोग से लोगों को कम गुणवत्ता के दवाओं के विषय में जागरूक किया जा रहा है। हिमाचल में दवाओं के उत्पाद में गुणवत्ता की कमी है।

### दवा उत्पादन में बेहतरी के लिए सरकार कर रही कार्य

**डॉ.** कपूर ने कहा कि प्रदेश सरकार नियमित रूप से दवा उत्पादन में बेहतरी के लिए कार्यरत है। वित्त वर्ष 2024-25 में राज्य दवा नियंत्रण प्रशासन एवं केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से 90 निरीक्षण कर ऐसे 45 दवा निर्माताओं के विरुद्ध कार्रवाई की गई जो नियमों एवं लाइसेंस की शर्तों की अनुपालना नहीं कर रहे थे। 23 ऐसी दवा निर्माता इकाइयों पर कार्रवाई की जो नियमों का पालन नहीं कर रहे थे।

# अर्थव्यवस्था को आकार देने में अनुसंधान पर विचार किए साझा



**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज एंड बिजनेस मैनेजमेंट ने हाइब्रिड प्रारूप में बायोइनोवेट 1.0 बायोटेक्नोलॉजी की दुनिया में भविष्य की सीमाएं, अनुसंधान और आईपीआर शीर्षक से एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि शूलिनी विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो. पीके खोसला थे। प्रो. खोसला ने ज्ञान-संचालित अर्थव्यवस्था को आकार देने में अनुसंधान, नवाचार और आईपीआर के महत्व पर विचार साझा किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एसआईएलबी की निदेशक और कार्यशाला की संरक्षक डॉ. शालिनी शर्मा ने की। मुख्य भाषण एचपीयू, शिमला के इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के डीन प्रोफेसर वामिक आजमी ने दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### जसबीर ने स्व. राजेश के बेटे के निधन पर जताया शोक



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी सेक्टर 38 निवासी ट्यूबवेल ऑपरेटर स्वर्गीय राजेश शर्मा के घर पहुंचे और उनके बेटे के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। बंटी ने कहा कि नगर निगम का हर कर्मचारी एक परिवार का हिस्सा है और जब परिवार का कोई सदस्य दुःख झेलता है, तो वह दुख सभी को होता है। उन्होंने कहा कि राजेश शर्मा नगर निगम के एक समर्पित और ईमानदार कर्मचारी रहे हैं, जिन्होंने वर्षों तक निगम की सेवा की है। हम उनके योगदान के लिए सदैव आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि राजेश शर्मा के बेटे के असामयिक निधन से उन्हें व्यक्तिगत तौर पर भी बेहद दुख पहुंचा है। इस कठिन समय में हम उनके परिवार के साथ हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें यह आघात सहने की शक्ति प्रदान करें। जसबीर सिंह बंटी ने आगे बताया कि वे स्वयं सभी पार्षदों को एकजुट कर नगर निगम की आगामी जनरल हाउस मीटिंग में एक प्रस्ताव लाएंगे, जिसके तहत राजेश शर्मा के बड़े बेटे को एक जून से नौकरी पर लगाया जाएगा।

### आंधी-वर्षा से भारी तबाही, ट्रांसफार्मर टूटे

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** गन्नौर क्षेत्र में रविवार अल सुबह आई तेज आंधी और वर्षा ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति, इंटरनेट सेवाएं ठप हुई, मकान क्षति हुए, आर्थिक नुकसान हुआ। क्षेत्र के गढ़ी झंझारा और धतूरी गांव विशेष रूप से प्रभावित रहे। बिजली निगम को लाखों का नुकसान हो गया तेज हवाओं के कारण लगभग 120 बिजली के पोल टूट गए और 7 से अधिक ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए। इससे गन्नौर शहर समेत गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। कुछ क्षेत्रों में बिजली छह घंटे बाद बहाल हो सकी, जबकि अन्य स्थानों पर देर दोपहर तक भी आपूर्ति ठप रही। बिजली निगम के कर्मचारी मरम्मत कार्य में जुटे हुए हैं। गांव गढ़ी झंझारा में तेज आंधी और वर्षा के कारण पूजा देवी का कच्चा मकान गिर गया। उस समय पूजा, उनके पति चांद सिंह व परिवार के अन्य सदस्य घर में ही सो रहे थे, लेकिन समय रहते बाहर निकले तो उनकी जान बच गई। मकान गिरने से पूजा को आर्थिक नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 में भी छत गिरने की घटना हुई थी लेकिन कोई सरकारी सहायता नहीं मिली थी। अब पुनः प्रशासन से मदद की अपील की गई है। उधर धतूरी गांव में शनिवार देर रात एक मकान पर आसमान से बिजली गिरी, जिससे मकान की एक दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। घर में सो रहे सभी सदस्य सुरक्षित रहे।

### राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने दी बयान पर सफाई

**अनंत ज्ञान, रोहतक।** जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा द्वारा भिवानी में पहलगाम हमले की शिकार महिलाओं के बारे में दिए गए विवादित बयान पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा है कि उनका भाव अहिल्याबाई होलकर जैसी नारी वीरांगना बनने के लिए था। उन्होंने कहा था कि भारतीय नारी अहिल्याबाई जैसी बने ताकि किसी भी परिस्थिति में वह किसी का भी मुकाबला कर सके। उन्होंने कहा कि वह महिलाओं को मोटिवेशनल के लिए ऐसी बातें की थी और कोई मनसा इस बात को लेकर अपना स्पष्टीकरण में दे चुका हूं। उनका कहना है कि उनका भाव किसी की भावना को ठेस पहुंचाने का नहीं था। उन्होंने माना कि वहां आतंकवादी थे और वह लोगों की हत्या करने के लिए आए थे लेकिन फिर उन्होंने दोहरा की ऐसी स्थिति में भी सामना करना चाहिए। वहीं राहुल गांधी द्वारा विदेश मंत्री जयशंकर को जयचंद कहने पर राज्य सभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि राहुल गांधी को कोई गंभीरता से नहीं लेता वह कुछ भी कह देते हैं। राहुल बैगर सोचे समझे कुछ भी कह देते हैं। वहीं राज्यसभा सांसद ने कहा कि आज देश चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत विश्व की पहली अर्थव्यवस्था बनेगा और नरेंद्र मोदी यह करके दिखाएंगे क्योंकि जिस तरह से वह कार्य कर रहे हैं और आज पूरा विश्व भारत की तरफ देख रहा है तो अब वह दिन दूर नहीं कि देश विश्व की पहली अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

### केरल में लाइबेरिया का कार्गो शिप डूबा

**एजेंसी, कोच्चि।** केरल में कोच्चि तट पर लाइबेरिया का कार्गो शिप रूस्ट एल्सा 3 डूब गया। इंडियन कोस्ट गार्ड और नेवी ने सभी 24 क्रू मेंबर्स को बचा लिया गया। शिप पर लदे 640 कंटेनर्स में कैल्शियम कार्बाइड, डीजल, फर्नेस ऑयल समेत कुछ खतरनाक केमिकल्स भरे थे। शिप 23 मई को केरल के ही विझिनजाम पोर्ट से कोच्चि के लिए रवाना हुआ था। 24 मई को दोपहर करीब 1:25 बजे कोच्चि तट से 38 समुद्री मील की दूरी पर करीब 26 डिग्री तक झुकने की खबर दी गई। इमरजेंसी की सूचना मिलते ही कोच्चि में आईसीजी के मरीन रेस्क्यू सब सेंटर ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। देर शाम तक रूस, यूक्रेन, जॉर्जिया और फिलीपींस के 24 क्रू मेंबर्स में से 21 को बचा लिया गया। बाकी तीन सीनियर क्रू मेंबर शिप को डूबने से बचाने की कोशिश के लिए शिप पर ही रहे। हालांकि, शिप का झुकाव बढ़ता रहा और आज वह डूब गया। नेवी शिप आईएनएस सुजाता ने बाकी तीन क्रू मेंबर्स को भी बचा लिया। शिप के एक तरफ झुकने की वजह का अभी पता नहीं चला है। (अनंत ज्ञान)

### मणिपुर में प्रदर्शनकारियों-सुरक्षाबलों के बीच झड़प

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर में रविवार को उस समय तनाव बढ़ गया जब प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प हो गई। यह झड़प उस वक्त हुई जब प्रदर्शनकारी राज्य परिवहन की एक बस से मणिपुर शब्द हटाए जाने के विरोध में राजभवन की घेराबंदी करने जा रहे थे। को-ऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटेग्रिटी (सीओसीओएमआई) के आह्वान पर बड़ी संख्या में लोग ख्वैराम्बंद बाजार में एकत्र हुए और वहां से लगभग 500 मीटर की रैली निकाल कर राजभवन की ओर बढ़ने लगे। सुरक्षाबलों ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान दोनों पक्षों में झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि राज्यपाल अजय कुमार भल्ला इस 'अपमानजनक कृत्य' के लिए माफी मांगें। राजभवन से लगभग 150 मीटर पहले कंगला गेट पर सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के कई गोले छोड़े। एक अस्पताल अधिकारी ने बताया कि इस झड़प में घायल हुए पांच प्रदर्शनकारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। (अनंत ज्ञान)

### पाकिस्तान में तूफान-बारिश से 20 लोगों की मौत

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब में शनिवार शाम को आए शक्तिशाली तूफान



और भारी बारिश के कारण कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और 150 से ज्यादा लोग घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, ये तूफान इतना शक्तिशाली था कि इसने सड़क और हवाई यातायात को बाधित कर दिया, बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया और बड़े पैमाने पर बिजली कटौती की। पंजाब सरकार के अनुसार, 13 करोड़ से ज्यादा की आबादी वाले इस प्रांत में ज्यादातर मौतें जर्जर घरों के ढहने या गिरे हुए होर्डिंग के नीचे दबने के कारण हुईं। प्रांतीय सरकार ने रविवार को कहा, 'पंजाब के कई हिस्सों में शक्तिशाली तूफान और भारी बारिश से जुड़ी घटनाओं में बच्चों समेत कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और 150 से ज्यादा लोग घायल हो गए।' (अनंत ज्ञान)

# जातिगत जनगणना का निर्णय दूरदर्शिता का परिचय : सैनी

## एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में शामिल हुए हरियाणा के सीएम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रव्यापी जातिगत जनगणना का ऐतिहासिक निर्णय लेकर दूरदर्शी नेतृत्व का परिचय दिया है। यह निर्णय सामाजिक न्याय की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम है जो समाज के सबसे वंचित और उपेक्षित वर्गों को उनके अधिकार और अवसर देने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

मुख्यमंत्री सैनी रविवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों के पराक्रम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा कर एक प्रस्ताव भी पारित किया गया। इस एक दिवसीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा भी शामिल हुए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि सरकार का 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का मंत्र इस निर्णय में जीवंत रूप से प्रकट हुआ है। यह कदम वंचित समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने में मदद करेगा, जिससे उनकी शिक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के लिए लक्षित नीतियां बन सकेंगी। आपका यह प्रयास समाज के हर कोने तक विकास की रोशनी पहुंचाने की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लंबे समय से चली आ रही मांग को स्वीकार कर अपनी उदारता और दूरदर्शिता का परिचय दिया। यह कदम सिद्ध करता है कि सरकार सभी के विचारों का सम्मान करती है और देशहित में बड़े निर्णय लेने में सक्षम है और यह नेतृत्व भारत को वैश्विक मंच पर और गौरव दिलाएगा। सैनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लंबे समय तक जातिगत जनगणना के मुद्दे पर केवल राजनीति की, जिसके कारण समाज के वंचित वर्गों को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया।

उन्होंने कहा कि सरकार ने उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना और जन धन योजना जैसी क्रांतिकारी योजनाओं से गरीबों और वंचितों के प्रति अपनी संवेदनशीलता को बार-बार सिद्ध किया है। अब जातिगत जनगणना का यह निर्णय इन प्रयासों को और मजबूती देगा, जिससे समाज का हर तबका सरकार के कल्याणकारी शासन का लाभ उठा सकेगा।

# मिशन फते संस्था ने सेक्टर-17 में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा



**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** रविवार को मिशन फते संस्था द्वारा सेक्टर-17 में एक ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय एकता का अनुपम दृश्य देखने को मिला। इस यात्रा में 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल', 'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' जैसे ओजपूर्ण नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। हर गली और चौराहे पर देशभक्ति की लहर दौड़ पड़ी।

यात्रा में शहर की कई प्रमुख सिख जत्थेबंदियों ने भाग लिया और अपने पारंपरिक स्वरूप में, हाथों में तिरंगा लेकर देश के प्रति अपनी आस्था को उजागर किया। कार्यक्रम की शुरुआत देशभक्ति गीतों के साथ हुई, जिसके बाद विशाल जनसमूह ने तिरंगा लेकर मार्च किया। इस आयोजन के माध्यम से संस्था ने युवाओं को देश के प्रति अपने कर्तव्यों और सेना के बलिदान को याद रखने का आह्वान किया। मिशन फते के पदाधिकारियों ने कहा कि हमें अपनी सेना पर गर्व है। हमारे जवान दिन-रात सीमा पर डटे रहकर देश की रक्षा कर रहे हैं। यदि कोई भी भारत की ओर आंख उठाएगा, तो उसका सपना चूर-चूर कर दिया जाएगा। हम न केवल शांति के पक्षधर हैं, बल्कि अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए सदैव तत्पर भी हैं। इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से न केवल एकता का संदेश गया, बल्कि यह भी साबित हुआ कि देश की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान के लिए हर नागरिक खड़ा है।

यात्रा के दौरान बच्चों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सभी की भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम के अंत में देश के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और यह संकल्प लिया गया कि भारत की एकता, अखंडता और गौरव के लिए सभी नागरिक एकजुट रहेंगे।

# सस्ती और असरदार स्वास्थ्य सेवाएं सबका अधिकार : डॉ. जसविंद्र

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

देश में सस्ती और प्रभावशाली स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने की दिशा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति को राष्ट्रीय स्तर पर कानूनी मान्यता देने की मांग उठाई गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए वर्ल्ड बायो केयर्स हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष और बायो केयर्स के संस्थापक डॉ. जसविंद्र सिंह ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि केंद्र सरकार भी राजस्थान मॉडल को अपनाएं। उन्होंने कहा कि सस्ती और असरदार स्वास्थ्य सेवाएं सबका अधिकार है।

डॉ. सिंह, जिन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सा क्षेत्र में कई पुरस्कार मिल चुके हैं, वर्षों से उन रोगियों का इलाज कर रहे हैं जिन्हें पारंपरिक चिकित्सा से राहत नहीं मिल पाई है। अबतक इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा से वह ऑटिज्म, एडीएचडी, सेरेब्रल पाल्सी और स्पीच डिसऑर्डर जैसी बीमारियों से



प्रभावित हजारों मरीजों को राहत दे चुके हैं।

उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार ने हाल ही में 30 अप्रैल को एक अधिसूचना जारी कर राज्य इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड का गठन किया है, जो एक मई से प्रभावी हो चुका है। इस पांच-सदस्यीय बोर्ड की अध्यक्षता आयुष विभाग के प्रमुख सचिव कर रहे हैं, जो कि इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा की शिक्षा, शोध और चिकित्सकों के पंजीकरण को विधिसम्मत रूप देने का कार्य करेगा। साथ ही, डॉ. सिंह ने उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में भी हो रहे प्रयासों का स्वागत किया है।

## आईआईजेएस ज्वैलर्स क्रिकेट लीग-2025 को ग्रैंड फाइनल पीसीए, मोहाली में

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ सर्राफा एसोसियेशन द्वारा उत्तरी भारत के ज्वैलर्स के बीच खेल भावना और आपसी सद्भाव को प्रोत्साहित करने की दिशा में आयोजित किए गए आईआईजेएस ज्वैलर्स क्रिकेट लीग (जेसीएल) 2025 का फाइनल आज रविवार को मोहाली स्थित पीसीए स्टेडियम में आयोजित होगा। ग्रेंड फाइनल में अमृतसर वारियर्स और जालंधर सुपर किंग्स का आमना-सामना होगा। 11 अप्रैल से शुरू हुई इस लीग में कुल दस टीमें भाग ले रहे थे। लीग का टाइटल पार्टनर आईआईजेएस यानि इंडिया इंटरनेशनल ज्वेलरी शो है, जो कि जेम एंड ज्वैलर्स एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल का प्रमुख आयोजन है। गत चार दशकों से यह यह इस कार्यक्षेत्र को संचालित कर रहा है और ज्वैलर्स बिरादरी और सेक्टर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। चंडीगढ़ सर्राफा एसोसिशन के अध्यक्ष वरुण चौहान ने कहा कि यह टूर्नामेंट ट्राइसिटी से आगे बढ़कर उत्तर भारत के ज्वैलर्स को क्रिकेट, आपसी भाईचारे और बिजनैस बांड के उत्सव में एकजुट करता है। उन्होंनें पीसीए स्टेडियम में होने वाले ग्रैंड फाइनल में सभी टीमों को चीयर करने के लिए आमंत्रित किया और साथ ही अगले सीजन को ओर भी बेहतर बनाने का वादा किया।

## मेरा भोला है भंडारी, करदा नंदी की सवारी...पर झूमे श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, मोहाली**



श्रीश्री 108 तपोनिष्ठ अग्निहोत्री संपूर्णानंद ब्रह्मचारी जी के पावन सानिध्य मे विश्व परमार्थ फाउंडेशन द्वारा शिव अमृत मंदिर सेक्टर 89 (नजदीक मानव मंगल स्कूल) मोहाली में पांच दिवसीय मंदिर परिसर में देव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्रीराम रसामृत वर्षा का भव्य कार्यक्रम हुआ। भजन संध्या मशहूर गायक कार शमशेर लहरी अपने भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कथा व्यास आचार्य संगम जी के श्रीमुख से श्रीराम रसामृत वर्षा में कथा व्यास आचार्य संगम जी द्वारा राम कथा का व्याख्यान किया।

कथा उपरांत भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक हंसराज रघुवंशी ने भजनों के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। भोलेनाथ लागी मेरी संघ लागी मेरी प्रीत तेरे संग, मेरे शंकरा, मेरा भोला है भंडारी, करता नंदी की सवारी आदि भजनों पर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर संजय टंडन सह प्रभारी हिमाचल प्रदेश भाजपा, कृष्ण लाल पवार मिनिस्टर हरियाणा सरकार, ज्ञान गुप्ता पूर्व स्पीकर हरियाणा सरकार आदि उपस्थित रहे।

## देश-विदेश

# दो घंटे की बारिश में ही हांफने लगी दिल्ली

## सड़कें पानी से लबालब, रेंगती हुईं दिखी गाड़ियां, कई फ्लाइट्स भी प्रभावित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

शनिवार रात को हुई बारिश से दिल्ली-एनसीआर में हाहाकार मच गया है। दो घंटे हुई बारिश ने दिल्ली का बुरा हाल कर दिया है। राष्ट्रीय राजधानी की सड़कें लबालब भर गईं, लोगों का चलना बेहाल हो गया। दिल्ली-एनसीआर से लेकर हरियाणा और पश्चिमी यूपी में आधी रात से आंधी-पानी ने मौसम का मिजाज बदल दिया। दिल्ली, नोएडा से लेकर गाजियाबाद तक में खूब तेज हवाएं चलीं। दिल्ली-एनसीआर में रविवार तड़के खूब झमाझम बारिश हुई। मौसम विभाग की मानें तो करीब 82 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। इससे मौसम में ठंडक तो आ गई, मगर लोगों के लिए परेशानी भी बढ़ गई।

दिल्ली में जगह-जगह सड़कों पर पानी भर गया। यहां-तहां अब गाड़ियां रेंगने लगीं। मौसम विभाग ने बताया कि शनिवार रात 11:30 बजे से रविवार सुबह 5:30 बजे तक 82 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चली और 3.2 इंच तक बारिश हुई। इसके चलते 100 से ज्यादा फ्लाइट प्रभावित हुईं। दिल्ली एयरपोर्ट ने बताया कि रात 11:30 बजे से सुबह 4 बजे तक 49 फ्लाइट्स डायवर्ट की गईं। (अनंत ज्ञान)




दिल्ली में बारिश के पानी से लबालब भरी सड़क से गुजरते वाहन।

### केरल के सभी जिलों में भारी बारिश

**मानसून** की एंट्री के बाद से केरल के सभी जिलों में भारी बारिश जारी है। 25 मई को भी तेज हवा और बारिश जारी है। इसके कारण कई पेड़ उखड़ गए, घर क्षतिग्रस्त हो गई, कई नदियों के उफान पर होने के चलते बांध ओवरफ्लो हो गए। इसके चलते कुछ बांधों के शटर खोले गए। वायनाड के लैंडस्लाइड प्रभावित इलाके चूरलमाला में 24 मई की रात से तेज बारिश जारी है। लोगों को दोबारा लैंडस्लाइड का डर सता रहा है। चूरलमाला-मुंडक्कई इलाके से गुजरने वाली पुन्नपुझा का वाटर लेवल बढ़ गया है। एजमकुलम में पेड़ उखड़कर कच्चे घर पर जा गिरा। कोझिकोड और कासरगोड में भी पेड़ गिरे हैं।

### 21 राज्यों में आंधी बारिश का अलर्ट

**मौसम** विभाग ने देश के 21 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा उत्तराखंड में ओले गिरने और राजस्थान में धूल भरी आंधी-हीटवेव की चेतावनी दी है। वहीं, रविवार से नौतपा की भी शुरुआत हो गई है, जो 2 जून तक रहेगा। इस दौरान भीषण गर्मी होती है।

## महाराष्ट्र पहुंचा मानसून

**एजेंसी, मुंबई**

केरल के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून महाराष्ट्र पहुंच गया है। इसके अगले तीन दिनों में मुंबई और कुछ अन्य हिस्सों में पहुंचने की उम्मीद है। यह आमतौर पर 7 जून के आसपास महाराष्ट्र और 11 जून को मुंबई पहुंचता है। भारतीय मौसम विभाग ने रविवार को बताया कि मानसून रविवार को अरब सागर, कर्नाटक, पूरे गोवा, महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों, उत्तरी बंगाल की खाड़ी और मिजोरम के कुछ हिस्सों, मणिपुर और नागालैंड के कुछ हिस्सों में पहुंच गया। मानसून की उत्तरी सीमा देवगढ़, बेलगावी, हावेरी, मांड्या, धर्मपुरी, चेन्नई, आइजोल, कोहिमा से होकर गुजरती है। महाराष्ट्र में तटीय कोंकण और मुंबई में पिछले दो दिनों से भारी प्री-मानसून बारिश हो रही है।

**तीन दिन के अंदर मुंबई में देगा दस्तक**

# रूस ने यूक्रेन पर दागीं मिसाइलें तीन बच्चों समेत 13 की मौत



यूक्रेन की राजधानी कीव पर हुए रूसी हमलों से हुई तबाही।

**एजेंसी, कीव**

रूस ने शनिवार रात यूक्रेन पर 3 साल में सबसे बड़ा हमला किया। यूक्रेनी एयरफोर्स के मुताबिक रूस ने कीव पर 367 हथियारों से हमले किए। इसमें 9 बैलिस्टिक मिसाइलें, 60 क्रूज मिसाइलें और 298 ड्रोन थे। एयरफोर्स ने दावा किया कि वे 266 ड्रोन और 45 मिसाइलों को मार गिराने में सफल रहे। हालांकि इस हमले में तीन बच्चों समेत 13 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हो गए। इससे पहले रूस ने 17 मई को यूक्रेन पर 273 ड्रोन से हमला किया था। यह तब यूक्रेन पर किया गया सबसे बड़ा ड्रोन हमला था। यह हमला ऐसे समय में हुआ है, जब यूक्रेन और रूस कैदियों की अदला-बदली की तैयारी कर रहे हैं। दोनों देश एक-दूसरे के 1000-1000 कैदियों को रिहा करेंगे।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से रूस पर एक्शन लेने की मांग की। उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा, 'अमेरिका और दुनिया के अन्य देशों की चुप्पी पुतिन को बढ़ावा देती है। रूस का ऐसा आतंकवादी हमला उस पर प्रतिबंध लगाने के लिए काफी है।' (अनंत ज्ञान)

### 614 कैदियों की अदला-बदली

**रूस** और यूक्रेन ने 24 मई को एक-दूसरे के 307-307 कैदियों की अदला-बदली की। शनिवार को हुए अदला-बदली की जानकारी रूस के रक्षा मंत्रालय और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर दी। जेलेंस्की ने लिखा, 'कल और रिहाई होने की उम्मीद है, हमारा लक्ष्य हर एक यूक्रेनी को रूस के कैद से वापस लाना है।' इससे पहले 23 मई को दोनों देशों ने 390-390 कैदियों को रिहा किया था। तीन दिनों में दोनों पक्षों से 1-1 हजार कैदियों को रिहा किया जाना है।

# अगर हमारी माताओं-बहनों का सुहाग उजाड़ा तो ऑपरेशन सिंदूर से जवाब मिलेगा : रविशंकर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले पर पाकिस्तान की सच्चाई बताने के लिए भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाला डेलीगेशन भारत से रवाना हो गया है। यह डेलीगेशन 25 मई से 7 जून तक यूरोप के छह देशों- फ्रांस, इटली, डेनमार्क, इंग्लैंड, बेल्जियम और जर्मनी का दौरा करेगा। रवाना होने से पहले रविशंकर ने कहा कि हम दुनिया को साफ-साफ बताएंगे कि भारत शांति और सद्भाव में विश्वास करता है, लेकिन अगर निर्दोष भारतीयों पर बर्बर हमला होता है तो उसका जवाब जरूर दिया जाएगा। अगर हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर कोई उजाड़ेगा तो उसे ऑपरेशन सिंदूर के जरिए जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि हम दुनिया को बताएंगे कि आतंकवाद एक वैश्विक कैंसर है और इसका केंद्र पाकिस्तान है। हम ये भी बताएंगे कि इस आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को एकजुट होकर एक ही आवाज में बोलने की जरूरत है। (अनंत ज्ञान)

### आतंकियों का घर है पाकिस्तान

**डेलीगेशन** में शामिल शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि हमारा संदेश बहुत स्पष्ट है। पाकिस्तान आज आतंकिस्तान बन गया है। सभी आतंकवादियों की जड़ें पाकिस्तान में पाई जाती हैं। आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस का हमारा संकल्प पाकिस्तान को कमजोर करेगा और उसके आतंकवादको खत्म करेगा। बता दें कि दुनिया को ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने के लिए भारत से सभी 7 डेलीगेशन रवाना हो चुके हैं।

**आह्वान** भारत इतना शक्तिशाली बने कि दुनिया की कई ताकतें मिलकर भी इसे जीत न सकें : भागवत

# हिंदू समाज की एकता से शक्तिशाली और धर्मनिष्ठ बनेगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू समाज की एकता पर जोर देते हुए कहा है कि भारत को सैन्य ताकत और आर्थिक रूप से इतना शक्तिशाली बनाया जाए कि दुनिया की कई ताकतें मिलकर भी उसे जीत न सकें।

उनका कहना है कि केवल ताकत से कुछ नहीं होगा, बल्कि शक्ति के साथ-साथ सद्गुण और धर्मनिष्ठा भी जरूरी है। अगर शक्ति के साथ नैतिकता न हो तो वह अंधी ताकत बन सकती है, जो कि हिंसा फैला सकती है। यह इंटरव्यू आरएसएस के मुखपत्र 'ऑर्गनाइजर' में छपा है। जानकारी के अनुसार, यह बातचीत करीब दो महीने पहले बंगलूरु में हुई संघ की शीर्ष बैठक (अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा) के बाद ली गई थी। (अनंत ज्ञान)



**शक्ति के साथ नैतिकता न हो तो वह अंधी ताकत बन जाएगी**

### ताकत के साथ धर्म की भी जरूरत

**मोहन** भागवत ने कहा, 'हमारी सीमाओं पर बुरी ताकतें लगातार सक्रिय हैं। हमें मजबूरी में ताकतवर बनना पड़ेगा, ताकि हम अपनी रक्षा खुद कर सकें। हम दूसरों पर निर्भर नहीं रह सकते।' उन्होंने दैनिक संघ प्रार्थना का जिक्र करते हुए कहा, 'हम प्रार्थना करते हैं 'अजय्यं च विश्वस्य देहि मे शक्ति' यानी ऐसी शक्ति दो कि हम विश्व में अजेय बनें।'उन्होंने साफ किया कि ताकत अकेले काम नहीं आएगी, बल्कि उसे धर्म और सदाचार के साथ जोड़ना होगा। सिर्फ बल हो और कोई दिशा न हो, तो वह हिंसक बन जाता है। इसलिए बल और धर्म दोनों साथ-साथ होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जब कोई विकल्प न हो, तो दुष्ट शक्तियों का खात्मा बलपूर्वक करना ही पड़ता है। हम यह ताकत दुनिया पर राज करने के लिए नहीं चाहते, बल्कि इसलिए कि हर कोई शांति, स्वास्थ्य और सम्मान से जी सके।

### बांग्लादेश के हिंदुओं का दिया उदाहरण

**भागवत** ने यह भी कहा कि दुनिया में कहीं भी अगर हिंदुओं पर अत्याचार होता है, तो उनके लिए काम किया जाएगा, लेकिन अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करते हुए। भागवत ने बताया कि बांग्लादेश में जब हाल में हिंदुओं पर अत्याचार हुआ, तो भारत में लोगों ने जिस तरह नाराजगी जाहिर की, वह पहले कभी नहीं देखा गया। 'अब बांग्लादेश के हिंदू भी कहने लगे हैं कि हम भागेंगे नहीं, अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे।'

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड



गुजरात टाइटंस



ऑरेंज कैप
**साई सुदर्शन**
638



राजस्थान रॉयल्स



पर्पल कैप
**प्रसिद्ध कृष्णा**
21



लखनऊ सुपर जायंट्स

सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
40

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | 13 | 09 | 04 | 00 | 18 |
| 2. | पंजाब | 13 | 08 | 03 | 01 | 17 |
| 3. | बेंगलुरु | 13 | 08 | 04 | 01 | 17 |
| 4. | मुंबई | 13 | 08 | 05 | 00 | 16 |
| 5. | दिल्ली | 14 | 07 | 06 | 01 | 15 |
| 6. | लखनऊ | 13 | 06 | 07 | 00 | 12 |
| 7. | कोलकाता | 13 | 05 | 06 | 02 | 12 |
| 8. | हैदराबाद | 13 | 05 | 07 | 01 | 11 |
| 9. | राजस्थान | 14 | 04 | 10 | 00 | 08 |
| 10. | चेन्नई | 13 | 03 | 10 | 00 | 06 |

## स्पोर्ट्स विंडो

### बॉक्सिंग खिलाड़ियों को देंगे हरसंभव सहायता : महेंद्र सतान



आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर। कुमारसैन उपमंडल के सर्किट हाउस नारकड़ा में प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र सतान ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में बॉक्सिंग खेल को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस दौरान जिला परिषद सदस्य कुमारसैन उज्ज्वल सैन मेहता विशेष तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने भी युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने और स्थानीय स्तर पर खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने भविष्य में बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन की

### मोर्गन-तारा की खूबसूरत जोड़ी

**इंगलैंड।** पूर्व इंग्लिश कप्तान इयोन मोर्गन की पत्नी तारा रिजवे भी काफी खूबसूरत हैं। तारा ऑस्ट्रेलिया की रहने वाली हैं। बताया जाता है कि दोनों कपल्स पहली बार एडिलेड में चल रहे एशेज सीरीज के दौरान आमने-सामने आए थे। तारा लंदन में फैशन इंडस्ट्री की एक नामचीन कंपनी की मार्केटिंग को-ऑर्डिनेटर हैं।



### अवनी जेबरा लेडीज ओपन में भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष पर रही

**एजेंसी, एवियन ले बेंस।** भारतीय गोल्फर अवनी प्रशांत आखिरी दौर में दो-अंडर 69 कार्ड के साथ जेबरा लेडीज ओपन में संयुक्त 28वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष पर रही। कट में जगह बनाने वाली अन्य भारतीयों में हिताशी बक्शी और त्वेसा मलिक क्रमशः संयुक्त 34वें और संयुक्त 39वें स्थान पर रहीं। चेक गणराज्य की खिलाड़ी सारा कोसकोवा ने अंतिम चरण में चार-अंडर पार के शानदार कार्ड के साथ अपने करियर का पहला एलईटी खिताब जीता। उन्होंने दूसरे स्थान पर रही शैनन टैन को दो शॉट्स से हराया। कोसकोवा ने 67 का कार्ड खेल कुल 10-अंडर का स्कोर बनाया जबकि शैनन (68) का कुल स्कोर 8-अंडर था। अवनी का कुल स्कोर 213 का रहा, जबकि दूसरे दौर तक शानदार स्थिति में रही हिताशी ने छह ओवर 77 के कार्ड के साथ निराशाजनक प्रदर्शन किया। त्वेशा ने आखिरी दौर में एक अंडर 70 का कार्ड खेला। (अनंत ज्ञान)



## आईपीएल गुजरात टाइटंस की शीर्ष दो की उम्मीद को लगा झटका

# कॉनवे-ब्रेविस के अर्द्धशतक से जीता चेन्नई



शॉट खेलता डेवाल्ड ब्रेविस।

**एजेंसी, अहमदाबाद**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने डेवोन कॉनवे और डेवाल्ड ब्रेविस के अर्द्धशतकों के बाद शानदार गेंदबाजी से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटंस को 83 रन से शिकस्त दी जिसकी तालिका में शीर्ष दो में रहने की उम्मीदों को झटका लगा। गुजरात के नेट रन रेट पर इस हार से काफी असर पड़ा लेकिन वह फिर भी 14 मैच में 18 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए गुजरात की टीम उम्मीद करेगी कि अंतिम लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (17 अंक) की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स से हार जाए। मुंबई इंडियंस (16 अंक) और पंजाब किंग्स (17 अंक) के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता टीम तालिका में गुजरात टाइटंस से ऊपर पहुंच जाएगी। वहीं सीएसके पहली बार आईपीएल में तालिका में अंत में रहेगी।

अनुभवी क्रिकेटर कॉनवे (35 गेंद में 52 रन) और ब्रेविस (23 गेंद में 57 रन) ने विपरीत अंदाज में अर्धशतक जड़े जिससे सीएसके ने पांच विकेट पर 230 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया, पर इस लक्ष्य के जवाब में गुजरात की टीम 18.3 ओवर में 147 रन पर सिमट गई। गुजरात के लिए केवल छह बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके जबकि साई सुदर्शन 41 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। शुभमन गिल को शनिवार को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था। गुजरात के फॉर्म में चल रहे कप्तान गिल 13 रन बनाकर आउट होने वाले पहले खिलाड़ी रहे। इसके बाद लगातार विकेट गिरने का सिलसिला जारी रहा। टीम ने पावरप्ले में 35 रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए थे।

साई सुदर्शन 10वें ओवर तक टिके रहे, वह आउट होने वाले पांचवें खिलाड़ी रहे। उन्होंने और शाहरूख खान (19 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 34 गेंद में 55 रन जोड़े। इसके अलावा टीम के लिए कोई महत्वपूर्ण साझेदारी नहीं बनी। सीएसके के लिए तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने 13 रन देकर तीन विकेट झटके। नूर अहमद ने 21 रन देकर तीन और रविंद्र जडेजा ने 17 रन देकर दो विकेट प्राप्त किए। इससे पहले सीएसके के बल्लेबाजों ने कप्तान एमएस धोनी के टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के फैसले के बाद शानदार शुरुआत कराई।

सीएसके के लिए आयुष म्हात्रे (34 रन, 17 गेंद पर)और उर्विल पटेल (37 रन, 19 गेंद पर) ने तेज शुरूआत की। इन दोनों ने क्रमशः 200 और 194 के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर सुनिश्चित किया कि टीम तेजी से रन बनाए। चेन्नई की टीम ने 3.4 ओवर में 44 रन बनाकर शानदार शुरुआत की जो म्हात्रे के तेज गेंदबाज अरशद खान के ओवर में बनाए गए 28 रन से ही संभव हो सका। म्हात्रे ने दूसरे ओवर में अरशद के ओवर में 2, 6, 6, 4, 4, 6 रन बनाए। चेन्नई ने इस लय को बरकरार रखा। (अनंत ज्ञान)

### स्कोर बोर्ड

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| म्हात्रे क. सिराज ब. कृष्णा | 34 | 17 | 3/3 |
| कॉनवे ब. राशिद खान | 52 | 36 | 6/2 |
| पटेल क. गिल ब. साई | 37 | 19 | 4/2 |
| दुबे क. कूट्जी ब. शाहरुख | 17 | 08 | 0/2 |
| ब्रेविस क. बटलर ब. कृष्णा | 57 | 23 | 4/5 |
| जडेजा (नाबाद) | 21 | 18 | 1/1 |
| अतिरिक्त | 12 | | |
| कुल : (20 ओवर) | 230/5 | | |

**विकेट पतन** : 1-44, 2-107, 3-144, 4-156, 5-230.
**गेंदबाजी :** सिराज 4-0-47-0, अरशद 2-0-42-0, कृष्णा 4-0-22-2, कूट्जी 3-0-34-0, साई 2-0-23-1, राशिद 4-0-42-1, शाहरुख 1-0-13-1.

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सुदर्शन क. पटेल ब. कंबोज | 41 | 28 | 6/0 |
| गिल क. पटेल ब. कंबोज | 13 | 09 | 1/1 |
| बटलर क. कंबोज ब. अहमद | 05 | 07 | 0/0 |
| दरफोर्ड क. म्हात्रे ब. कंबोज | 00 | 04 | 0/0 |
| शाहरुख क. पथिराना ब. जडेजा | 19 | 15 | 0/2 |
| तवेतिया क. दुबे ब. नूर | 14 | 10 | 1/0 |
| राशिद क. पटेल ब. नूर | 12 | 08 | 1/1 |
| कूट्जी ब. पथिराना | 05 | 05 | 1/0 |
| अरशद ब. नूर | 20 | 14 | 0/3 |
| साई किशोर ब. धोनी क. कंबोज | 03 | 07 | 0/0 |
| सिराज (नाबाद) | 03 | 04 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 12 | | |
| कुल : (20 ओवर) | 147/10 | | |

**विकेट पतन** : 1-24, 2-29, 3-30, 4-85, 5-86, 6-105, 7-110, 8-126, 9-142, 10-147.
**गेंदबाजी** : जडेजा 3-0-17-2, अहमद 3-0-17-1, कंबोज 2.3-0-13-3, दुबे 2-0-33-0, नूर 4-0-21-3, पथिराना 3-0-29-1, हूडा 1-0-15-0.

## ट्रेविस हेड ने कोलकाता के गेंदबाजों को जमकर धोया



रन 76
गेंद 40
चौथे 06
छक्के 06

शॉट खेलता ट्रेविस हेड।

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईपीएल का 67वां मैच सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया। हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। दोनों टीमों के बीच पिछले सीजन का फाइनल हुआ था, लेकिन इस बार दोनों प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी। आज का मैच जीतने वाली टीम छठे नंबर पर पहुंच जाएगी।

पहले बल्लेबाजी करने उतरे सनराइजर्स के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। दोनों बल्लेबाजों ने कोलकाता के गेंदबाजों की खूब धुनाई की। अभिषेक शर्मा ने 16 गेंदों में 32 रन बनाए और उन्हें सुनील नरेन ने रिंकू सिंह के हाथों कैच करवाया। उसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे हेनरिक क्लासेन ने हेड का खूब साथ दिया। हेड 40 गेंदों में 76 रन बनाए और रसेल को कैच दे बैठे। समाचार लिखे जाने तक हैदराबाद ने 13 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 175 रन बना लिए थे। क्लासेन (53) रन पर खेल रहे थे और उनका साथ ईशान किशन दे रहे थे। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली को 2-1 से हराया

**एजेंसी, रोसारियो ( अर्जेंटीना )**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली को 2-1 से हराकर यहां चार देशों के टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत के लिए सुखवीर कौर (39वें मिनट) और कनिका सिवाच (58वें मिनट) ने गोल किए, जबकि चिली के लिए जावेरीया सैंज (20वें मिनट) ने एकमात्र गोल किया।

जावेरीया ने 20वें मिनट में गोल करके चिली को बढ़त दिलाई जिससे दूसरे हाफ में भारतीय टीम दबाव में रही। भारत ने हालांकि, तीसरे क्वार्टर में सुखवीर के 39वें मिनट के गोल से बराबरी हासिल की। फिर कनिका ने 58वें मिनट में गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। भारत का अगला मुकाबला अब रविवार (भारतीय समयानुसार सोमवार) को उरुग्वे से होगा। (अनंत ज्ञान)

## बहुत समय से टेस्ट टीम में वापसी का इंतजार था : करुण नायर

**एजेंसी, जयपुर**

पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल के इस सत्र के आखिरी मैच में छह विकेट से मिली जीत में अहम भूमिका निभाने वाले दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज करुण नायर ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में वापसी पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि उन्हें इसका लंबे समय से इंतजार था।



33 वर्षीय नायर को 2024-25 सत्र में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद 20 जून से शुरू होने वाले इंग्लैंड के पांच मैचों के टेस्ट दौरे के लिए शनिवार को 18 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया। उन्होंने भारत के लिए पिछली बार 2017 में खेला था। नायर ने मैच के बाद कहा,''शानदार लग रहा है और हम इसके हकदार थे। हम इस सत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके, लेकिन इस मैच में हमने दिखा दिया कि हमारी टीम अच्छी थी, लेकिन कुछ मैच खराब गए।'' (अनंत ज्ञान)

## हेजलवुड आईपीएल प्लेऑफ से पहले आरसीबी से जुड़े

**एजेंसी, लखनऊ**

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड इंडियान प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ मुकाबलों से पहले रविवार को अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से जुड़ गए। आरसीबी को प्लेऑफ से पहले लीग चरण में मंगलवार को यहां अपना आखिरी मुकाबला खेलना है। हेजलवुड की वापसी से टीम का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत होगा।



भारत और पाकिस्तान के सैन्य संघर्ष के कारण हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे। वह इस दौरान वह कंधे की मामूली चोट से भी जूझ रहे थे। जिससे अब पूरी तरह से उबर चुके हैं। हेजलवुड ने आरसीबी की ओर से जारी वीडियो में कहा, ''यह निश्चित रूप से शानदार है कि मैं वापस आ गया हूं। घर पर कुछ सप्ताह बिताना अच्छा रहा। मैंने ब्रिस्बेन में गेंदबाजी का काफी अभ्यास किया।'' उन्होंने कहा, ''सब कुछ अच्छा है। उम्मीद है कि फिर से गेंदबाजी शुरू कर पाउंगा। कल अभ्यास सत्र के दौरान मैदान पर उतरने का इंतजार है।''

यह 34 वर्षीय अनुभवी गेंदबाज ब्रिस्बेन में अभ्यास कर रहा था जो अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया की तैयारी का हिस्सा है। उन्हें क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की मेडिकल टीम द्वारा निगरानी में रखा गया था। (अनंत ज्ञान)

## श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में हारे

**एजेंसी, कुआलालंपुर**



भारतीय खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत रविवार को यहां मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में चीन के विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी ली शी फेंग से सीधे गेम में हारकर उपविजेता रहे और लंबे समय से चला आ रहा उनके खिताब का सूखा खत्म नहीं हो सका।

चोटों और मौकों को गंवाने के बाद वापसी करने वाले 32 वर्षीय श्रीकांत ने छह साल में पहली बार बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल में जगह बनाई। क्वालीफायर से शुरुआत करने के बाद फाइनल तक पहुंचे इस भारतीय का शानदार अभियान 36 मिनट में दूसरे वरीय शी फेंग से 11-21, 9-21 से मिली हार से खत्म हो गया। वह शी फेंग के मजबूत रक्षण को भेदने में संघर्ष करते दिखे और शुरुआती मौकों को भुनाने में भी असफल रहे।

श्रीकांत ने मैच के बाद कहा, ''यह सप्ताह काफी अच्छा रहा। यह मेरा सत्र का तीसरा टूर्नामेंट है, पहले दो टूर्नामेंट में भी मैंने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन ज्यादा सफलता नहीं मिली। अब तक जिस तरह से खेल रहा हूं, उससे मैं काफी खुश हूं। आज मैं जिस तरह से खेलना चाहता था, वैसा नहीं हुआ, लेकिन वह (शी फेंग) काफी अच्छा खेले।'' उन्होंने कहा, ''मेरे करियर में एक ऐसा समय था जब मैं वहां खड़े रहने का आदी था और फिर काफी समय बीत गया। इसलिए पोडियम पर वापस आना वाकई खास लगता है।'' इस हार के बावजूद यह उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से काफी प्रभावित किया। (अनंत ज्ञान)

## गिल के लिए इंग्लैंड में भारत की अगुवाई करना चुनौतीपूर्ण : पुजारा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिग्गज टेस्ट खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा ने रविवार को कहा कि इंग्लैंड की कठिन परिस्थितियों में भारत की कप्तानी करना शुभमन गिल जैसे युवा खिलाड़ी के लिए एक चुनौती होगी। पुजारा ने कहा कि यह गिल के लिए एक बड़ा मौका भी होगा। वह इस दौरे पर अगर कप्तान के तौर पर सफलता हासिल करते हैं तो इससे उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। गिल को शनिवार को रोहित शर्मा की जगह नया टेस्ट कप्तान बनाया गया। पुजारा ने कहा, ''आप युवा हो या अनुभवी अगर कप्तान के रूप में विदेश जाते हैं तो यह चुनौतीपूर्ण होगा। इंग्लैंड में शुरुआत करना शुभमन के लिए आसान नहीं होगा, लेकिन यह एक युवा खिलाड़ी के लिए शानदार मौका है। वह इंग्लैंड में अगर अच्छी कप्तानी करता है तो इससे उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा।''



## विश्व चैंपियन गुकेश नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट की चुनौती के लिए तैयार

**एजेंसी, स्टावेंगर ( नॉर्वे )**

क्लासिकल शतरंज शैली में सबसे कड़े प्रतिद्वंद्वियों को मात देने की क्षमता रखने वाले विश्व चैंपियन डी गुकेश और अर्जुन एरिगेसी सोमवार से शुरू होने वाले नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। इस टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे शीर्ष खिलाड़ी भी चुनौती पेश करने के लिए तैयार है।



शतरंज कैलेंडर पर सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक नॉर्वे शतरंज में पुरुष और महिला वर्ग में छह-छह खिलाड़ी शामिल हैं। इसे 'डबल राउंड-रॉबिन' प्रारूप में खेला जाता है। महिला वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व दो बार की महिला विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी और आर वैशाली करेंगी। यह पहली बार है जब पुरुष वर्ग में भारत के दो खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे, जिससे टूर्नामेंट में भारत के लिए पहला खिताब जीतने की उम्मीद बढ़ गई हैं।

पुरुष वर्ग में कार्लसन और अमेरिका के ग्रैंडमास्टर नाकामुरा जबकि महिला वर्ग में चीन की जू वेनजुन और ली टिंगजी की महिला जोड़ी को मात देना आसान नहीं होगा। नाकामुरा विश्व रैंकिंग में कार्लसन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। इसके बाद गुकेश (विश्व नंबर तीन) और एरिगेसी (नंबर चार) का स्थान है। इन दोनों को स्थानीय कार्लसन और नाकामुरा के डिफेंस को भेदने के लिए बहुत धैर्य और एकाग्रता की आवश्यकता होगी। (अनंत ज्ञान)

## जीत और हार हमारे हाथ में नहीं: रिजवी

**एजेंसी, जयपुर।** पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में बेहतरीन अर्द्धशतक लगाने वाले दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज समीर रिजवी ने कहा कि उनकी टीम आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन करने के बाद भी प्लेऑफ में पहुंचने में नाकाम रही। इस 21 साल के आक्रामक बल्लेबाज ने 25 गेंद में पांच छक्के और तीन चौके की मदद से नाबाद 58 रन बनाए, जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को यहां जीत के लिए मिले 207 रन के मुश्किल लक्ष्य को तीन गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। दिल्ली को छह विकेट से शानदार जीत दिलाने के बाद रिजवी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''जीतना या हारना हमारे हाथ में नहीं है। हमारे नियंत्रण में अच्छा क्रिकेट खेलना है। सभी ने पूरे टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। हम प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाए, लेकिन टीम ने कुल-मिलाकर बेहतरीन प्रयास किया।'' दिल्ली कैपिटल्स ने इस तरह अपने अभियान को सात जीत, छह हार और एक बेनतीजा मैच के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर समाप्त किया। टीम ने लगातार चार मैच जीतकर सत्र की शानदार शुरुआत की थी, लेकिन बाद में उनके प्रदर्शन में गिरावट आ गई। (अनंत ज्ञान)



## क्रिकेट पंजाब किंग्स तालिका में दूसरे स्थान पर, मुंबई से हारी तो तीसरे या चौथे स्थान पर पहुंच जाएगी

# शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए मुंबई का सामना पंजाब से

**एजेंसी, जयपुर**

मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने अंतिम लीग चरण के मुकाबले में जब एक-दूसरे का सामना करेंगे तो शीर्ष दो में जगह बनाने की कोशिश में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरा जोर लगाएंगे।



गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स ने लीग के चरण के कई मैच बाकी रहते ही आईपीएल प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है। इन टीम के बीच शीर्ष दो में जगह बनाने की होड़ है ताकि फाइनल में पहुंचने के लिए टीम को एक अतिरिक्त मौका मिल सके। पंजाब 17 अंकों के साथ तालिका में अभी दूसरे स्थान पर है लेकिन मुंबई से हारने पर वह तीसरे या चौथे स्थान पर पहुंच जाएगी, जिससे टीम को 30 मई को एलिमिनेटर के लिए तैयार होना पड़ेगा। पंजाब के लिए शीर्ष दो में रहना मुश्किल है, क्योंकि उन्हें मुंबई की मजबूत टीम के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद यह भी उम्मीद करनी होगी कि गुजरात (18 अंक) और आरसीबी (17 अंक) अपने-अपने अंतिम मैच हार जाएं।

पंजाब को पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद अब शीर्ष दो में आने के लिए मुंबई इंडियंस के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। मुंबई इंडियंस का नेट रन रेट प्लेऑफ में क्वालीफाई करने वाली टीमों में सबसे बेहतर है। टीम अगर पंजाब किंग्स को हराने में सफल रही तो यह उसके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। ऐसी स्थिति में गुजरात टाइटंस और आरसीबी अपने-अपने आखिरी मैचों को हारते हैं तो मुंबई की टीम शीर्ष दो में होगी। सवाई मान सिंह स्टेडियम की छोटी बाउंड्री और बल्लेबाजी के लिए आसान परिस्थितियां इस मैच को बड़े स्कोर वाला मुकाबला बनाने का संकेत देते हैं। इसमें दोनों टीमों की गेंदबाजी योजनाओं की परीक्षा होगी। इस मामले में हालांकि, जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस का पलड़ा भारी दिख रहा है। बुमराह ने इस आईपीएल के इस सत्र में सिर्फ नौ मैचों में 16 विकेट लिए हैं। उन्होंने चोट के कारण तीन महीने तक खेल से दूर रहने के बाद फॉर्म और फिटनेस में वापसी का संकेत दे दिया है।

आईपीएल अब निर्णायक चरण में पहुंच गया है ऐसे में इन दोनों को अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखनी होगी। पंजाब को अपने सलामी बल्लेबाजों की जोड़ी प्रभसिमरन सिंह (486) और प्रियांश आर्य (362) से मजबूत शुरुआत की उम्मीद होगी, जिससे मध्यक्रम बेखौफ होकर बल्लेबाजी कर सके। दिग्गज रोहित शर्मा के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है, लेकिन टीम को इस अनुभवी बल्लेबाज से अहम मैच में बड़ी पारी की उम्मीद है। मुंबई इंडियंस के लिए तिलक वर्मा के फॉर्म में गिरावट थोड़ी चिंता की बात है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पांड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), श्रीजीत कृष्णन (विकेटकीपर), बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिचेल सेंटनर, राज अंगद बावा, रघु शर्मा, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, जसप्रीत बुमराह।

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहल वढेरा, विष्णु विनोद (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), हरनूर पन्नू, पी अविनाश, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बराड़, मार्को यानसेन, अजमतुल्लाह उमरजई, प्रियांश आर्य, आरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, अर्शदीप सिंह, वी. विजयकुमार, यश ठाकुर, कुलदीप सेन जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे, काइल जैमीसन।